www.mpinfo.org/rojgar | www.mpmadhyam.in
डाक पंजीयन क्र. ई-2/भो.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

वर्ष-37, अंक-05, मूल्य ₹10.00

रोज़गार और निर्माण

http://www.rojgaraurnirman.in

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 03.02.2020 से 09.02.2020

गणतंत्र दिवस पर संदेश

उद्योगों को समयबद्ध अनुमतियां देने बनेगा कानून - मुख्यमंत्री

इंदौर, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने इंदौर में गणतंत्र दिवस पर आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि मध्यप्रदेश में उद्योग चलाने और लगाने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिये जल्दी ही मध्यप्रदेश एक नया कानून बनाएगा। इसमें सभी तरह की अनुमतियां अधिकतम सात दिनों में मिलेंगी। सात दिन में अनुमतियां न मिलने पर उसे अनुमति मान लिया जाएगा। इससे ऐसी आर्थिक गतिविधियां बढ़ाने में मदद मिलेगी, जिनमें रोज़गार का सृजन होता है। नए उद्योगों में प्रदेश के युवाओं के लिए 70 प्रतिशत रोज़गार अनिवार्य किया गया है। रियल एस्टेट सेक्टर में रोज़गार की संभावनाओं को देखते हुए इसमें लगने वाली 27 अनुमतियों की संख्या को घटाकर पांच कर दिया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा गणतंत्र दिवस पर दिये गये संदेश के सम्पादित अंश यहां प्रकाशित किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ इंदौर में गणतंत्र दिवस समारोह में परेड का निरीक्षण करते हुये।

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने नागरिकों से गण और तंत्र के रिश्तों को परिणामकारी बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गण और तंत्र दोनों अपने नजरिये को बदलें, अपनी सोच बदलें और परिवर्तनों को अपनायें। उन्होंने संविधान के शिल्पी भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर और संविधान सभा के सदस्यों का स्मरण किया।

अजजा प्लान पुनः लागू कराने का प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने अनुसूचित जनजाति प्लान बनाने की प्रथा को खत्म कर दिया है। इससे इन क्षेत्रों के विकास में लगने वाली राशि के आकलन का काम कठिन हो गया है। अब भारत सरकार से चर्चा कर इसे पुनः लागू कराने का प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि जीएसटी के कारण भारत सरकार से पिछले एक साल में राज्य को मिलने वाली राशि में कमी हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी के सपने को साकार करने के लिए विजन-टू-डिलीवरी रोड मैप 2020-25 बनाया गया है। वर्ष 2025 तक मध्यप्रदेश को देश के सर्वश्रेष्ठ प्रदेशों में एक बनाना सरकार का लक्ष्य है।

किसानों की ऋण माफी

खेती को लाभकारी बनाने की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने कहा कि एक साल में लगभग 20 लाख किसानों के ऋण माफ किए जा चुके हैं। इसमें 2 लाख रुपये तक के कालातीत फसल ऋण और 50 हजार रुपये तक के चालू फसल ऋण हमने माफ किए हैं। ऋण माफी का दूसरा चरण अब शुरू हो गया है। जिसमें एक लाख रुपये तक के चालू फसल ऋण और 2 लाख रुपये तक के कालातीत फसल ऋण के बचे किसानों की ऋण माफी का काम किया जा रहा है।

भंडारण क्षमता की नई योजना 'भविष्य'

प्रदेश में भंडारण क्षमता को बढ़ाने के लिए एक नई योजना 'भविष्य' शुरू करने का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 30 लाख टन भण्डारण की अतिरिक्त क्षमता का निर्माण करने की योजना है। प्रदेश की सिंचाई क्षमता को 60 लाख हेक्टेयर तक करने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 हॉर्स पावर तक के स्थायी कृषि पंप कनेक्शन के बिजली बिल आधे किए जा चुके हैं। हमने इंदिरा गृह ज्योति योजना लागू कर दी है। इस योजना के अंतर्गत प्रदेश के एक करोड़ से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं को लाभ मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संभागीय मुख्यालयों में स्थित आईटीआई संस्थानों को मेगा आईटीआई में परिवर्तित किया जायेगा। प्रत्येक गांव को सड़क, बिजली और ब्रॉड बैंड यानी इंटरनेट सुविधा से जोड़ा जायेगा। उन्होंने कहा कि 40 लाख आवासहीन परिवारों के लिये आवास की व्यवस्था की जायेगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पानी के अधिकार को लेकर कानून बनाने का काम शुरू हो गया है। इसी प्रकार एक हजार गौशाला बनाने का काम शुरू किया गया है। गौशाला को चारा-भूसा का रोजाना मिलने वाला अनुदान तीन रुपये से बढ़ाकर 20 रुपये प्रति गौवंश कर दिया गया है।

वनाधिकार प्रकरणों में एक माह में अंतिम निर्णय

मुख्यमंत्री ने कहा कि वनाधिकार संबंधी प्रकरणों पर अगले एक माह में अंतिम निर्णय ले लिया जाएगा। आदिवासी बंधुओं के साहूकारी कर्ज को माफ करने के लिये अधिनियम बनाकर भारत सरकार को भेजा जा चुका है। अब प्रयास है कि इसे शीघ्र स्वीकृति मिल जाए।

श्री कमल नाथ ने कहा कि आदिवासी परिवारों में जन्म पर 50 किलो अनाज और मृत्यु पर 100 किलो अनाज निःशुल्क देने के लिए 'मदद योजना' लागू की गई है। आदिवासी समुदाय के देव-स्थानों के संरक्षण के लिये 'आष्ठान' योजना लागू की गयी है। इस वर्ष गोंडी कला वर्ष मनाया जा रहा है। रानी दुर्गावती, बादल भोई, टंट्या भील और जनगणसिंह श्याम स्मृति पुरस्कार स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अब इंटरव्यू और प्रमोशन समितियों में अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधि को रखना जरूरी है।

विश्व स्तरीय पर्यटन नक्शे पर लाया जाएगा मध्यप्रदेश

पर्यटन की संभावनाओं का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन संभावनाओं का अभी तक सही उपयोग नहीं हुआ है। यहां की संस्कृति, विरासत, जल क्षेत्र और वन्य-प्राणी पूरे विश्व को आकर्षित करने की क्षमता रखते हैं। इनका सही ढंग से दोहन करते हुए प्रदेश को विश्व स्तरीय पर्यटन नक्शे पर लाया लायेगा, जिससे प्रदेश के लोगों को आर्थिक लाभ के साथ-साथ रोज़गार प्राप्त हो।

शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने गठित होगी शिक्षाविदों की परिषद्

शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सेक्टर बहुत बड़ी चुनौती है। स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर करने के लिये करीब 21 हजार शिक्षकों की भर्ती की जा रही है। प्राथमिक शाला शिक्षकों की भर्ती का काम भी शुरू हो चुका है। गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए राज्य स्तर पर प्रसिद्ध शिक्षाविदों को लेकर परिषद् का गठन किया जायेगा, जिसके सुझावों पर समयबद्ध तरीके से काम होगा। उन्होंने कहा कि पिछले दो सत्रों में सात नए मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किए जा चुके हैं और छह अन्य कॉलेजों की स्वीकृति की कार्यवाही जारी है।

श्री कमल नाथ ने कहा कि मुख्यमंत्री कर्मचारी स्वास्थ्य बीमा योजना से साढ़े बारह लाख कर्मचारी और पेंशनर लाभान्वित होंगे। कर्मचारियों की वर्षों से लंबित समस्याओं को हल करने के लिए कर्मचारी आयोग की स्थापना भी की गई है।

निरन्तर जारी रहेगा 'शुद्ध के लिये युद्ध' अभियान

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'शुद्ध के लिये युद्ध' अभियान निरंतर जारी है। अमानक दवाइयों, नकली खाद, बीज, कीटनाशक का उत्पादन और बिक्री करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

नर्मदा महोत्सव

दिल जोड़ने की संस्कृति को बनाएंगे समृद्ध - मुख्यमंत्री

अनूपपुर, दिल जोड़ने की संस्कृति को समृद्ध बनाने के साथ ही सोच और व्यवस्था में परिवर्तन करके हम मध्यप्रदेश को एक नई पहचान देंगे। आने वाले समय में हमारे प्रदेश की तुलना देश के अग्रणी राज्यों के साथ होगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने अमरकंटक में नर्मदा महोत्सव 2020 का शुभारंभ करते हुये कहीं।

मध्यप्रदेश में समावेशित हैं विभिन्न संस्कृतियां

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के हृदय प्रदेश, मध्यप्रदेश में विभिन्न संस्कृतियों का समावेश है। मालवा, निमाड़, महाकौशल, विंध्य क्षेत्र की अलग-अलग संस्कृतियों में आपसी सद्भाव, भाईचारा और प्रेम की भावना मजबूत है। यही विशेषता हमारे देश की है। भारतीय संस्कृति एक ऐसी संस्कृति है, जो सबको समेट कर एक झण्डे के नीचे लाकर खड़ा करती है, यही भारत की महानता है, जिसे पूरा विश्व आश्चर्य की नजर से देखता है। हमें इसी दिल जोड़ने वाली संस्कृति को और अधिक मजबूत बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नर्मदा महोत्सव को आगे भी निरंतर रखा जाएगा। इसे एक आदर्श पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे इस क्षेत्र के जनजीवन में बदलाव आए और इसके जरिए लोगों को रोज़गार मिले।

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ अनूपपुर जिले के अमरकंटक में नर्मदा महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर मां नर्मदा की पूजा-अर्चना करते हुये।

साढ़े दस माह में काम करने की नियत और नीति का परिचय दिया

श्री कमल नाथ ने कहा की 13 महीने पुरानी सरकार ने मात्र साढ़े दस माह के अपने कार्यकाल में अपनी नीति और नियत से बताया है कि हमारा लक्ष्य प्रदेश का संपूर्ण विकास करना है। हम एक ऐसा प्रदेश बनाना चाहते हैं, जहां हर वर्ग में खुशहाली हो। एक नई कार्य संस्कृति हो, शासन-प्रशासन की नई सोच हो और सरकार की योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को मिले, यही सुनिश्चित करें।

पंद्रह साल में जितने उद्योग लगे नहीं, उससे ज्यादा बंद हो गए

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती है कि प्रदेश में निवेश आए, निवेश के लिए भरोसे का वातावरण बने। पिछले 15 वर्षों में भरोसे के अभाव में जितने उद्योग लगे नहीं, उससे अधिक बंद हो गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले एक वर्ष में प्रदेश में निवेश का एक नया वातावरण बना है। इस अवसर पर मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष श्री नर्मदा प्रसाद प्रजापति ने कहा कि अमरकंटक नर्मदा महोत्सव की शुरुआत करके मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने सनातन धर्म की परंपरा का सम्मान किया है।

प्रयासKSG
An institute for MPPSC Examination
UPSC में 2000 से अधिक सलेक्शन देने के बाद MPPSC को समर्पित KSG का प्रतिबद्ध संस्थान- प्रयासKSG
Build Your Own Success Story
Our Proud Achievers — MPPSC
Rachna Sharma 2nd Rank
Gagan Bisen 8th Rank
Tanmay 15th Rank
तैयारी जीत की
MPPSC 2020
PRE+MAINS WITH STUDY MATERIAL
New Batch Starting from 1st MARCH 2020
DEMO CLASSES ON 7th-8th-9th FEB. 2020
Both English and Hindi Medium
दिल्ली एवं म.प्र. के अनुभवी शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन
Shreeram
Plot No. 43, S-1 & S-3, 2nd Floor,
R.R. Arcade, Zone-II, M.P. Nagar, Bhopal
7223901339, 0755-4940022
R-43411/2020

SHRI UMIYA KANYA MAHAVIDYALAYA
Affiliated by Devi Ahilya Vishwavidyalaya, Indore
Umiya Dham, Rangwasa - Rau, Indore - 453331
Email : principal.sukm@gmail.com, Contact : +91 9893075050
STAFF REQUIRED FOR B.ed
(1) Principal : M.Sc / M.Com/ M.A./ M.ed/ (55%) + Ph.D in Education.
(2) Lecturer : Education (4), Science, Mathematics, Commerce, Economics, English, Hindi, Sanskrit, Geography, History, Computer Science, Social Science an other each one.
★Qualification: M.Sc. / M.Com./ M.A./ M.C.A./ (55%), B.ed./ M.ed. (55%) NET/ SLET/ Ph.D.
(3) P.T.I : M. P. E.
(4) Performing Art : Qualification: PG in Music/Dance/Theater Arts with minimum (55%).
(5) Visual Art : M. F. A. (55%)
Eligibility of candidate should be according NCTE / DAVV norms. Appointments shell be done under college code 28. Interested candidate must serch the office within 10 days with resume, certificates, other testimonial and two latest photos. Female candidate shell be given first priority.
Secratory
Umiya Girls College, Rau, Indore
neelsun
R-43409/2020

SHRI YASHWANT SINGH COLLEGE, INDORE
Approved by M.P Higher Education & Affiliated to DAVV, Indore
CITY OFFICE: RH6 Near Agrim Collection, Behind Pind Balluchi Hotel
54 Vijay Nagar, Indore Contact No. 0731- 4237098, 9893212098
REQUIRES
PROFESSOR/ASSOCIATE PROFESSOR/ ASSISTANT PROFESSOR/ LIBRARIAN
FOR SUBJECT OF
Commerce, Hindi, English, Economics Sociology, Political Science, Computer Librarian qualification and eligibility as per UGC/AICTE norms, submit your application within 10 Days.
Principal
neelsun
R-43410/2020

MPPSC
Pre.+Mains- 2020
NEW BATCHES STARTED
HINDI & ENGLISH MEDIUM
PRELIMS / प्रारंभिक परीक्षा
• नए पाठ्यक्रम के अनुसार सभी विषयों का वैज्ञानिक प्रशिक्षण.
• वैज्ञानिक पद्धति से तैयार अलग-अलग क्लास नोट्स एवं प्रिंटेड नोट्स.
• ग्रुप डिस्कशन एवं प्रतियोगी वातावरण, नियमित सघन कक्षा प्रशिक्षण एवं टेस्ट. परीक्षा से 15 दिन पूर्व पाठ्यक्रम पूर्ण.
• सीनियर विद्यार्थियों के लिए रिविजन क्लास व नियमित टेस्ट तथा डाउट क्लीयरिंग सेशन.
• परीक्षा पद्धति के अनुसार फुल लेंथ टेस्ट प्रति रविवार (रजिस्ट्रेशन अनिवार्य)
MAINS / मुख्य परीक्षा
• नियमित सघन कक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम.
• प्रश्न की आवश्यकतानुसार विशिष्ट भाषाशैली के साथ अपडेटेड आंकड़ों की उपलब्धता.
• उत्तर की क्रमिकता हेतु फ्लो-चार्ट विधि व ग्राफिकल प्रेजेंटेशन की शैली का विकास.
• विशिष्ट स्टडी मटेरियल.
• प्रति रविवार फुल लेंथ टेस्ट एवं उसका विश्लेषण.
• विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन.
कौटिल्य एकेडमी
PANKAJ
HEAD OFFICE : BHANWARKUA SQUARE, INDORE
Call : 94250 68121, 9893929541
• PRESS COMPLEX: 81090 76501, 97555 52547, • RAJWADA: 91110 21931, 91110 21921,
• FOOTI KOTHI : 91111 01251, 91111 01351 • VIJAY NAGAR: 91110 24126
• GEETA BHAWAN : 91111 84111, 94250 68121 • KALANI NAGAR : 91110 19121, 91110 19131
JABALPUR | BHOPAL | GWALIOR | SAGAR | BILASPUR | RAIPUR | RAIGARH | CHHATARPUR |
REWA | SATNA | CHHINDWARA | BALAGHAT | UJJAIN | GUNA | JHANSI SHIVPURI | BHILAI | DHAR | TIKAMGARH |
BARWANI | KHANDWA | NIWARI | RATLAM | DAMOH | KATNI | JHABUA | JAIPUR | HOSHANGABAD | BETUL | SEHORE
R-43416/2020

विनर्स
इंस्टीट्यूट, इन्दौर
संविदा शिक्षक वर्ग 3
बाल-विकास, मनोविज्ञान
संस्कृत, हिन्दी, पर्यावरण
सहित सभी विषयों के अनुभवी शिक्षकों द्वारा अध्यापन
समय - 8 से 1 और 2 से 7
फ्री ONLINE TEST SERIES
ONLINE CLASSES FACILITY
नये बैचेस प्रारंभ
MPSI
कान्स्टेबल
3 व 10 फरवरी से
समय - 8 से 1 और 2 से 7
Maths By - ADITYA PATEL SIR
इन्दौर Call : 9009335533
R-43412/2020

our recent RESULT 2018
2nd Rank दिगेन्द्र सिंह ACF
8th Rank कृतिका भीमावत DEPUTY COLLECTOR
विजय यादव DEPUTY COLLECTOR
MPPSC-2019 MAINS
Batch Starts - 3 Feb
MPPSC Pre+Mains-2020
New Batch Starts - 3 & 10 Feb
MPPSC Mains TEST SERIES 2019 Starts - 2 Feb 2020
3 DAYS DEMO CLASSES
श्री वेदांत
- By Pathak Sir - सिविल सर्विसेस एकेडमी
IAS·IPS·MPPSC
H.O.: 336, 3rd FLOOR, VEDA BUILDING, INDORE | 0731-4267173, 9575535649 9753854746, 9039841580
Branch : 278, 1st Floor, Revera House, Zone-2, MP Nagar, BHOPAL. 0755-4919291
R-43413/2020

नये बैच में प्रवेश प्रारंभ
शिक्षक पात्रता (संविदा)
भर्ती परीक्षा
वर्ग – 3
सभी अनिवार्य विषय उपलब्ध
पत्राचार पाठ्यक्रम उपलब्ध
कौटिल्य एकेडमी
➡ भँवरकुंआ चौराहा, इन्दौर
9827368224
0731-4226615
इन्दौर शाखा – राजवाड़ा चौराहा, प्रेस कॉम्प्लेक्स, फूटी कोठी, कालानी नगर, गीता भवन, एम. आई. जी., विजय नगर
R-43415/2020

JOIN NEW BATCH
From 5 & 17 Feb.
सब-इंजीनियर
MPPSC - AE
सिविल ब्रांच स्पेशल
Online/Offline FLT Batch
पत्राचार पाठ्यक्रम उपलब्ध
BALAJI TECH GURUKUL
ठाकुर भवन, भंवरकुआ चौराहा, इंदौर
Mo.98930-53653
R-43414/2020

बालाघाट जिले में गठित होगा बांस विकास प्राधिकरण

भोपाल, मध्यप्रदेश के बांस बहुल बालाघाट जिले में बांस उत्पादन से रोज़गार को बढ़ाने के लिये बांस विकास प्राधिकरण का गठन किया गया है। कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित प्राधिकरण में वन मण्डलाधिकारी दक्षिण सामान्य वन मण्डल बालाघाट सदस्य सचिव होंगे। आदिवासी विकास, वन, उद्योग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, उद्यानिकी और शिक्षा विभाग के जिला-स्तरीय प्रमुख समिति के सदस्य होंगे। भारतीय वन के सेवानिवृत्त सेवा अधिकारी डॉ. ए.के. भट्टाचार्य प्राधिकरण के तकनीकी सलाहकार होंगे। कलेक्टर बालाघाट ने जिले को बांस जिला घोषित करने राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा है।

प्रदेश का लगभग 40 प्रतिशत बांस क्षेत्र और 80 प्रतिशत बांस उत्पादन बालाघाट जिले में होता है। जिले के आदिवासियों की आजीविका का प्रमुख साधन बांस है। जिले में बांस आधारित रोज़गार उद्यमिता और उद्योग की प्रबल संभावनाओं को देखते हुए प्राधिकरण का गठन किया गया है।

मुख्य वन संरक्षक श्री एन.के. सनोडिया ने बताया कि स्थानीय लोगों को बांस के माध्यम से रोज़गार दिलाने के उद्देश्य से वन विभाग स्थानीय तौर पर और त्रिपुरा के अगरतला में बांस से शिल्प एवं अन्य उपयोगी सामग्री बनाने का प्रशिक्षण दिलवा रहा है। पलंग, कुर्सी-टेबल आदि भारी बांस की चीजें बनाने का प्रशिक्षण स्थानीय स्तर पर और बारीक शिल्प बनाने का प्रशिक्षण त्रिपुरा के अगरतला में दिलाया जा रहा है। बांस शिल्पियों द्वारा तैयार उत्पादों को बाजार भी मुहैया कराया जा रहा है। प्रशिक्षण मिलने से स्थानीय युवा वर्ग को रोज़गार के बेहतर साधन मिले हैं। अगरतला में प्रशिक्षण के बाद शिल्पी स्थानीय स्तर पर मिलने वाले हरे बांस से सुंदर कलाकृतियां तैयार करते हैं। इसके लिये किसानों को हरा बांस उगाने के लिये प्रेरित किया जा रहा है। किसानों को भी बांस उत्पादन से आय का अतिरिक्त साधन मिला है।

सम्पादकीय

राम पथ वन गमन निर्माण के लिये ट्रस्ट

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने राम पथ वन गमन निर्माण की समीक्षा बैठक में ट्रस्ट बनाने और पथ निर्माण का दायित्व सड़क विकास निगम को सौंपने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रथम चरण में 30 किलोमीटर अमरकंटक और 30 किलोमीटर चित्रकूट क्षेत्र से पथ का सर्वे कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाये। उन्होंने कहा कि राम पथ वन गमन निर्माण कार्य में गति लाई जाए। पथ निर्माण क्षेत्र का सर्वे कार्य तत्काल पूरा करें। पथ के दोनों ओर पौधारोपण सहित जो भी सुविधाएं और सौंदर्यीकरण के कार्य हैं, उसकी योजना समय सीमा में बनाई जाये। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि पथ निर्माण कार्य की सभी औपचारिकताएं त्वरित गति से पूरी हों। धन राशि की उपलब्धता के संबंध में उन्होंने कहा कि पथ निर्माण के लिये इस वर्ष बजट में 22 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। अगले वर्ष भी पर्याप्त राशि का प्रावधान किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राम पथ वन गमन के निर्माण में तेजी लाने के लिये शीघ्र ही ट्रस्ट गठित किया जाये। ट्रस्ट में साधु-संतों के साथ जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाये। इसके निर्माण के लिये भगवान राम के प्रति आस्था रखने वालों से आर्थिक सहयोग भी प्राप्त किया जायेगा। पथ का निर्माण ट्रस्ट की निगरानी में हो। मुख्यमंत्री ने ट्रस्ट का प्रारूप शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने पथ निर्माण से जुड़े सर्वे आदि का दायित्व सड़क विकास निगम को देने के निर्देश दिये हैं। निगम अध्यात्म विभाग के मार्गदर्शन में कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि सर्वे के दौरान शासकीय, वन एवं निजी भूमि चिन्हित कर उसके अधिग्रहण सहित अन्य औपचारिकताएं शीघ्र पूरी की जायें। मुख्यमंत्री ने पथ निर्माण की चौड़ाई कम से कम 8 फीट रखने को कहा है। उन्होंने पथ के गुणवत्तापूर्ण और त्वरित गति से निर्माण कार्य के लिये अत्याधुनिक तकनीक अपनाने के निर्देश भी दिये हैं। बैठक में यह भी तय किया गया कि चित्रकूट स्थित मंदिरों को मध्यप्रदेश विनिर्दिष्ट मंदिर अधिनियम के अंतर्गत लाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने श्रीलंका में सीता माता के मंदिर तथा सांची में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बौद्ध दर्शन केंद्र विकसित करने की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि अधिकारियों का उच्च स्तरीय दल श्रीलंका सरकार से चर्चा कर सीता माता मंदिर निर्माण कार्य को अंतिम रूप दे। मुख्यमंत्री ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि अधिकारियों का दल बौद्ध दर्शन के विश्व प्रसिद्ध स्थल बोधगया भी जाये और वहां के अनुभवों के आधार पर शीघ्र एक प्रोजेक्ट प्रस्तुत करे। यह दोनों कार्य समय सीमा में प्रारंभ करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि अधिकारियों का दल श्रीलंका जाकर वहां की सरकार से सीता माता मंदिर निर्माण संबंधी प्रक्रिया के बारे में चर्चा करे। यह दल सभी मुद्दों पर चर्चा कर मंदिर निर्माण संबंधी कार्ययोजना बनाये। इसमें मध्यप्रदेश और श्रीलंका की भूमिका का भी स्पष्ट उल्लेख हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि सांची में जो भी कार्य किये जाने हैं, उसकी प्रोजेक्ट रिपोर्ट जल्दी ही तैयार करें और 30 दिन में क्या काम किये जाने हैं, इसे अंतिम रूप दिया जाये। उन्होंने सांची बौद्ध अध्ययन केंद्र, प्रशिक्षण केंद्र सहित अन्य कार्यों के संबंध में जापान तथा श्रीलंका सहित अन्य बौद्ध धर्म के प्रति आस्था रखने वाले देशों के प्रतिनिधियों से भी चर्चा करने को कहा। मुख्यमंत्री ने श्रीलंका में सीता माता के मंदिर के निर्माण के संबंध में कहा कि इस संबंध में मध्यप्रदेश और श्रीलंका के अधिकारियों की एक समिति बनाई जायेगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये हैं कि मंदिर निर्माण और सांची में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बौद्ध संग्रहालय, अध्ययन एवं प्रशिक्षण केंद्र बनाने के लिये शीघ्र ही योजना बनायें। मध्यप्रदेश सरकार राम पथ वन गमन और श्रीलंका में भव्य सीता माता मंदिर के निर्माण के लिये सतत् प्रयत्नशील है। इन दोनों कार्यों के पूरा होने से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को इसका लाभ मिलेगा।

ब्रह्मांड को जानें

प्लूटो में छुपे राज

गतांक से आगे- प्लूटो सूर्य से 5.9 अरब किलोमीटर दूर है। इसे सूर्य का एक चक्कर लगाने में 248 वर्ष लगते हैं। इसका तापमान शून्य से 223 डिग्री सेल्सियस तक है। प्लूटो पर जीवन की कोई संभावना नहीं है। पहले इसका नाम हेड्स था। बाद में ग्रीस के देवता के नाम पर इसका नाम प्लूटो रखा गया। इस दौरान इस बौने ग्रह ने कई उतार-चढ़ाव देखे। कभी यह हमारे शौर्य परिवार का नौवां सदस्य बना तो कभी ग्रहों की बिरादरी से बाहर होने को विवश हुआ। लेकिन हाल की खोज से यह फिर चर्चा में आ गया। अभी खोज पूरी नहीं हुई है। वर्तमान में न्यू होराइजन्स मिशन की सिर्फ 2-3 प्रतिशत जानकारी ने प्लूटो के बारे में इतनी जिज्ञासा बढ़ा दी है तो पूरी जानकारी सामने आने पर कितने राज खुलेंगे इसकी तो अभी कल्पना ही की जा सकती है।



- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व कैंसर दिवस | 4 फरवरी

जागरूकता के द्वारा ही कैंसर से बचाव संभव

राजा दुबे
(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

वर्ष 1933 में अंतर्राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ ने स्विट्जरलैंड के जिनेवा में पहली बार अनौपचारिक तौर पर विश्व कैंसर दिवस मनाया था। यह दिवस कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने, लोगों को शिक्षित करने और इस रोग के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दुनिया भर में सरकारों और व्यक्तियों को समझाने तथा हर साल लाखों लोगों को मरने से बचाने के लिए मनाया जाता है। विश्व कैंसर दिवस के इतिहास के बारे में बात करें तो इसकी सही शुरुआत वर्ष 2005 से हुई और तब से यह दिन विश्व में कैंसर के प्रति निरंतर जागरूकता फैला रहा है। भारत में भी इस दिन सभी स्वास्थ्य संगठनों ने जागरूकता फैलाने का निश्चय लिया है। भारत उन देशों में काफी आगे है, जहां तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों की वजह से कैंसर के मरीजों की संख्या बहुत ज्यादा है।

कैंसर के खिलाफ रणनीति बनाने के प्रयास होते हैं

वैश्विक आधार पर इस दिन सभी लोगों को एकत्र करके उनके द्वारा कैंसर की रोकथाम सहित सभी ऐहतियात बरतने, इसका उपचार करने और इस महामारी के बारे में वास्तविक संदेश को फैलाने के अथक प्रयास होते हैं। कैंसर के खिलाफ लड़ने के लिये रणनीति बनाने के लिये सरकारी और गैर-सरकारी स्वास्थ्य संगठनों, संयुक्त राष्ट्र, डब्ल्यूएचओ के द्वारा भी गंभीर प्रयास किये जाते हैं। नई रणनीतियों, नई योजनाओं के साथ ही कुछ नये कार्यक्रमों को भी लागू किया जाता है, जो बीमारी के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरुक करने में मदद करते हैं। ये कार्यक्रम वार्षिक आधर पर कैंसर के खिलाफ लड़ाई में शामिल अंतर्राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ (यूआईसीसी) और दूसरे प्रमुख स्वास्थ्य संगठन की देखरेख में आयोजित किये जाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ग्लोबोकैन की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रमुख रूप से तीन प्रकार के कैंसर होते हैं। इसमें मुंह का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर और स्तन का कैंसर प्रमुख है। आमतौर पर तम्बाकू के सेवन से, शराब और सिगरेट का सेवन करने से, इन्फेक्शन, मोटापा और अल्ट्रा वायलेट किरणों के कारण कैंसर सम्भव है। कैंसर के सामान्य लक्षण हैं- वजन कम होना, बुखार, हड्डियों में दर्द, खाँसी, मुँह से खून आना, शरीर में किसी स्थान पर गांठ होना, महिलाओं में माहवारी का बार-बार अनियमित होना और मुंह में छाले होना इत्यादि।

कैंसर को ऐसे पहचान सकते हैं

- आंत या मूत्राशय की आदतों में परिवर्तन।
- घाव का जल्दी न भरना।
- शरीर के किसी भी हिस्से से रक्तस्राव होना।
- अचानक से वजन घटना या फिर भूख न लगना।
- आहार निगलने में दिक्कत होना।
- तिल या मस्से में कोई परिवर्तन।
- लगातार खाँसी या आवाज में भारीपन।
- शरीर में कहीं भी गांठ हो और वह बढ़ रही हो (दर्द न हो तो भी दिखाएं, क्योंकि कैंसर में दर्द बहुत बाद की स्टेज में होता है।)

मरीज की दृढ़ इच्छाशक्ति और समय पर उपचार जरूरी

कैंसर एक ऐसी बीमारी है, जिसका सौ फीसदी इलाज नामुमकिन ना सही मगर कठिन तो है इसी से यह कहा जाता है कि काफी हद तक कैंसर पर काबू पाना और इससे बचाव करना ही संभव है। मरीज़ अगर दृढ़ इच्छाशक्ति से इस बीमारी का सामना करे और सही समय पर इलाज मुहैया हो तो इलाज संभव हो जाता है। साथ ही हमेशा से माना जाता है कि उपचार से बेहतर है बचाव। इसी तरह कैंसर होने के बचे रहने में ज्यादा समझदारी है। इस समय दुनिया में हर साल छिअत्तर लाख लोग कैंसर से दम तोड़ते हैं, जिनमें से चालीस लाख लोग समय से पहले अर्थात् 30 से 69 वर्ष की आयु में ही मर जाते हैं। इसलिए समय की मांग है कि इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ कैंसर से निपटने की व्यावहारिक रणनीति भी विकसित की जाये। वर्ष 2025 तक, कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों की संख्या बढ़कर प्रतिवर्ष साठ लाख होने का अनुमान है। यदि विश्व स्वास्थ्य संगठन के वर्ष 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों में 25 प्रतिशत कमी के लक्ष्य को हासिल किया जाए तो हर साल 15 लाख जीवन बचाए जा सकते हैं।

विश्व कैंसर दिवस की थीम

विश्व कैंसर दिवस हर वर्ष कुछ विशेष थीम पर मनाया जाता है। वर्ष 2007 के विश्व कैंसर दिवस की थीम थी 'बच्चों का आज, दुनिया का कल।' वर्ष 2008 की थीम थी- 'बच्चों और युवाओं को एक धुआँ-मुक्त पर्यावरण दो।' वर्ष 2009 की थीम थी - 'मैं अपने स्वस्थ सक्रिय बचपन से प्यार करता हूँ।' वर्ष 2010 की थीम थी - 'कलेजे के कैंसर से संबंधित वायरस से रोकथाम के लिये टीकाकरण।' वर्ष 2011 की थीम थी - 'धूप से बचने के उपाय के द्वारा बच्चों और युवाओं को शिक्षा।' वर्ष 2012 की थीम थी -'एक साथ ये मुमकिन है।' वर्ष 2013 की थीम थी - 'कैंसर क्या आप जानते थे?' वर्ष 2014 की थीम थी- 'मिथकों का भंडाफोड़ करना।' वर्ष 2015 की थीम थी - 'हमारी सीमाओं के बाहर नहीं है।' वर्ष 2016 से हर वर्ष के स्थान पर कुछ वर्षों के लिये थीम बनाई गई। इस प्रबंध के बाद वर्ष 2016, 2017 और वर्ष 2018 के लिये थीम थी- 'हम कर सकते हैं, मैं कर सकता हूँ।' इसी तारतम्य में वर्ष 2019 से 2021 के लिये तीन साल तक विश्व कैंसर दिवस की विचारणीय थीम रहेगी - 'मैं हूँ और मैं रहूँगा- (आईएम, एण्ड आई विल)'।

तंबाकू उत्पादों का सेवन बिल्कुल न करें

कैंसर से बचने के लिए तंबाकू उत्पादों का सेवन बिलकुल न करें, कैंसर का ख़तरा बढ़ाने वाले संक्रमणों से बचकर रहें, चोट आदि होने पर उसका सही उपचार करें और अपनी दिनचर्या को स्वस्थ बनाए। कैंसर के ज्यादातर मामलों में फेफड़े और गालों के कैंसर देखने में आते हैं, जो तंबाकू उत्पादों का अधिक सेवन करने का नतीजा होता है। ऐसे मामलों में उपचार बेहद जटिल हो जाता है और मरीज़ के बचने के चांस भी कम हो जाते हैं। इसके साथ ही आजकल महिलाओं में स्तन कैंसर काफ़ी ज़्यादा देखने में आ रहा है जो बेहद खतरनाक होने के साथ काफ़ी पीड़ादायक होता है। यदि सही समय पर अगर इसके लक्षणों को पहचान कर उपचार किया जाए तो इसका इलाज बेहद सरल बन जाता है। कैंसर से सबसे ज्यादा ख़तरा होता है युवाओं को जो आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में खुद को तनाव मुक्त रखने के लिए धूम्रपान का सहारा लेते हैं। विश्व को कैंसर मुक्त करने के लिए आप भी कदम बढ़ाएं और खुद तथा अपने सगे सबंधियों को तंबाकू, सिगरेट, शराब आदि से दूर रहने की सलाह दीजिए। कैंसर की आमतौर पर चार मुख्य अवस्थाएं होती हैं। पहली और दूसरी अवस्था में कैंसर का ट्यूमर छोटा होता है। यह टिश्यूज की गहराई में नहीं फैलता है। तीसरे स्टेज में कैंसर विकसित हो जाता है। इस अवस्था में ट्यूमर बड़ा होता जाता है। शरीर के अन्य अंगों में इसके फैलने की संभावना बढ़ जाती है। चौथी और आखिरी अवस्था में कैंसर अपने शुरुआती हिस्से से अन्य अंगों में फैल जाता है। जिसे मेटास्टेटिक कैंसर कहा जाता है।

कैंसर के बारे में आम मिथक और तथ्य

आम लोगों के बीच में कैंसर के बारे में कुछ आम मिथक हैं, जिसको हटाना बहुत जरूरी है तथा इसके ऊपर नियंत्रण पाने के लिये इसकी वास्तविकता को अच्छे से समझना भी होगा, यह मिथक हैं –

- आमतौर पर लोग ये सोचते हैं कि कैंसर के ऊतक केवल स्वास्थ्य का मसला होता है, जबकि ऐसा नहीं होता।
- सामान्य लोग समझते हैं कि कैंसर धनवान और उम्रदराज़ लोगों की बीमारी है, जबकि ये एक वैश्विक रोग है, जो सभी उम्र के लोगों को हो सकता है।
- आमजन को लगता है कि कैंसर से पीड़ित होना मतलब यह एक सजा के समान है, लेकिन अब ज्यादातर कैंसर उपचार योग्य हैं।
- आम लोगों को लगता है कि कैंसर उनकी किस्मत में था, जबकि 30 प्रतिशत मामलों में इसे पूरे जीवन भर के लिये ठीक और रोका जा सकता है।

कई प्रमुख शख्सियत ने जीती है कैंसर से जंग

कैंसर से जंग में मरीज की इच्छाशक्ति सबसे अहम् होती है इसी से यह कहा जाता है कि कैंसर से लड़ो जीत आपकी ही होगी। क्रिकेटर युवराज सिंह ने भी कैंसर से हार नहीं मानी। वर्ष 2011 के विश्व कप में भारत की विजय में युवराज का अहम् किरदार था।

फिल्म डायरेक्टर अनुराग बासु भी कैंसर का सामना कर चुके हैं। वर्ष 2004 में उन्हें ब्लड कैंसर का पता चला था, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। आज अनुराग कैंसर को हराकर पूरी तरह स्वस्थ हैं। मशहूर अभिनेत्री मुमताज भी कैंसर का शिकार हो चुकी हैं। मुमताज 11 साल तक इस गंभीर बीमारी से लड़ी और जीतीं।

मन और दिल से जैसी शानदार फिल्में देने वाली अभिनेत्री मनीषा कोइराला ने भी कैंसर को मात दी। इसी प्रकार अभिनेत्री लीजा रे भी कैंसर से लड़ चुकी हैं। साल 2009 में लीजा कैंसर से पीड़ित हो गई थीं। हालांकि उन्होंने हार नहीं मानी और इलाज कराकर कैंसर को हरा दिया। इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि कैंसर को दृढ़ इच्छाशक्ति और सतत उपचार से हराया जा सकता है।

(फोटो गूगल से साभार)

भारतीय तटरक्षक

में सहायक कमांडेंट जनरल ड्यूटी पुरुष के तौर पर शामिल हों.

अजा/अजजा के लिये विशेष भर्ती अभियान (एसआरडी)-02/2020 बैच

(रिक्तियां : अजा-13 और अजजा-12)

आवेदन-पत्र 'ऑनलाइन' 09 फरवरी से 15 फरवरी, 2020 तक स्वीकार किये जायेंगे.

1. भारतीय तटरक्षक, संघ का एक सशस्त्र बल, सहायक कमांडेंट (**समूह 'क' राजपत्रित अधिकारी**) के तौर पर युवा और गतिशील भारतीय उम्मीदवारों को चुनौतीपूर्ण कॅरिअर का प्रस्ताव करता है और केवल अजा तथा अजजा श्रेणी के लिये '**ऑनलाइन**' आवेदन आमंत्रित करता है.

2. **शाखा और पात्रता :** निम्नलिखित न्यूनतम अर्हताएं रखने वाले भारतीय नागरिक आवेदन करने के पात्र हैं :

क्रम सं.	शाखा	शैक्षणिक अर्हता	लिंग	आयु (के बीच जन्म हुआ हो)
(क)	जनरल ड्यूटी	उम्मीदवारों के पास कुल मिलाकर न्यूनतम **55 प्रतिशत अंकों के साथ (अर्थात बीई/बीटैक पाठ्यक्रम के लिये पहले सेमेस्टर से आठवें सेमेस्टर तक अथवा बैचलर डिग्री उम्मीदवारों के लिये पहले सेमेस्टर से आठवें सेमेस्टर तक, जो भी लागू हो)** मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय की बैचलर डिग्री होनी चाहिये. इंटरमीडिएट अथवा 10+2+3 शिक्षा योजना या समकक्ष की कक्षा 12वीं तक गणित और भौतिकी विषयों के तौर पर **न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक, (10+2 (इंटरमीडिएट) या समकक्ष स्तर में भौतिकी और गणित नहीं रखने वाले उम्मीदवार जनरल ड्यूटी (जीडी) के लिये पात्र नहीं हैं.**	पुरुष	01 जुलाई 1990 से 30 जून 1999 (दोनों दिन शामिल)

टिप्पणी: तटरक्षक बल के पास पीएसबी बुलावा पत्रों को जारी करने के लिये कट ऑफ प्रतिशतता के निर्धारण का अधिकार सुरक्षित है.

3. अतिरिक्त पात्रता मानदंड

(क) किसी अन्य सेना प्रशिक्षण अकादमी से अनुशासनात्मक आधार पर लौटाये गये उम्मीदवार उपस्थित होने के पात्र नहीं हैं.

(ख) उम्मीदवारों की आपराधिक आरोपों में कोई गिरफ्तारी, दोषसिद्धि अथवा मुकदमेबाजी नहीं हुई हो.

(ग) **केवल वे उम्मीदवार आवेदन करें जिन्होंने अपनी अंतिम वर्ष/अंतिम सेमेस्टर परीक्षाओं को उत्तीर्ण कर लिया है और अपनी डिग्रियों की पढ़ाई पूरी कर ली है.**

4. आवेदन कैसे करें

(क) उपरोक्त पदों के लिये **09 से 15 फरवरी 2020, 1700 बजे तक** केवल '**ऑनलाइन**' आवेदन स्वीकार किये जायेंगे. ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने के लिये महत्वपूर्ण अनुदेश निम्नानुसार हैं:-

(i) **उम्मीदवार, पिता/माता का नाम और जन्म तिथि** ठीक उसी प्रकार होने चाहियें जैसा कि **10वीं कक्षा उत्तीर्ण प्रमाणपत्र में वर्णित है.** आवेदन पत्र में नामों और जन्म तिथि में भिन्नता होने पर इसे नामंजूर कर दिया जायेगा.

(ii) 12वीं और स्नातक के अंकों का दो दशमलव तक सही प्रतिशतता का उल्लेख करें और राउंड ऑफ न करें.

(iii) उम्मीदवारों को प्रदर्शित विकल्पों में से पीएसबी के लिये **कोई एक स्थान** को चुनना चाहिये.

(iv) उम्मीदवार को सूचना भरना, जैसे कि **व्यक्तिगत ई-मेल आईडी और मोबाईल नंबर देना अनिवार्य है.** परीक्षा की तिथि, समय और स्थान तथा अन्य सूचना व्यक्तिगत ई-मेल आईडी/सीजी भर्ती वेबसाइट के जरिये दी जायेगी.

(v) आवेदक का ऑनलाइन आवेदन का वर्तमान अथवा स्थाई पता वही होना चाहिये जो कि जाति/श्रेणी प्रमाणपत्र में वर्णित है.

(ख) ''**ऑनलाइन**'' आवेदन भरने के लिये उम्मीदवार को वेबसाइट : **www.joindiancoastguard.gov.in** पर लॉग ऑन करना होगा और **opportunities** बटन पर क्लिक करें. अनुदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और नीचे दिये अनुसार आगे बढ़ें:-

(i) **सहायक कमांडेंट की भर्ती-02/2020 (एसआरडी)** के लिये विज्ञापन को चुनें.

(ii) किसी एक पद (सहायक कमांडेंट जनरल ड्यूटी) को आवेदन करने के लिये चुनें.

(iii) '**I Agree**' बटन पर क्लिक करें और '**Online Application**' प्रदर्शित होगी.

(iv) आवेदन-पत्र भरना शुरू करें (सभी तारांकित (*) प्रविष्टियों को भरा जाना अनिवार्य है).

(v) **उम्मीदवार को जेपीईजी फार्मेट (ईमेज क्वालिटी 200 डीपीआई) में फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने होंगे. फोटोग्राफ और हस्ताक्षर का आकार क्रमशः 10 केबी से 40 केबी और 10 केबी से 30 केबी के बीच होना चाहिये.**

(कक) **उम्मीदवार सुनिश्चित करेंगे कि सबमिट बटन पर क्लिक करने से पहले सभी विवरण की जांच की गई है. कक्षा 10वीं प्रमाणपत्र के अनुरूप नाम, पिता के नाम, जन्म तिथि, 12वीं की अंक शीट में प्रतिशतता (%) और श्रेणी में कोई भिन्नता होने पर परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जायेगी.**

(कख) **सभी उम्मीदवार अपना मोबाईल नंबर और ई-मेल आईडी सही प्रकार भरेंगे. यदि उम्मीदवार का मोबाईल नंबर और ई-मेल आईडी नहीं है तो उसे नाम के साथ अपने माता-पिता/संरक्षक का मोबाईल नंबर भरना चाहिये.**

(vi) ऑनलाइन आवेदन सफलतापूर्वक प्रस्तुत करने पर उम्मीदवार को एक विशिष्ट **आवेदन/पंजीकरण संख्या उपलब्ध करवाई जायेगी.** उम्मीदवारों को भविष्य के संदर्भ के लिये और प्रवेश पत्र के रिट्रीवल/रीप्रिंट के लिये इसे नोट करके रख लेना चाहिये. आवेदकों को प्रवेश पत्र का प्रिंट आउट यूआरएल **http://joinindiancoastguard.gov.in/reprint.aspx** के जरिये **25 फरवरी, 2020 से** लेना होगा. ऐसे उम्मीदवारों के लिये जो पात्रता मानदंड पूरा नहीं करते हैं आवेदन-पत्र संख्या के साथ अस्वीकृति का कारण देते हुए एक अस्वीकृति पर्ची प्रदर्शित होगी. अल्पसूचीकरण मानदंड उच्चतर अंक प्रतिशतता पर आधारित होगा.

(vii) उम्मीदवारों के लिये अनुक्रमांक आबंटित किये हुए सिस्टम सृजित ई-प्रवेश-पत्र की **दो प्रतियों का प्रिंट** लेना अपेक्षित है साथ में **नीली पृष्ठ भूमि के साथ हाल का समान तरह का फोटोग्राफ (03 माह से अधिक पुराने न हों)** लेना होगा रखना होगा और इसे भर्ती केंद्र पर लेकर आना अपेक्षित होगा. उम्मीदवार सभी मूल दस्तावेज लेकर आयेंगे और एक आवेदन-पत्र, साथ में विधिवत सत्यापित सभी अपेक्षित दस्तावेजों की फोटो प्रतियां अर्थात कक्षा 10 का प्रमाणपत्र और अंक शीट, जिसमें जन्म तिथि दर्शाई गई हो, 12वीं श्रेणी प्रमाणपत्र साथ में अंक शीट जिसमें विषय दर्शाये गये हैं, अंक प्रतिशतता दर्शाने वाला डिग्री प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र, जहां कहीं अपेक्षित है और एनसीसी 'सी' प्रमाणपत्र/खेल प्रमाणपत्र अपने पास रखें. **जिस उम्मीदवार के पास पीएसबी और एफएसबी के समय ये सभी दस्तावेज नहीं होंगे उसे परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी.**

नोट: उम्मीदवार केवल एक शाखा के लिये आवेदन कर सकता है. अनेक आवेदन-पत्र भरने से ऐसे उम्मीदवार के सभी आवेदन-पत्र निरस्त हो सकते हैं.

* **ऑनलाइन आवेदन खुलने की तिथि : 09 फरवरी, 2020, 1000 बजे से.**
* **ऑनलाइन आवेदन बंद की तिथि: 15 फरवरी, 2020, 1700 बजे तक.**
* **यूआरएल: www.joinindiancoastguard.gov.in के जरिये प्रवेश-पत्र प्रिंट के लिये 25 फरवरी, 2020 से उपलब्ध होगा.**

5. **प्रारंभिक चयन परीक्षा के लिये अनुसूची :** उम्मीदवारों को आबंटित परीक्षा केंद्र पर परीक्षा आरंभ होने से कम से कम 30 मिनट पहले पहुंचना होगा. परीक्षा की तिथि और समय के बारे में उम्मीदवारों के ई-मेल आईडी तथा तट रक्षक बल की वेबसाइट : **www.joinindiancoastguard.gov.in** के जरिये सूचित किया जायेगा. प्रारंभिक चयन निम्नलिखित केंद्रों पर अथवा तटरक्षक द्वारा घोषित किसी अन्य केंद्र पर अनंतिम रूप से **मार्च 2020 के प्रथम सप्ताह से** संचालित किया जायेगा:-

(क) तट रक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय (पश्चिम),
वर्ली सी फेस, डाकघर-वर्ली कालोनी, **मुंबई**-400 030

(ख) तट रक्षक स्टोर डिपो,
सीजी काम्प्लेक्स, निकट कालमंडपम पुलिस थाना,
जीएम पेटई रोड, रोयापुरम, **चेन्नै**-600013

(ग) तट रक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय (उत्तर पूर्व)
सिंथेसिस बिजनेस पार्क, छठा तल, शराची बिल्डिंग,
न्यू टाऊन राजारहट, **कोलकाता**-700 161

(घ) तट रक्षक चयन बोर्ड,
ए-1, सेक्टर-62, निकट इंडस वैली स्कूल,
जिला गौतमबुद्धनगर, नोएडा, उ.प्र.-201 309

नोट: भर्ती केंद्र के पते में परिवर्तन, यदि कोई है, तट रक्षक भर्ती वेबसाइट के जरिए घोषित किया जायेगा.

6. चयन प्रक्रिया

चरण-I

(क) **आवेदनों का अल्पसूचीकरण :** अल्पसूचीकरण मानदंड अर्हक परीक्षा में उच्चतर अंक प्रतिशतता पर आधारित होगा और किसी शाखा या केंद्र विशेष के लिये **अर्हक कट ऑफ यदि उच्चतर प्रतिशतता वाले अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त हुए तो 55 प्रतिशत से अधिक बढ़ाई जा सकती है.**

(ख) **प्रारंभिक चयन :** अल्पसूचीबद्ध उम्मीदवारों को दी गई तिथि और समय पर प्रारंभिक चयन के लिये बुलाया जायेगा जिसमें मानसिक योग्यता परीक्षा/संज्ञानात्मक अभिरुचि परीक्षा और चित्र अवधारणा एवं चर्चा परीक्षा (पीपीएंडडीटी) शामिल होगी. अभिरुचि परीक्षा केवल अंग्रेजी में और वस्तुनिष्ठ प्रकार की होगी. **प्रारंभिक चयन की तिथि/समय और स्थान एक बार आबंटित होने के उपरांत इसमें किसी भी चरण में परिवर्तन नहीं किया जायेगा.**

नोट : (i) 2018/2019 में अपनी डिग्री पूर्ण करने वाले उम्मीदवारों के पास कालेज/विश्वविद्यालय से

जारी मूल/अनंतिम डिग्री अवश्य होनी चाहिये. 2018 और इससे पहले अपनी डिग्री पूर्ण करने वाले उम्मीदवारों के पास विश्वविद्यालय से जारी मूल डिग्री अवश्य होनी चाहिये, यदि नहीं है तो उम्मीदवार के पास केवल संबंधित विश्वविद्यालय से जारी/हस्ताक्षरित ''डिग्री प्रमाण-पत्र नहीं जारी किया गया प्रमाणपत्र'' अवश्य होना चाहिये (प्रपत्र www.joinindiancoastguard. gov.in में उपलब्ध है). उपरोक्त मूल दस्तावेज के बगैर किसी भी उम्मीदवार को पीएसबी में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी.

(ii) सीजीपीए विश्वविद्यालय से जारी कुल अंकों के 55 प्रतिशत के साथ संपुष्ट होना चाहिये.

(iii) ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रस्तुति उपरांत पीएसबी अथवा एफएसबी के दौरान किसी भी डाटा में परिवर्तन/संशोधन की अनुमति नहीं होगी.

(iv) सभी पात्र उम्मीदवारों को बायोमीट्रिक प्रोफाइलिंग से गुजरना होगा.

(v) परीक्षा दे रहे उम्मीदवार अथवा जिन्होंने अंतिम सेमेस्टर परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है अथवा परिणाम का इंतज़ार कर रहे हैं वे 02/2020 बैच के लिये आवेदन करने के पात्र नहीं हैं.

चरण-II

अंतिम चयन: प्रारंभिक चयन में अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को अंतिम चयन के लिये बुलाया जायेगा. अंतिम चयन बोर्ड (एफएसबी) के लिये तिथि और स्थान को भारतीय तट रक्षक वेबसाइट: **www.joinindiancoastguard.gov.in** पर अपलोड किया जायेगा. अंतिम चयन में मनोवैज्ञानिक परीक्षा, समूह कार्य और साक्षात्कार (व्यक्तित्व परीक्षण) शामिल होगा. पीएसबी के दौरान सत्यापित किये गये सभी दस्तावेज/प्रमाणपत्र एफएसबी के दौरान भी मूल रूप में प्रस्तुत करना अपेक्षित है.

7. दस्तावेजों की सूची : पात्रता के लिये दस्तावेजों की जांच स्थल पर लिखित परीक्षा शुरू होने से पहले की जायेगी. अतः उम्मीदवारों के लिये निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना अपेक्षित है. जांच के बाद मूल दस्तावेजों को लौटा दिया जायेगा:-

(क) पहले से भरे हुए ऑनलाइन ई-प्रवेश-पत्र की कम्प्यूटर सृजित दो प्रतियां साथ में उन पर हाल के पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटो लगे हों **(03 माह से अधिक पुराने न हों)**

(ख) 10वीं श्रेणी का मूल उत्तीर्ण प्रमाणपत्र और अंक शीट

(ग) 12वीं श्रेणी का मूल उत्तीर्ण प्रमाणपत्र और अंक शीट

(घ) विश्वविद्यालय से अंक प्रतिशतता के सीपीए/सीजीपीए कन्वर्जन के साथ बीई/बी.टेक/स्नातक की सभी सेमेस्टरों/वर्षों की अंक शीट के साथ मूल डिग्री प्रमाणपत्र

(ङ) पहचान का सबूत, जैसे कि पासपोर्ट, ड्राईविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, मतदाता पहचान-पत्र, कालेज आईडी कार्ड या कोई अन्य फोटो पहचान सबूत.

(च) जाति प्रमाणपत्र (अजा और अजजा) भारत सरकार/राज्य सरकार के प्रपत्र अनुरूप मूल रूप में.

(छ) चरित्र प्रमाणपत्र (पीएसबी के लिये बुलाये जाने की तिथि को छह माह से अधिक पुराना नहीं होना चाहिये).

(ज) नीली पृष्ठभूमि के साथ बारह हाल के रंगीन पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ.

(झ) जिन उम्मीदवारों के पास उपर्युक्त दस्तावेज नहीं होंगे उन्हें लिखित परीक्षा के लिये उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी.

8. चिकित्सा मानदंड : अंतिम चयन बोर्ड द्वारा अनुशंसित सभी उम्मीदवारों को सहायक कमांडेंट एंट्री के लिये लागू वर्तमान नियमों के अनुसार निर्धारित चिकित्सा मानदंड के अनुरूप निकटवर्ती सेना अस्पताल में चिकित्सा जांच से गुजरना होगा.

(क) ऊंचाई

(i) सहा. कमांडेंट (जीडी): न्यूनतम 157 सें.मी. पर्वतीय क्षेत्रों और जनजातीय क्षेत्रों से उम्मीदवारों के लिये ऊंचाई में छूट केंद्रीय सरकार के विनियमों के अनुसार प्रदान की जायेगी.

(ख) वजन. ऊंचाई और आयु के समानुपातिक, ± 10 प्रतिशत स्वीकार्य

(ग) सीना. अच्छे समानुपात में, न्यूनतम विस्तार 5 सें.मी.

(घ) नेत्र दृष्टि

(i) सहायक कमांडेंट (जीडी)- 6/6, 6/9 - बगैर चश्मे के सुधार रहित
6/6 6/6 - चश्मे से सुधार के साथ

(ङ) टैटू : शरीर के किसी भी हिस्से में स्थाई शरीर टैटू की अनुमति नहीं है. लेकिन भारत सरकार द्वारा यथा घोषित जनजातीय-क्षेत्रों के समुदायों से संबंधित उम्मीदवारों के लिये कुछेक रियायतों की अनुमति है. अन्य उम्मीदवारों के लिये स्थाई शरीर टैटू केवल ईनर फेस अथवा फोरआर्म्स पर अनुमति है अर्थात कुहनी से अंदर से कलाई के अंत तक हथेली के उलटी तरफ/हाथ के पीछे की तरफ (डोर्सल) तक. इस संबंध में विवरण तट रक्षक भर्ती वेबसाइट: **www.joinindiancoastguard.gov.in** पर उपलब्ध है.

नोट: ऊपर वर्णित अपेक्षाएं केवल मोटे तौर पर चिकित्सा दिशानिर्देश/मानदंड हैं. लेकिन उपर्युक्त के अलावा, पूर्ण मेडिकल निर्धारित मानदंड/प्रक्रिया के अनुसार किया जायेगा.

9. **चयन की वैधता: किसी बैच विशेष से संबंधित उम्मीदवार का चयन केवल उस बैच के लिये वैध है.** अर्हक उम्मीदवार जिनके नाम अंतिम मैरिट सूची में शामिल नहीं होते हैं, को अगले बैच के लिये स्वतः चयन के लिये कोई अधिकार नहीं होगा. ऐसे उम्मीदवारों को नये सिरे से चयन प्रक्रिया से गुजरना होगा बशर्ते कि वे नये बैच के लिये पात्रता मानदंड पूरा करते हों.

10. **अस्वीकृति के कारण :** चयन की प्रक्रिया के दौरान किसी भी समय उम्मीदवार की उम्मीदवारी को निम्न कारणों से नामंजूर किया जा सकता है:

(i) शैक्षणिक अर्हताओं, आयु की उपरोक्त निर्धारित मानदंड/शर्तों को पूरा नहीं करने का पता चलने, आवेदन-पत्र में गलत सूचना अथवा धोखाधड़ी के प्रमाण-पत्र आदि प्रस्तुत करना.

(ii) अनुशासनहीनता गतिविधियां, नकल करना, धोखाधड़ी, गलत तरीके अपनाया जाना अथवा किसी भी परीक्षण प्रक्रिया के दौरान डाटा रिकार्डिंग करना.

11. **मैरिट सूची :** एफएसबी में अनुशंसा से अंतिम चयन की पुष्टि नहीं हो जाती. मैरिट सूची मेडिकल में फिट उम्मीदवारों की एफएसबी में उम्मीदवार द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जायेगी और यह रिक्तियों की उपलब्धता पर निर्भर होगी. शाखा दर शाखा रिक्तियों की संख्या भिन्न हो सकती है यह प्रशिक्षण स्थापनाओं में उपलब्ध प्रशिक्षण रिक्तियों की संख्या के अनुरूप बाद की तिथि को निर्णीत की जायेगी. मैरिट सूची के आधार पर चयनित उम्मीदवारों की सूची मई 2020 माह के दौरान तटरक्षक भर्ती वेबसाइट: **www.joinindiancoastguard.gov.in** पर अपलोड की जायेगी. तदनुसार ज्वाइनिंग पत्र जारी किये जायेंगे. आईएनए, एझिमाला में प्रशिक्षण जून 2020 के अंत में आरंभ होना निर्धारित है.

12. **यात्रा भत्ता :** एफएसबी (चरण-II) में पहली बार उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को केवल मूल टिकट प्रस्तुत करने पर, सबसे छोटे मार्ग से एसी III/चेअर कार से आने जाने (केवल ई-प्रवेश पत्र में वर्णित वर्तमान अथवा स्थाई पते से) के यात्रा किराये अथवा वास्तविक सामान्य बस किराये की प्रतिपूर्ति की जायेगी. **लिखित अर्हक परीक्षा अर्थात चरण-I (प्रारंभिक चयन बोर्ड) के लिये उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को कोई यात्रा भत्ता नहीं दिया जायेगा.**

13. सामान्य दिशानिर्देश

(क) उम्मीदवारों को प्रारंभिक चयन के लिये 02 दिन के लिये ठहरने के लिये तैयार होकर आना चाहिये जिसके लिये उन्हें अपना स्वयं का प्रबंध करना होगा.

(ख) उम्मीदवारों को परीक्षा की तिथियों, स्थानों और किसी अन्य सूचना में परिवर्तन के संबंध में नवीनतम अद्यतनों के लिये तटरक्षक वेबसाइट: **www.joinindiancoastguard.gov.in** को नियमित तौर पर देखना चाहिये.

(ग) सीमित रिक्तियों के कारण भारतीय तटरक्षक के पास आवेदन और बुलावा पत्र जारी करने के लिये अर्हक परीक्षा के कट ऑफ अंक निर्धारित करने का अधिकार सुरक्षित है. इस संबंध में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा.

(घ) **मोबाइल फोन अथवा कोई विवरण प्रेषित/कैप्चर करने में सक्षम किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की अनुमति नहीं है.**

(ङ) आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने के उपरांत डाक पते में कोई भी परिवर्तन अपनी पंजीकरण संख्या, नाम और चुनी गई शाखा का विधिवत उल्लेख करते हुए डाक से सूचित किया जाना चाहिये.

(च) आवेदन प्रपत्र के साथ मूल प्रमाणपत्र संलग्न नहीं किये जाने चाहियें. भारतीय तटरक्षक मूल प्रमाणपत्र, यदि आवेदन-पत्र के साथ संलग्न किये जाते हैं, नष्ट होने की कोई जिम्मेदारी नहीं लेता. पीएसबी और एफएसबी में सभी प्रमाणपत्र और संगत दस्तावेज की स्वयं सत्यापित प्रतियों का एक सेट और साथ में सत्यापन हेतु मूल अपने साथ लेकर आना अपेक्षित है.

(छ) एक केंद्र के लिये अधिक संख्या में उम्मीदवारों के आवेदन करने पर कुछ उम्मीदवारों को दूसरा केंद्र आबंटित किया जा सकता है.

(ज) पीएसबी/एफएसबी से पहले पात्रता हेतु आवेदन और मूल दस्तावेज की जांच की जायेगी और यदि पीएसबी/एफएसबी के दौरान अथवा बाद के चरण में किसी भी दस्तावेज में कोई त्रुटि का पता चलता है तो नामांकन और उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी.

(झ) केवल एफएसबी की अवधि के दौरान ठहरने और खानेपीने की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई जायेगी. पीएसबी के लिये उपस्थित हो रहे उम्मीदवारों के लिये कोई ठहरने और खानेपीने की सुविधा उपलब्ध नहीं है.

(ण) **भर्ती/नामांकन के संबंध में पीएसबी की तिथि से छह महीने के उपरांत किसी भी पूछताछ पर विचार नहीं किया जायेगा.**

14. भारतीय तटरक्षक आपको प्रस्ताव करता है :

(क) पदोन्नति और वेतनमान : विभिन्न रैंकों के लिये पदोन्नति निर्धारित पदोन्नति मानदंडों के अनुरूप होगी. विभिन्न रैंकों के लिये वेतनमान 7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार निम्नानुसार हैं:-

रैंक	वेतन लेवल (पीएल)	शुरुआती मूल वेतन (रु. में)
सहायक कमांडेंट	10	56100.00
उप कमांडेंट	11	67700.00
कमांडेंट (जेजी)	12	78800.00
कमांडेंट	13	123100.00
उप महानिरीक्षक	13ए	131100.00
महानिरीक्षक	14	144200.00
अपर महानिदेशक	15	182200.00
महानिदेशक	16	205400.00

उपर्युक्त वेतन के अलावा नियमों और विनियमों के अनुसार अन्य वेतन और भत्ते देय होंगे.

15. अन्य लाभ

(i) आश्रित माता-पिता सहित स्वयं और परिवार के लिये मेडिकल कवर

(ii) नाममात्र की लाइसेंस फीस पर स्वयं और परिवार के लिये सरकारी आवास

(iii) हर वर्ष 45 दिनों का अर्जित अवकाश और 08 दिनों का आकस्मिक अवकाश, साथ में स्वयं, परिवार और आश्रित माता-पिता के लिये सरकारी नियमानुसार अवकाश यात्रा रियायत (एलटीसी)

(iv) लागू नियमानुसार समूह बीमा के तौर पर रु. 10000/- प्रति माह के प्रीमियम पर रु. 1 करोड़ का बीमा कवर

(v) यथा लागू अंशदायी पेन्सन योजना और सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटि

(vi) सस्ती दरों पर कैंटीन सुविधाएं और विभिन्न ऋण सुविधाएं

(vii) विभिन्न खेलों और साहसिक गतिविधियों में शिक्षण और भागीदारी

(viii) सेवानिवृत्ति के बाद ईसीएचएस चिकित्सा सुविधाएं

16. **डिस्क्लेमर:** विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित सूचना केवल मार्गदर्शन के तौर हैं. पात्रता मानदंड, परीक्षा की तिथि और समय तथा अन्य प्रक्रियाओं के संबंध में किसी प्रकार का संदेह होने पर तटरक्षक भर्ती वेबसाइट: **www.joinindiancoastguard.gov.in** और रोज़गार समाचार में प्रकाशित विषयवस्तु अंतिम है.

*** महत्वपूर्ण:- उम्मीदवारों को अपना आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने से पहले वेबसाइट में दिये गये अनुदेशों को पढ़ लेना चाहिये. यह केवल सांकेतिक विज्ञापन है.**

चेतावनी: तट रक्षक में चयन निष्पक्ष और केवल मैरिट के आधार पर होता है. उम्मीदवारों को धोखेबाज़ तत्वों के बहकावे में नहीं आना चाहिये जो कि अपने को भर्ती एजेंट के तौर पर पेश करते हैं. ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध शिकायत के लिये उम्मीदवार को निदेशक (भर्ती) तटरक्षक मुख्यालय, चयन बोर्ड, नोएडा से टेलीफोन नं. 0120-2975817 पर संपर्क करना चाहिये.

रा. रा. क्षे. दिल्ली सरकार

दिल्ली अधीनस्थ सेवाएं चयन बोर्ड

एफसी-18, इंस्टीट्यूशनल एरिया, कड़कड़डूमा, दिल्ली-110092

वेबसाइट : http://dsssb.delhi.gov.in

सं. एफ. 1 (01)/डीएसएसएसबी/पीएंडपी/2020/विज्ञा./3085 दिनांक : 02/01/2020

रिक्ति सूचना

विज्ञापन सं. 02/2020

महत्वपूर्ण सूचना : केवल ऑनलाइन आवेदन पत्र स्वीकार किए जाएंगे. किसी अन्य पद्धति से प्राप्त आवेदन स्वतः नामंजूर हो जाएंगे.

ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति खुलने की तिथि और बंद होने की तिथि निम्नानुसार है:-

आवेदन खुलने की तिथि : 14/01/2020 (14 जनवरी 2020)
आवेदन बंद होने की तिथि : 13/02/2020 (13 फरवरी 2020)

रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय के अधीन निम्नलिखित पदों की भर्ती के लिये ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:-

क्र. सं.	पद कोड	पद का नाम	विभाग का नाम	(समूह)	ग्रेड वेतन	रिक्ति								
						ईड-ब्ल्यूएस	अना	अपिव	अजा	अजजा	कुल	पीड-ब्ल्यूडी	भूपूसै	खेल
1.	19/20	पीजीटी बायोलॉजी-पुरुष	शिक्षा निदेशालय	ख	4800	0	3	0	2	2	7	0	0	0
2.	20/20	पीजीटी बायोलॉजी-महिला	शिक्षा निदेशालय	ख	4800	0	0	0	1	1	2	0	0	0
3.	21/20	पीजीटी कैमिस्ट्री-पुरुष	शिक्षा निदेशालय	ख	4800	0	0	0	1	0	1	1	0	0
4.	22/20	पीजीटी कैमिस्ट्री-महिला	शिक्षा निदेशालय	ख	4800	0	0	0	1	1	2	0	0	0
5.	23/20	पीजीटी कामर्स-पुरुष	शिक्षा निदेशालय	ख	4800	2	27	16	10	6	61	4	0	0
6.	24/20	पीजीटी कामर्स-महिला	शिक्षा निदेशालय	ख	4800	0	9	14	1	8	32	3	0	0
7.	25/20	पीजीटी अंग्रेजी-पुरुष	शिक्षा निदेशालय	ख	4800	1	11	17	2	11	42	2	0	0
8.	26/20	पीजीटी अंग्रेजी-महिला	शिक्षा निदेशालय	ख	4800	2	24	14	2	14	56	2	0	0
9.	27/20	पीजीटी इतिहास-पुरुष	शिक्षा निदेशालय	ख	4800	1	10	0	4	7	22	1	0	0
10.	28/20	पीजीटी गणित-पुरुष	शिक्षा निदेशालय	ख	4800	1	18	12	5	10	46	4	0	0
11.	29/20	पीजीटी गणित-महिला	शिक्षा निदेशालय	ख	4800	1	10	3	4	8	26	0	0	0
12.	30/20	पीजीटी भौतिकी-पुरुष	शिक्षा निदेशालय	ख	4800	1	12	3	4	2	22	2	0	0
13.	31/20	पीजीटी भौतिकी-महिला	शिक्षा निदेशालय	ख	4800	1	12	10	3	3	29	2	0	0
14.	32/20	पीजीटी संस्कृत-महिला	शिक्षा निदेशालय	ख	4800	0	2	4	2	2	10	1	0	0
15.	33/20	पीजीटी भूगोल-पुरुष	शिक्षा निदेशालय	ख	4800	1	18	8	6	2	35	1	0	0
16	34/20	पीजीटी पंजाबी-महिला	शिक्षा निदेशालय	ख	4800	0	0	1	0	0	1	0	0	0
17.	35/20	शैक्षणिक और व्यावसायिक निर्देशन काउंसलर (ईबीजीसी)-पुरुष	शिक्षा निदेशालय	ख	4800	9	88	62	23	16	198	0	0	0
18.	36/20	शैक्षणिक और व्यावसायिक निर्देशन काउंसलर (ईबीजीसी)- महिला	शिक्षा निदेशालय	ख	4800	2	24	56	17	19	118	0	0	0

अर्हता, आयु सीमा, फीस आदि का विवरण वेबसाइट **http://dsssb.delhi.gov.in/current-vacancies/Delhi-subordinate-services-selection-board** पर उपलब्ध है. उम्मीदवारों को वेबसाइट **http://dsssbonline.nic.in** के जरिए ऑनलाइन आवेदन करना चाहिये. ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के लिये बंद होने की **तिथि 13/02/2020 (अपराह्न 11:59 बजे तक)** है, जिसके बाद लिंक हटा दिया जायेगा. किसी अन्य पद्धति से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे.

उप सचिव (पीएंडपी)
दिल्ली अधीनस्थ सेवाएं चयन बोर्ड

विज्ञापन सं. 02/20

उपयोगकर्ता विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये भर्ती नियमों के अनुसार पद के नाम, पद कोड, रिक्तियों की संख्या, शैक्षणिक अर्हताएं, अपेक्षित अनुभव, वेतनमान, आयु सीमा आदि के संबंध में विवरण निम्नानुसार हैं:-

शिक्षा निदेशालय में शिक्षण पद			
पद कोड :	**19/20**	**पद का नाम :**	**पीजीटी बायोलॉजी-पुरुष** शिक्षा निदेशालय
रिक्तियों की संख्या :		(कुल-7)-	(अना-3, अजा-2, अजजा-2)
शैक्षणिक अर्हता :		**अनिवार्य :**	(1). किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में मास्टर डिग्री (2). प्रशिक्षण/शिक्षा में डिग्री/डिप्लोमा ''ऊपर क्र. सं. 2 में वर्णित अर्हता निम्नानुसार उम्मीदवारों के मामलों में शिथिलनीय है'. (I) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित विषय में पीएच.डी डिग्री प्राप्त की हुई हो. **अथवा** (II) हायर सेकेंडरी, डिग्री और स्नातकोत्तर परीक्षा में प्रथम श्रेणी प्राप्त की हो साथ में यह अनिवार्य शर्त कि उम्मीदवार सेवा में उसकी ज्वाइनिंग की तिथि से अधिकतम तीन वर्षों की अवधि के भीतर बी.एड/बी.टी अर्हता अर्जित कर लेगा.
		वांछनीय :	शून्य
अनुभव :		**अनिवार्य :**	शून्य
		वांछनीय :	किसी कालेज/हायर सेकेंडरी स्कूल/हाई स्कूल में संबंधित विषय में पढ़ाने का 3 वर्ष का अनुभव.
वेतनमान :		रु. 9300-34800/- + ग्रेड वेतन 4800/- समूह : 'ख'	
आयु सीमा :		36 वर्ष से कम, आयु में पैरा 6 की सारणी के अनुसार छूट दी जायेगी. **अतिथि/अनुबंध शिक्षक:-** समान विभाग के अनुबंधित कर्मचारी के तौर पर व्यतीत वास्तविक समय तक एक समय उपाय के तौर पर ऊपरी आयु में छूट, जो कि अधिकतम 5 वर्ष के विषयाधीन होगी बशर्ते कि उन्होंने सेवा विभाग के पत्र/परिपत्र सं.19 (11)/2015/S-IV/1751-1756 दिनांक 11/06/2019 के अनुरूप उस वर्ष विशेष में कम से कम उन्होंने 180 कार्य दिवसों के लिये काम किया है. **विश्वविद्यालय में शिक्षण :** 05 वर्ष की आयु में छूट ''उन्हें दी जा सकती है, जो कि विश्वविद्यालय में शिक्षण कार्य कर रहे हैं'' जो कि कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के का.ज्ञा. सं. 15012/2/2010.स्था. घ, दिनांक 27/03/2012 के तहत पदों के लिये सरकारी सेवकों को दी गई आयु में छूट के समकक्ष है.	
उपयोगकर्ता विभाग के मांगपत्र के अनुसार इस पद की एसिड हमला प्रभावित, बौनापन, कुष्ठ रोग ठीक हुआ व्यक्ति, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, पीडब्ल्यूडी (ओए, ओएल, ओएएल, बीएल, पीबी, बी, एलवी) उम्मीदवार के लिये उपयुक्त पहचान की गई.			
आर. नं. एफ. सं. डीई 2(8)(10)ई-II/मांगपत्र. पीजीटी/17/पार्ट-फाइल/1809 दिनांक. 23/12/2019			
पद कोड :	**20/20**	**पद का नाम :**	**पीजीटी बायोलॉजी-महिला** शिक्षा निदेशालय
रिक्तियों की संख्या :		(कुल-2)- (अजा-1, अजजा-1)	
शैक्षणिक अर्हता :		**अनिवार्य :**	(1). किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में मास्टर डिग्री (2). प्रशिक्षण/शिक्षा में डिग्री/डिप्लोमा ''ऊपर क्र. सं. 2 में वर्णित अर्हता निम्नानुसार उम्मीदवारों के मामलों में शिथिलनीय है'. (I) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित विषय में पीएच.डी डिग्री प्राप्त की हुई हो. **अथवा** (II) हायर सेकेंडरी, डिग्री और स्नातकोत्तर परीक्षा में प्रथम श्रेणी प्राप्त की हो साथ में यह अनिवार्य शर्त कि उम्मीदवार सेवा में उसकी ज्वाइनिंग की तिथि से अधिकतम तीन वर्षों की अवधि के भीतर बी.एड/बी.टी अर्हता अर्जित कर लेगा.
		वांछनीय :	शून्य
अनुभव :		**अनिवार्य :**	शून्य
		वांछनीय :	किसी कॉलेज/हायर सेकेंडरी स्कूल/हाई स्कूल में संबंधित विषय में पढ़ाने का 3 वर्ष का अनुभव.
वेतनमान :		रु. 9300-34800/- + ग्रेड वेतन 4800/- समूह : 'ख'	
आयु सीमा :		36 वर्ष से कम, आयु में पैरा 6 की सारणी के अनुसार छूट दी जायेगी. **अतिथि/अनुबंध शिक्षक:-** समान विभाग के अनुबंधित कर्मचारी के तौर पर व्यतीत	

राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केंद्र (आरआरकेट), इन्दौर, मध्य प्रदेश में अपरेंटिस अधिनियम, 1961 और अपरेंटिसशिप नियम, 1992 के वर्तमान प्रावधानों के तहत **70** ट्रेड शिशुओं (अप्रेन्टिस) के प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। वैच के शुरू होने की तिथि **01/04/2020** है। सभी ट्रेडों के लिए शिक्षुता की अवधि 1 वर्ष है। इसके लिए केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे जो आरआरकेट अपरेंटिसशिप पोर्टल के माध्यम से भरे जा सकेंगे। आरआरकेट अपरेंटिसशिप पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन जमा करने की सुविधा **31/01/2020** के 10:00 बजे से **28/02/2020** के 15:00 बजे तक उपलब्ध होगी। अनुसूचित जाति (SC) अनुसूचित जनजाति (ST) और अन्य पिछड़े वर्गों के नॉन क्रीमी लेयर (ओबीसी-एनसीएल) के लिए आरक्षण अपरेंटिसशिप नियम 1992 के मौजूदा प्रावधानों के अनुसार होगी। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की जन्म तिथि का 01/04/1998 और 31/03/2002 के बीच होना अनिवार्य है। विस्तृत विज्ञापन **www.rrcat.gov.in** पर देखा जा सकता है और वहाँ से डाउनलोड भी किया जा सकता है।

R-43427/2020

Maa Narmada College of Education (B.Ed. College)
Maa Narmada Mahavidhyalay (Degree College)

(Affiliated to D.A.V.V. Indore)
Maheshwar Road, Dhamnod (Dhar) 99266-36660 E-mail : mndcdhamnod03@gmail.com

REQUIRED

Principal	:	Eligibility Ph.D. - 01 Post (Degree College)
Lecturer/ Asst. Professor	:	Foundation course (Hindi, English, Sanskrit) -01 Post
		Pedagogy Subject (Physics, Chemistry, Maths, Biology, Commerce, Sociology, Economics, Geography, Psychology., Computer) -04 Post For B.Ed. College
Sports Teacher	:	01 Post
Asst. Professor	:	Computer, Commerce, Management, Biotechnology, Physics, Chemistry, Hindi, English, Maths, Sociology, Seed Tech., Botany, Zoology, Horticulture (For Degree College) Each 02 Post

✲ Qualification & Salary as per UGC/NCTE/University Norms (College Code 28)
✲ No salary bar for Deserving Candidate.
✲ Apply with all Testimonials & Photo within 7 Days.

Director

R-43424/2020

ADARSH INSTITUTE OF MANAGEMENT & SCIENCE
A. B. Road Dhamnod, Dhar (M. P.)-454552
(Affiliated to D.A.V.V.)
Mob.: 089896-60202, 98935-37647, Email: aimsrequirement@gmail.com

Requires (Under College Code- 28)

Professors, Associate Professors, Asst. Professors

• Commerce -(04)	• Zoology-(04)	• Computer Science -(04)
• Chemistry - (04)	• Hindi -(04)	• Political Science -(04)
• Physics - (04)	• English -(04)	• Sociology -(04)
• Biotechnology -(04)	• Life Science -(04)	• Education -(04)
• Botany - (04)	• Mathematics-(04)	• Sport Officer -(01)
• Office Assistant	• Librarian	• Accountant

• Lab Technician (Biotech, Zoology, Botany, Chemistry, Computer & Physics)

Qualification & Experience as per U.G.C. norms. Salary as per norms
Apply within 10 Days with full details and attested copies & testimonial send to college address and by Email.

Principal

R-43423/2020

RECRUITMENT FOR 2020-21

SHIVA COLLEGE OF EDUCATION
Affiliated to DAVV* Indore,
Recognized by MP Govt. Higher Education
Run By A.S.Kharb Memorial Trust

• **PRINCIPAL** • **PROFESSORS**
• **ASSOCIATE PROFESSORS**
• **ASSISTANT PROFESSORS**
• **LAB IN-CHARGE**

In following disciplines:
BA / BBA / B.Com. / B.Sc. (Botany, Zoology, Seed Technology, Horticulture, Physics, Chemistry, Computer & Mathematics)

Qualification and Salary as per UGC Norms.
Also Telecallers, Counsellors, Librarian, Marketing, Office Staff, Peon
Eligible candidate may send their resume within 7 days of advertisement by
Email at shivacollege.edu@gmail.com

Gram Dudhiya, Near Kajindi Midtown, Bypass, Indore. Contact: 8103701431

R-43418/2020

REQUIRED

Invites applications for the following posts:

ST. PAUL INSTITUTE OF PROFESSIONAL STUDIES, Indore
(Affiliated to Devi Ahilya Vishwavidyalaya, Indore)

Assistant Professors/ Associate Professors/ Professors (for the following subjects)
(i) Commerce **(ii)** Management **(iii)** Physics **(iv)** Mathematics **(v)** Computer **(vi)** Hindi **(vii)** English **(viii)** Political Science **(ix)** Psychology **(x)** Sports

Note: ➢ Qualification and Eligibility as per UGC/Dept. of Higher Education, Bhopal norms for selection of faculty under College Code 28. ➢ Salary and other Allowances as per norms. ➢ Apply with all the testimonials **before 15.02.2020** ➢ Hard Copy of the Application in the **Prescribed Format only** will be accepted at college office. ➢ Download the application Form from our **website**

ST. PAUL INSTITUTE OF PROFESSIONAL STUDIES
(Run by the Catholic Diocese of Indore)
7/1, Boundary Road, Near Lalaram Nagar, Indore,
Ph.:**0731-2499911, 2490114,** Mo.:**09669401666**

SPIPS

Gourav

R-43419/2020

INDORE MAHA VIDHYALAYA | Run By Late Motilal Nagar Smruti Shikshan Samiti

Affiliated to RGPV Bhopal, Recognized by PCI, Approved by AICTE

RECRUITMENT FOR 2020-21

PRINCIPAL/PROFESSORS / ASSOCIATE PROFESSORS/ ASSISTANT PROFESSORS / LAB IN-CHARGE

In following disciplines: **B.Pharmacy and D.Pharmacy**

Qualification and Salary as per AICTE Norms.
Also Tele-Callers, Counsellors, Librarian, Marketing, Office Staff, Peon
Eligible candidate may send their resume within 7 days of advertisement by
Email at indoremahavidyalaya@gmail.com

Opposite Pitraparvat Near Indore Airport, Indore Call : 95221 87222 95221 87333

R-43417/2020

" EMPLOYMENT NOTIFICATION "

CAMPUS OF BEST MORAL COLLEGE BEDIA,KHARGONE

(Affiliated to D.A.V.V Indore And Approved by M.P. Govt. Higher Education, Bhopal)

" **REQUIREMENT**"

- **Principal**
- **Professor/Associate Professor/Assistant Professor**

(Bio-technology , Micro Biology,Chemistry,Zoology, Computer science, Physics, Commerce ,Seed Technology,Horticulture,Soil Conservation & Water Management, Maths, Botany, Hindi, English,Sociology,Political Science)

- **Librarian(1 Post), Sports Officer(1 Post)**

(Qualification & Salary as per UGC/M.P. Govt. Norms)
Interested Candidates should apply with Biodata and supporting documents within 7 days from the date publication of the advertisement
Add:- CAMPUS OF BEST MORAL COLLEGE BEDIA, Dist Khargone
Contact us:- 9826657303,8435463063 ,9826227588
E-mail:- cbmprincipal@gmail.com

Principal

R-43425/2020

वायु सेना की भर्ती रैली 28 फरवरी को अनूपपुर में होगी

अनूपपुर में 28 फरवरी को होने वाली वायु सैनिक भर्ती रैली में भोपाल जिले के अनुसूचित-जनजाति वर्ग के पात्र युवा भी भाग ले सकेंगे। यह रैली स्पोर्ट्स स्टेडियम अनूपपुर में आयोजित हो रही है। दिनांक 22 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित होने वाली भर्ती रैली में भोपाल को पात्र जिलों में शामिल किया गया है। भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने के लिये नियत दिनांक को प्रातः 5 बजे से प्रातः 10 बजे के बीच टोकन प्राप्त करना होगा।

भारतीय वायु सेना द्वारा आयोजित इस भर्ती रैली में 17 जनवरी, 2000 से 30 दिसम्बर 2003 तक जन्में अविवाहित युवक शामिल हो सकते हैं। अभ्यर्थियों की ऊंचाई कम से कम 165 सेंटीमीटर होना चाहिये। भर्ती में शामिल होने के लिये केंद्रीय अथवा राज्य के शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त 10+2 या समकक्ष परीक्षा किसी भी स्ट्रीम से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक व अंग्रेजी विषय में भी न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण उम्मीदवार भाग ले सकेंगे। भर्ती परीक्षा के संबंध में अधिक जानकारी वायु सैनिक चयन केंद्र, भोपाल के फोन नम्बर 0755-2661955 पर ली जा सकती है। अनुसूचित-जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी भर्ती पूर्व प्रशिक्षण के लिये अपना पंजीयन 8 फरवरी तक वी ब्लॉक, पुराना सचिवालय स्थित सहायक आयुक्त, अनुसूचित-जाति एवं अनुसूचित-जनजाति कार्यालय में करा सकते हैं।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश अव्वल

भोपाल, मध्यप्रदेश को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के क्रियान्वयन के लिये पहला स्थान प्राप्त हुआ है। इंदौर जिले को इस योजना के बेहतर प्रदर्शन के लिये पहले स्थान पर चुना गया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना सप्ताह के क्रियान्वयन के लिये भी प्रदेश को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। प्रदेश में यह सप्ताह 2 से 8 दिसम्बर 2019 को मनाया गया था।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में प्रदेश अब तक कुल 14 लाख 55 हजार 501 हितग्राहियों को पंजीकृत किया गया है। लगभग 13 लाख 40 हजार 224 हितग्राहियों को पहली किश्त, 12 लाख 60 हजार 304 को दूसरी और 8 लाख 80 हजार 517 हितग्राहियों को तीसरी किश्त भुगतान की गई है। मातृ वंदना योजना का मुख्य उद्देश्य कार्य करने वाली महिलाओं की मजदूरी के नुकसान की भरपाई करने के लिये आर्थिक क्षतिपूर्ति के रूप में प्रोत्साहन राशि देना और उनके उचित आराम और पोषण की व्यवस्था सुनिश्चित करना है। प्रोत्साहन राशि का भुगतान हितग्राही के आधार से जुड़े बैंक खाते अथवा डाकघर खाते में सीधे जमा की जाती है।

राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह

गणतांत्रिक व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने का संकल्प लें प्रदेशवासी - राज्यपाल

भोपाल, राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने 71वें गणतंत्र दिवस पर लाल परेड मैदान में आयोजित राज्य-स्तरीय समारोह में प्रदेशवासियों का आह्वान किया है कि प्रदेश में गणतांत्रिक व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि प्रदेश की प्रगति और आम आदमी के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के प्रयासों में राज्य सरकार का सहयोग करें। श्री टंडन ने समारोह में ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली।

राज्यपाल ने कहा कि युवाओं को भविष्योन्मुखी और रोज़गारपरक शिक्षण के लिए प्रदेश में ग्लोबल स्किल पार्क की स्थापना की जा रही है। संभागीय मुख्यालयों के आई.टी.आई. संस्थानों को मेगा आई.टी.आई. में उन्नत किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में सामूहिक नल-जल योजना के माध्यम से स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में 40 लाख आवासहीन परिवारों के लिए आवास की आवश्यक अधोसंरचना का भी विकास किया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में आवास मिशन के आवासहीनों को किराए पर मकान मिलेंगे, जिनका 15 साल तक किराया देने के बाद मकान हितग्राही का हो जाएगा। राज्यपाल ने बताया कि गौवंश को आश्रय देने के लिए प्रदेश में एक हजार गौशालाएं बनाई जा रही हैं। प्रत्येक गौशाला के साथ 5 एकड़ के चारागाह भी विकसित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि गौ-शाला के लिए चारा-भूसा का दैनिक अनुदान तीन रुपये से बढ़ाकर 20 रुपये प्रति गौवंश किया गया है।

राज्यपाल ने कहा कि आदिवासियों के कल्याण के लिये वनाधिकार अधिनियम के निरस्त दावों पर समयबद्धता के साथ पुनर्विचार किया जा रहा है। एक माह में ऐसे सभी प्रकरणों पर अंतिम निर्णय ले लिया जायेगा। तेंदूपत्ता संग्राहकों की मजदूरी दर में वृद्धि कर इसे दो हजार से बढ़ाकर ढाई हजार रुपये प्रति मानक बोरा किया गया है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति और आदिवासियों के विकास पर जनसंख्या के मान से ही उचित बजट का आवंटन होगा। राज्यपाल ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में मूलभूत और आधुनिक सुविधाओं के लिए मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के तृतीय चरण को मंजूरी दी गई है। लोगों को रोज़गार के अवसर मिलें, इसके लिए प्रदेश को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल की पहचान दिलाने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि चिकित्सा शिक्षा में एम.बी.बी.एस. तथा पी.जी. कोर्स में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा को अनिवार्य किया गया है।

सुशासन संस्थान और जार्ज संस्थान सिडनी के बीच हुआ एमओयू

भोपाल, मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में दक्षता संवर्द्धन के लिये अटल विहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान और जार्ज इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल हेल्थ सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) के बीच एमओयू साइन किया गया है। संस्थान के महानिदेशक श्री आर. परशुराम और जार्ज संस्थान के डायरेक्टर श्री अमित खन्ना ने एमओयू पर हस्ताक्षर किये।

संस्थान के महानिदेशक श्री परशुराम ने कहा कि दोनों संस्थाएं मिलकर राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाएंगी। इस क्षेत्र में रिसर्च को भी बढ़ावा दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि एमओयू के माध्यम से गैर संक्रामक बीमारियों को रोकने, स्वास्थ्य अमले की दक्षता में वृद्धि करने और सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु को कम करने के लिये अनुसंधान आधारित हस्तक्षेप एवं परिवर्तन सहित अन्य कार्य किये जायेंगे।

जार्ज संस्थान के डायरेक्टर वित्त श्री अमित खन्ना ने कहा कि हम कई राज्यों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य उनके संस्थान की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

एकजुट होकर किये गये प्रयासों से मध्यप्रदेश बनेगा देश में अग्रणी

प्रगति के लिए तंत्र और गण अपनी सोच और नजरिए में क्रांतिकारी परिवर्तन लाएं

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ इंदौर में द्वार प्रदाय सेवा के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुये।

इंदौर, मध्यप्रदेश की तुलना देश के अग्रणी राज्यों से हो न कि पिछड़े और छोटे राज्यों से। प्रगति के लिए जरूरी है कि तंत्र और गण अपनी सोच और नजरिए में क्रांतिकारी परिवर्तन लाएं, क्योंकि एकजुट होकर किए गए प्रयासों से ही बेहतर परिणाम हासिल होते हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने इंदौर में चौबीस घंटे में पांच सेवाओं के लिए 'द्वार प्रदाय सेवा' योजना का लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं। ऐसी योजना शुरू करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश की पहचान बदलना हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने दावोस की अपनी चार दिवसीय यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश किसानों की आत्महत्या, माफिया, बेरोज़गारी के कारण जाना जाए, इस शर्मनाक हालात में बदलाव लाना होगा। श्री कमल नाथ ने कहा कि इसके लिए शासन और प्रशासन के साथ लोगों के दृष्टिकोण और कार्य संस्कृति में आमूल-चूल परिवर्तन लाना होगा, जो आज के जमाने से तालमेल बना सके। उन्होंने कहा कि इंदौर पूरे देश में स्वच्छता के मामले में अव्वल है, तो इसका श्रेय स्थानीय प्रशासन के साथ-साथ यहां की जनता को भी जाता है। श्री कमल नाथ ने कहा कि आज जब मैं लोगों को इंदौर में आमंत्रित करता हूँ, तो गर्व से कहता हूं कि उस इंदौर में आइये, जहां पूरे देश में सबसे ज्यादा साफ-सफाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा गर्व हमें पूरे प्रदेश को लेकर हो, इस दिशा में सरकार जनता के साथ मिलकर काम करना चाहती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए जरूरी है कि कृषि के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाएं। यह ऐसा क्षेत्र है जिस पर हमारे प्रदेश की 70 प्रतिशत आबादी का भविष्य निर्भर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था तभी मजबूत होगी, जब हम किसानों की क्रय शक्ति को बढ़ाएंगे। यही क्रय शक्ति है, जो हमारे किरानों की दुकानों और छोटे व्यापार-व्यवसाय को आगे बढ़ाएगी। साथ ही रोज़गार के व्यापक अवसर भी उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सोच के साथ निवेश-मित्र राज्य बनाने और प्रदेश की जनता से जो शक्ति इस सरकार को मिली है, उसके बल पर हम मध्यप्रदेश का एक नया नक्शा बनाने का लक्ष्य लेकर काम कर रहे हैं।

इंदौर जिले के प्रभारी गृह एवं जेल मंत्री श्री बाला बच्चन ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ के नेतृत्व में सरकार प्रदेश की जनता के जीवन को आसान बनाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार द्वारा लोक सेवा गारंटी योजना के तहत लोगों की जरूरतों के त्वरित निदान के लिए लोक सेवा केंद्रों की संख्या 326 से बढ़ाकर 426 की गई है। इनके माध्यम से हम 464 सेवाएं निरंतर 300 दिन प्रदेश की जनता को दे रहे हैं। श्री बच्चन ने कहा कि इन सेवा केंद्रों में प्रति दिन 25 से 30 हजार आवेदन आते हैं, जिन्हें तत्काल संबंधित विभागों को निर्धारित अवधि में समाधान के लिए भेजा जाता है।

द्वार प्रदाय सेवा योजना से 24 घंटे में घर पर मिलेंगी पांच सेवाएं

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने देश की पहली द्वार प्रदाय सेवा योजना की शुरुआत की। उन्होंने लैपटॉप पर डिस्पेच बटन दबाकर योजना का लोकार्पण किया। उन्होंने योजना के प्रथम लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद भी किया। इस सेवा के जरिए प्रदेश के नागरिकों को आय प्रमाण-पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र एवं खसरा-खातौनी की नकल 24 घंटे के अंदर उनके घर में प्राप्त होगी। इसके लिए नागरिकों को लोक सेवा केंद्र अथवा उसके पोर्टल पर आवेदन देते समय उपलब्ध विकल्प को चुनकर आवेदन करना होगा। सेवाएं लोक सेवा गारंटी एक्ट के तहत 'आपकी सरकार-आपके द्वार' योजना के अंतर्गत दी जाएंगी।

बुनकरों की आय बढ़ाने सौर ऊर्जा से खादी वस्त्र उत्पादन को मिलेगा प्रोत्साहन

कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री हर्ष यादव और पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह भोपाल में खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुये।

भोपाल, कुटीर एवं ग्रामोद्योग तथा नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री हर्ष यादव और पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह ने बुनकरों की आय बढ़ाने के लिये खादी वस्त्र उत्पादन में सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिये भोपाल स्थित मंत्रालय में अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। प्रमुख सचिव कुटीर एवं ग्रामोद्योग श्री अनिरुद्ध मुखर्जी, प्रमुख सचिव वित्त श्री मनोज गोविल, प्रबंध संचालक राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड श्री मनोज खत्री ने विचार-विमर्श में भाग लिया।

पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 150वीं जयंती वर्ष में गांधी दर्शन के अनुरूप बुनकरों द्वारा सौर ऊर्जा से विकेन्द्रीकृत रूप से लूम संचालित किये जाने की आवश्यकता है। इससे बुनकरों की आय में वृद्धि होगी और ग्रामीण क्षेत्र में रोज़गार की संभावनाएं बढ़ेंगी। चर्चा के दौरान सौर ऊर्जा के उपयोग से उत्पादित खादी वस्त्रों को बाजार उपलब्ध करवाने के लिये भण्डार क्रय एवं सेवा उपार्जन नियम-2015 में प्रावधान किये जाने पर सहमति व्यक्त की गयी।

श्री यादव ने कहा कि बुनकरों को सौर ऊर्जा के उपयोग से वस्त्र उत्पादन का प्रशिक्षण देने के लिये क्लस्टर का उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसी एक स्थान पर पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में इसकी शुरुआत की जाये।

इस अवसर पर बताया गया कि प्रदेश में सोलर चरखा और सोलर लूम के उपयोग के लिये कत्तिन और बुनकरों को प्रोत्साहित किया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि खादी ग्रामोद्योग आयोग ने वस्त्र उत्पादन में सौर ऊर्जा का उपयोग करना शुरू कर दिया है। आयोग के दिशा-निर्देश के अनुसार सोलर चरखे के एक क्लस्टर के लिये 8 से 10 किलोमीटर की परिधि में करीब 300 कत्तिन और बुनकर कम से कम 400 सोलर चरखे और 100 सोलर लूम का उपयोग करेंगे।

महिला कैदियों को पुनर्स्थापित करने के लिये दिया जायेगा रोज़गारोन्मुखी प्रशिक्षण

भोपाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती इमरती देवी ने मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजना में महिला कैदियों को रोज़गारोन्मुखी प्रशिक्षण देकर आर्थिक रूप से सशक्त बनाये जाने की पहल की है। इस प्रशिक्षण के लिये प्रथम चरण में छिंदवाड़ा जेल की 11 महिला कैदियों का चयन किया गया है। इन्हें औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान छिंदवाड़ा में 50 दिवसीय फैशन डिजाइनिंग, वस्त्र निर्माण एवं सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान महिला कैदियों को 500 रुपये प्रतिमाह शिष्यवृत्ति भी प्रदान की जायेगी। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य इन महिलाओं में आत्म-विश्वास को बढ़ाना और उन्हें आत्म-निर्भर बनाकर समाज में पुनर्स्थापित करना है।

महिला सशक्तिकरण योजना का लक्ष्य समूह बलात्कार और दुर्व्यवहार से बचाई गई महिलाओं/बालिकाओं, एसिड अटैक विक्टिम, दहेज प्रताड़ित, अग्नि पीड़ित, बाल-विवाह पीड़ित, जेल से रिहा, परित्यक्ता, तलाकशुदा और अन्य विपत्तिग्रस्त बालिकाओं/महिलाओं को आपात स्थिति में सहायता पहुंचाना है। महिला सशक्तिकरण योजना में पात्र हितग्राहियों को फार्मेसी, नर्सिंग, फिजियोथैरेपी, ब्यूटीशियन कोर्स, शॉर्ट-टर्म मैनेजमेंट कोर्स, आई.टी.आई./पॉलीटेक्निक, कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रोग्रामिंग एण्ड असिस्टेंट, इवेंट मैनेजमेंट, हॉस्पिटेलिटी, होटल मैनेजमेंट जैसेप्रशिक्षण दिये जाते हैं।

शहडोल जिले में 13 हजार 997 किसानों के 35 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण माफ

भोपाल, आदिम जाति कल्याण मंत्री श्री ओमकार सिंह मरकाम ने अपने प्रभार के जिले शहडोल में जिला योजना समिति की बैठक में जय किसान फसल ऋण माफी योजना की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि जिले में प्रथम चरण में 13 हजार 997 किसानों के 35 करोड़ 24 लाख रुपये के कृषि ऋण माफ किये जा चुके हैं। दूसरे चरण में किसानों के ऋण माफी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अब तक 2266 किसानों के 16 करोड़ 4 लाख रुपये के कृषि ऋण माफ किये जा चुके हैं।

श्री मरकाम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रामसभा में किसानों को ऋण माफी की प्रक्रिया समझाई जाये। ग्राम पंचायतों में योजना में लाभांवित पात्र किसानों की सूची भी चस्पा की जाये। श्री मरकाम ने समीक्षा बैठक में जिले में हैण्डपम्पों से निकलने वाले पानी की जाँच के लिये विशेष अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये। बैठक में श्रमिकों की 'नया सबेरा' योजना की समीक्षा की गई।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

देश-दुनिया में शांति के लिए अहिंसा ही एकमात्र विकल्प - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ भोपाल में 'गांधी संदेश पद यात्रा' पर प्रकाशित पुस्तक का विमोचन करते हुये।

भोपाल, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा का जो मार्ग दिखाया है, वही एक मात्र विकल्प है, जो हमारे देश और दुनिया में शांति कायम कर सकता है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास पर 'गांधी संदेश पद यात्रा' पुस्तक का विमोचन करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की वर्तमान और भावी पीढ़ी को गांधी जी के विचारों से अवगत कराना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं और धर्म पर आधारित हमारे देश की यह विशेषता बनी रहे, एक दूसरे के प्रति सम्मान का भाव रहे, इसके लिए हर भारतीय को प्रयास करना चाहिए। श्री कमल नाथ ने कहा हमारे देश का संविधान पूरी दुनिया में सबसे महान संविधान है। यह सर्वधर्म समभाव और समानता पर आधारित है। कई देशों ने हमारे संविधान को अपनाया है। यह संविधान अक्षुण रहे, यह हम सभी का कर्तव्य है।

महात्मा गांधी के 150वीं जंयती वर्ष के अवसर पर 'गांधी संदेश पद यात्रा' जबलपुर से 25 दिसंबर को शुरू हुई। इसका समापन मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने 6 जनवरी को छिंदवाड़ा में किया। समापन अवसर पर हुए कार्यक्रम में 25 हजार स्कूली बच्चों ने महात्मा गांधी के प्रिय भजन 'वैष्णव जन को तैने कहिए' को सामूहिक रूप से गाया, जो एक वर्ल्ड रिकॉर्ड बना है। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के साउथ एशिया हेड श्री आलोक कुमार ने मुख्यमंत्री को इस रिकॉर्ड का प्रमाण-पत्र प्रदान किया। श्री दुर्गेश पटेल के नेतृत्व में 70 पद यात्रियों ने गांवों और स्कूलों में जाकर गांधी जी के संदेश को पहुंचाया। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण भी किया।

मुख्यमंत्री ने किया गांधीजी का स्मरण

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने शहीद दिवस पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का पुण्य-स्मरण करते हुए कहा कि आज भारत को एकजुट बनाए रखने के लिए महात्मा गांधी द्वारा दिखाए रास्ते पर पूरी दृढ़ता के साथ चलने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यही एकमात्र विकल्प है जो देश को एक सूत्र में पिरोए रख सकता है।

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने कहा कि सद्भाव और अहिंसा की आज भारत को सबसे ज्यादा जरूरत है। गांधीजी ने इसके लिए अपने प्राणों तक का बलिदान दे दिया। हम सभी नागरिकों का कर्तव्य है कि देश को बांटने की कोशिशों को नाकामयाब करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत का भविष्य विभिन्नता और अनेकता में एकता की भावना से ही सुरक्षित है। हमारी यह संस्कृति अक्षुण बनी रहे, इसके लिए गांधी जी के दिखाए गए मार्ग पर पूरी दृढ़ता से एक साथ चलने का संकल्प लें। यही हमारी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

मध्यप्रदेश के 14 जिलों में खोले जाएंगे मेगा स्किल सेंटर-मुख्यमंत्री

भोपाल, युवाओं में कौशल विकास के लिए प्रदेश के 14 जिलों में मेगा स्किल सेंटर स्थापित होंगे। ये सेंटर प्रदेश के आदिवासी ब्लॉकों में भी खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने मार्च 2020 तक सभी सेंटर शुरू करने के निर्देश दिए हैं। ये निर्देश मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने मंत्रालय में भोपाल में स्थापित होने वाले ग्लोबल स्किल पार्क के निर्माण की प्रगति एवं एशियन डेवलपमेंट बैंक की सहायता से क्रियान्वित स्किल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट की समीक्षा करते हुये दिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं में कौशल विकास हो, यह आज की सबसे बड़ी जरूरत है। इससे हम बेरोज़गारी की चुनौती का सामना कर सकेंगे। श्री कमल नाथ ने कहा कि अधिक से अधिक कौशल विकास केंद्र खोले जाएं और उसमें ऐसे ट्रेड का प्रशिक्षण दिया जाए, जिनमें रोज़गार की व्यापक संभावनाएं हैं।

श्री कमल नाथ ने भोपाल में स्थापित होने वाले ग्लोबल स्किल पार्क का निर्माण मार्च 2020 तक शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व निर्माण संबंधी सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली जाएं। मुख्यमंत्री ने दस संभागीय आई.टी.आई. के निर्माण कार्य में भी गति लाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने आई.टी.आई. गोविन्दपुरा के परिसर में संचालित ग्लोबल स्किल पार्क-सिटी कैंपस में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थियों को उद्योगों में प्लेसमेंट तथा नियोजित प्रशिक्षणार्थियों की ट्रेनिंग सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक फ्रेमवर्क तैयार करने को कहा। बैठक में बताया गया कि खरगौन, इंदौर, गुना, ग्वालियर, सिंगरौली, रीवा, दमोह, सागर, राजगढ़, भोपाल, सिवनी, जबलपुर, शाजापुर एवं उज्जैन में मेगा स्किल सेंटर खोले जाएंगे।

प्रदेश में 38 आदिवासी क्रीड़ा परिसरों को 13 करोड़ रुपये से अधिक स्वीकृत

भोपाल, आदिवासी अंचलों में आदिम-जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित 38 क्रीड़ा परिसरों को सुविधा सम्पन्न बनाने के लिए 13 करोड़ 30 लाख रुपये की राशि मंजूर की गई है। प्रत्येक परिसर को 35 लाख रुपये मंजूर किये गये हैं। परिसर प्रबंधकों को गुणवत्ता और निर्धारित मापदण्ड के अनुसार सामग्री क्रय करने के निर्देश दिये गये हैं। इसके अलावा, 7 क्रीड़ा परिसरों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएँ उपलब्ध कराये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

ये परिसर खरगोन जिले के भगवानपुरा, सीहोर जिले के सीहोर, अलीराजपुर जिले के उदयगढ़, बड़वानी जिले के बड़वानी, सेंधवा, पाटी और निवाली, बुरहानपुर जिले के खकनार, धार जिले के डही, वाग, तिरला और धार, झाबुआ जिले के रामा, झाबुआ, राणापुर और थांदला, खण्डवा जिले के आशापुर, राजुल, खरगोन जिले में महेश्वर, खरगोन और गोगांवा, बालाघाट जिले के बैहर, बालाघाट और छिंदवाड़ा जिले के जुन्नारदेव, डिण्डोरी जिले के मेहन्दवानी और डिण्डोरी, मण्डला जिले के मोहगांव, कटनी, सिवनी, सीधी, सिंगरौली, अनूपपुर, होशंगाबाद, रतलाम जिले में रतलाम और सैलाना, उमरिया जिले के पाली और उमरिया और श्योपुर जिले में श्योपुर हैं।

आदिम जाति कल्याण विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश स्पेशल एण्ड रेसिडेंसियल एकेडमिक सोसायटी द्वारा संचालित 123 आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2020-21 में कक्षा-6 और 9वीं में प्रवेश के लिये एक फरवरी, 2020 तक ऑनलाइन आवेदन भरे जा सकते थे। पूर्व में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 29 जनवरी तय की गयी थी जिसे बढ़ाकर एक फरवरी किया गया था। इन विद्यालयों में कक्षा-6 के लिये 8,400 और कक्षा-9 के लिये 2569 सीटों के लिये आवेदन लिये जा रहे थे। आदिवासी अंचल के क्षेत्रीय अधिकारियों को इन विद्यालयों में बालिकाओं के आवेदन करवाये जाने निर्देश दिये गये हैं।

विशिष्ट विद्यालयों की सूची एवं विद्यालयवार रिक्त सीटों का विवरण वेबसाइट https://www.mponline.gov.in पर उपलब्ध है।

खुशियों की दास्ताँ

घर बैठे शासकीय दस्तावेज मिलने से अचंभित हुए मेहूल और श्री कैलाश ऐरन

इंदौर, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ द्वारा प्रारंभ की गई 'द्वार प्रदाय सेवा' के अन्तर्गत लाभान्वित मेहूल बंसल और श्री कैलाश ऐरन घर बैठे शासकीय दस्तावेज मूल निवासी का प्रमाण-पत्र पाकर बेहद खुश हुए। इन लाभान्वित आवेदकों को आज घर पर ही मूल निवासी का प्रमाण-पत्र डिलेवरी बॉय के माध्यम से पहुंचाया गया। इन्होंने कल दोपहर में ही ऑनलाइन आवेदन किया था। लाभान्वित आवेदकों से मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन चर्चा की। उन्होंने 'द्वार प्रदाय सेवा' के अन्तर्गत प्रारंभ हुई घर-पहुंच सेवा को ऑनलाइन भी देखा।

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ से ऑनलाइन संवाद में स्कीम नंबर 71 गुमास्ता नगर निवासी मेहूल बंसल ने कहा कि मैंने कल दोपहर में आवेदन किया था। इतनी जल्दी मुझे अपना प्रमाण-पत्र मिल जावेगा, यह विश्वास नहीं हो रहा है। मैं आश्चर्यचकित हूं। सरकार और जिला प्रशासन ने यह बहुत ही अच्छी सेवा प्रारंभ की है। इसके लिये उन्होंने मुख्यमंत्री और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। मेहूल बंसल ने कहा कि लग रहा है कि शासन कितनी तेजी से काम कर रहा है। वीसीएम सिटी नवलखा क्षेत्र में रहने वाले श्री कैलाश ऐरन ने मुख्यमंत्री से संवाद के दौरान अपनी खुशी जाहिर की। इनका कहना था कि यह बहुत ही अच्छी सेवा है। इससे जरूरतमंद लोगों को दस्तावेज और शासकीय सेवाएं प्राप्त करने में आसानी होगी। जनता को अधिक से अधिक लाभ मिलेगा।

राष्ट्रीय कवि प्रदीप सम्मान से अलंकृत हुए श्री अशोक चक्रधर

भोपाल, गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर संस्कृति विभाग द्वारा रवींद्र भवन में अखिल भारतीय कवि सम्मलेन आयोजित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार श्री अशोक चक्रधर, नई दिल्ली को राष्ट्रीय कवि प्रदीप सम्मान 2018 से अलंकृत किया गया। प्रमुख सचिव, संस्कृति श्री पंकज राग ने श्री चक्रधर को सम्मान प्रदान किया। सम्मान-स्वरूप दो लाख रुपये, शाल और प्रशस्ति-पत्र भेंट किया गया। इस अवसर पर कवि स्वर्गीय प्रदीप जी की बेटी मितुल प्रदीप भी उपस्थित थीं। सम्मानित कवि श्री अशोक चक्रधर ने कहा कि वे इस प्रतिष्ठित सम्मान को प्राप्त कर गौरव का अनुभव कर रहे हैं। उन्होंने अपनी साहित्यिक यात्रा और मंच पर काव्य पाठ के कुछ संस्मरण भी सुनाए। कवि सम्मेलन में बड़ी संख्या में काव्य प्रेमी उपस्थित थे।

किसानों को उद्यानिकी फसलें लेने के लिये प्रोत्साहित करें - कृषि मंत्री

ग्वालियर, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री श्री सचिन यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे किसानों को परम्परागत फसलें लेने के साथ उद्यानिकी और फूलों की खेती के लिये प्रोत्साहित करें, ताकि उन्हें अतिरिक्त आय प्राप्त हो सके। श्री यादव ने तानसेन रेजीडेंसी ग्वालियर और चम्बल संभागों के अधिकारियों की बैठक में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि संभाग के जिलों में पैदा होने वाले फलों और सब्जियों पर आधारित प्रसंस्करण संयंत्र लगाने की संभावनाएं तलाशी जायें। श्री यादव ने कहा कि किसानों को प्रयोगशालाओं में मिट्टी परीक्षण कराने के लिये प्रेरित किया जाये। कृषि मंत्री ने 'शुद्ध के लिये युद्ध' अभियान के तहत खाद-बीज व कीटनाशक दवाओं के अमानक नमूनों के मामले में की गई कार्यवाही की जानकारी ली।

किसान जैविक खेती को अपनायें

कृषि महाविद्यालय परिसर ग्वालियर में आयोजित पश्चिम कृषि मेला कार्यक्रम में कृषि मंत्री श्री सचिन यादव ने किसानों से अपील की कि वे जैविक खेती तथा आधुनिक संयंत्रों के इस्तेमाल की ओर कदम बढ़ायें। इसके लिये कृषि वैज्ञानिकों को किसानों के साथ निरंतर समन्वय रखते हुए उन्हें प्रोत्साहित और प्रेरित करना होगा।

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री सचिन यादव एवं पशुपालन मंत्री श्री लाखन सिंह यादव किसानों को 'जय किसान फसल ऋण माफी योजना' के पत्र वितरित करते हुये।

उन्होंने फसलों के उन्नत बीज तैयार करने के लिये कृषि वैज्ञानिकों को बधाई दी।

इस अवसर पर पशु पालन, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास मंत्री श्री लाखन सिंह यादव ने कहा कि विगत 5 वर्षों से प्रदेश को प्राप्त हो रहे कृषि कर्मण पुरस्कार में किसानों के साथ-साथ कृषि वैज्ञानिकों का अहम् योगदान है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि किसानों और वैज्ञानिकों के समन्वित प्रयासों से कृषि उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश नई ऊँचाईयों को स्पर्श करेगा।

कार्यक्रम में कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर के कुलपति डॉ. एस.के. राव भी उपस्थित थे। तीन दिवसीय कृषि मेले में देश के 8 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के वैज्ञानिकों ने हिस्सा लिया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

राष्ट्रीय मतदाता दिवस

प्रत्येक नागरिक द्वारा मताधिकार का प्रयोग करने से सशक्त होगा लोकतंत्र

भोपाल, राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने 10वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर भोपाल में मिंटो हॉल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में कहा कि जब देश का प्रत्येक नागरिक निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करेगा, तब ही हमारा लोकतंत्र सशक्त होगा।

राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन, मतदाताओं को जागरूक बनाने और नये मतदाताओं को मतदान का लोकतांत्रिक महत्व समझाने की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र की मजबूती का सबसे बड़ा सबूत यह है कि दुनिया के कई देशों में लोकतंत्र खत्म हुआ, लेकिन हमारा लोकतंत्र अभी भी कायम है।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री एम. गोपाल रेड्डी ने समारोह में बताया कि पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में प्रदेश में मतदान के प्रतिशत में निरंतर वृद्धि हुई है। यह सब भारत निर्वाचन आयोग की सक्रियता से संभव हुआ है। उन्होंने बताया कि हर वर्ग और हर उम्र के मतदाताओं को मतदान-केंद्र तक लाने और वापस ले जाने जैसी मूलभूत सुविधाओं से मतदाताओं में जागरूकता आई है।

श्री टंडन ने समारोह में 10 युवा मतदाताओं को इपिक वितरण किया। इस अवसर पर विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन स्लोगन, निबंध, चित्रकला और वाद-विवाद प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त 30 छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर प्रशस्ति-पत्र प्रदान किये गये। साथ ही, लोकसभा निर्वाचन-2019 में श्रेष्ठ कार्य करने वाले निर्वाचन अधिकारियों, नगर निगमों के आयुक्त, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों, जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को भी पुरस्कृत किया गया।

श्री टंडन ने समारोह में उपस्थित मतदाताओं को प्रत्येक निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। शपथ कुछ इस प्रकार थी- "हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादाओं को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की प्रक्रिया को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।"

भू-माफियाओं के साथ नकली दवा बनाने और बेचने वालों के खिलाफ हो कार्रवाई

इंदौर, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने भू-माफिया के साथ शिक्षा और नकली दवा बनाने और बेचने वाले माफियाओं के खिलाफ भी अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में माफिया कोई भी हो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि माफियाओं के खिलाफ सिर्फ एफआईआर करने की औपचारिकता न हो बल्कि उन्हें दंड भी मिले यह सुनिश्चित किया जाए। हमारा लक्ष्य है प्रदेश की जनता को शांति के साथ शुद्धता भी उपलब्ध हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भू-माफियाओं के खिलाफ सरकार की सख्ती के बाद उन्हें शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने की शिकायतें मिली हैं। उन्होंने कहा कि सभी जिले ऐसे लोगों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करें। अपने लाभ के लिए किसी भी माफिया को हमारे प्रदेश की जनता से खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि ड्रग्स बेचने वालों से लेकर सप्लाई करने वालों तक की पूरी चेन को बेनकाब किया जाए। नकली गुटका बनाने वालों पर भी जिला प्रशासन कड़ी नजर रखे।

मुख्यमंत्री ने सभी प्रकार के माफियाओं के खिलाफ जिला प्रशासन से समन्वित रूप से अभियान चलाने को कहा है। उन्होंने कहा कि जमीनों, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जहां भी माफियाओं की जानकारी मिले या आम जनता उनसे पीड़ित और परेशान हो वहां तत्काल कार्रवाई की जाए।

सप्रे संग्रहालय को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाना चाहिये

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ भोपाल स्थित सप्रे संग्रहालय में कर्मवीर पत्रिका के सौ वर्ष पूरे होने पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुये।

भोपाल, सप्रे संग्रहालय वह ऐतिहासिक स्थान है, जिसने न केवल समाचार-पत्र जगत का इतिहास समेट रखा है, बल्कि इसमें एक बेहतर पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित होने की सभी विशेषताएं मौजूद हैं। इसलिए इसे पर्यटन केंद्र के रूप में भी विकसित किया जाना चाहिए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने भोपाल में सुप्रसिद्ध राष्ट्रकवि एवं स्वतंत्रता एवं संग्राम सेनानी पंडित माखनलाल चतुर्वेदी द्वारा संपादित कर्मवीर पत्रिका के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित संगोष्ठी के समापन समारोह को संबोधित करते हुये कहीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कर्मवीर के सौ साल 'संदर्भ ग्रंथ' का लोकार्पण किया।

महात्मा गांधी, एक विचारधारा है

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संयोग है कि आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और राष्ट्र कवि पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की पुण्य-तिथि एक ही दिन है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी एक विचारधारा है, जो पूरी दुनिया को एक बेहतर राष्ट्र बनने और अपने नागरिकों को सुख-शांति का जीवन उपलब्ध करवाने का मार्ग बताती है। उन्होंने कहा कि सत्य, अहिंसा के रास्ते से उन्होंने दुनिया की सबसे बड़ी साम्राज्यवादी ताकत को भारत छोड़ने पर मजबूर किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रकवि माखनलाल जी ने अपनी पैनी कलम और राष्ट्रीयता से ओतप्रोत कविताओं के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम में एक नया जोश पैदा किया। वे हमारे प्रदेश की शान और गौरव थे।

शांति के दूत

श्री कमल नाथ ने कहा कि एक ओर जहां महात्मा गांधी ने पूरी दुनिया को शांति का संदेश दिया, वहीं दूसरी ओर डॉ. अम्बेडकर ने एक समतावादी संविधान की रचना कर दुनिया को रास्ता दिखाया। मुख्यमंत्री ने अपनी अफ्रीका यात्रा का स्मरण करते हुए बताया कि वहां के एक देश के राष्ट्रपति से जब वे मिलने पहुंचे, तो उनके कक्ष में महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव अम्बेडकर बाबा साहेब की तस्वीर देखी। मैंने सोचा कि यह शायद मेरे मिलने के अवसर पर लगाई गई है, पर ऐसा नहीं था। उन्होंने राजनयिक कारणों से देश और राष्ट्रपति के नाम का उल्लेख न करते हुए बताया कि राष्ट्रपति जी ने बताया कि भारत के संविधान निर्माण में जो समतावादी नजरिया अपनाया गया, वही हमारे देश के संविधान का प्रेरणा स्रोत है।

सप्रे संग्रहालय की उपलब्धियां विश्व स्तरीय

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने सप्रे संग्रहालय की उपलब्धियों को विश्व स्तरीय बताया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख सेनानी की भूमिका कर्मवीर पत्रिका ने निभाई।

पंडित माखनलाल चतुर्वेदी द्वारा संपादित कर्मवीर के प्रकाशन को निरंतर रखने का जो बीड़ा सप्रे संग्रहालय के संस्थापक श्री विजयदत्त श्रीधर ने उठाया है, वह सराहनीय है। नई तकनीक से बिना जुड़े सप्रे संग्रहालय ने जिन ऐतिहासिक दस्तावेजों का संग्रह किया है, वह निश्चित ही भारतीय पत्रकारिता के क्षेत्र में बड़ा योगदान है। श्री कमल नाथ ने कहा कि संग्रहालय का हमारे तथा अन्य प्रदेशों के शोधार्थी विद्यार्थियों ने जो लाभ उठाया है वह एक बड़ी उपलब्धि है। जनसम्पर्क मंत्री श्री पी.सी. शर्मा ने कहा कि माधवराव सप्रे संग्रहालय के जरिए भारतीय समाचार-पत्र जगत के इतिहास को संग्रहित करके सहजने का जो कार्य किया गया है, उससे यह संस्थान पूरी दुनिया का उत्कृष्टतम संस्थान बन गया है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सुरेश पचौरी ने पंडित माखनलाल चतुर्वेदी को प्रदेश का दैदिप्यमान नक्षत्र बताते हुए कहा कि महात्मा गांधी वर्ष 1937 में जब बाबई यात्रा पर पहुंचे थे, तो उन्होंने कहा था कि मैं उनकी जन्मभूमि पर आकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

'जीईएम संवाद' कार्यक्रम

शासकीय खरीदी में एम.एस.एम.ई. इकाइयों को दी जाएगी प्राथमिकता

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री आरिफ अकील जीईएम संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

भोपाल, शासकीय खरीदी में एमएसएमई इकाइयों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिससे उनके व्यवसाय एवं रोज़गार दोनों में बढ़ोत्तरी हो। जी.ई.एम. पोर्टल पर मध्यप्रदेश की 3,736 एमएसएमई इकाइयों से 864 करोड़ रुपये का व्यवसाय किया गया है। देश में सबसे ज्यादा रोज़गार एमएसएमई इकाइयां उपलब्ध करवा रही हैं। ये बातें सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री आरिफ अकील ने भोपाल में 'जीईएम संवाद कार्यक्रम' के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुये कहीं।

श्री आरिफ अकील ने कहा कि इस पोर्टल पर एमएसएमई की इकाइयों से खरीदारी के चयन का प्रावधान है और उन्हें ईएमडी में छूट भी दी जाती है। जीईएम पोर्टल पर एमएसएमई इकाइयों को प्राप्त सुविधा से वे देशभर में अपने उत्पाद को शासकीय खरीदी के लिये उपलब्ध करवा सकते हैं।

श्री अकील ने कार्यक्रम के दौरान जेम से सबसे अधिक खरीदी करने पर प्रोत्साहन स्वरूप अर्बन डेवलपमेंट डिपार्टमेंट के अधिकारी को सम्मानित किया। इस अवसर पर बताया गया कि जिला अथवा तहसील स्तर पर भी कोई भी शासकीय विभाग जीईएम पोर्टल के माध्यम से पूरे देश में निर्मित उत्पादों के स्पेसिफिकेशन एवं दरें जानकर अपनी आवश्यकतानुसार सामग्री एवं सेवाएं सरलता से प्राप्त कर सकता है। सरकारी विभागों को जीईएम पोर्टल के माध्यम से खरीदी में सरलता, सही समय और सही दरों पर वांछित सामग्री अथवा सेवा उपलब्ध कराई जाती है। सरकारी उपभोक्ताओं की सुविधा के लिये पोर्टल पर सीधी खरीद के साथ ई-निविदा, रिवर्स ई-नीलामी और ऑनलाइन खरीदी की सुविधा उपलब्ध है।

पोर्टल का लक्ष्य सरकार की सार्वजनिक खरीददारी में पारदर्शिता और दक्षता लाना तथा गति को बढ़ाना है। एमओयू के तहत राज्य के शासकीय विभागों द्वारा गवर्नमेंट-ई-मार्केटप्लेस नई दिल्ली के माध्यम से खरीदी की जा रही है।

'एक पृथ्वी-पांडा फेस्ट-2020'

बच्चे पर्यावरण संरक्षण के सच्चे संवाहक, इन्हें जागरूक बनाना जरूरी

भोपाल, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी भोपाल स्थित शासकीय एमएलबी हायर सेकेण्डरी स्कूल, बरखेड़ा में आयोजित 'एक पृथ्वी-पांडा फेस्ट-2020' में शामिल हुए। डॉ. चौधरी ने कहा कि बच्चे पर्यावरण संरक्षण के सच्चे संवाहक हैं। इन्हें जागरूक बनाना जरूरी है। उन्होंने पांडा फेस्ट आयोजन की सराहना की।

डॉ. चौधरी ने कहा कि मानव जीवन का अस्तित्व कायम रखने के लिये पर्यावरण का संरक्षण किया जाना बहुत जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि जल, वायु और पेड़-पौधे ईश्वर प्रदत्त जीवनदायिनी बहुमूल्य प्राकृतिक सम्पदा हैं। इनका अंधाधुंध दोहन प्रकृति और जीवन, दोनों के लिये प्राणघातक है। इसे सख्ती से रोकना होगा।

पर्यावरण संरक्षण के लिये बड़े पैमाने पर काम करने की जरूरत

प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरुण शमी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और ईको सिस्टम के संतुलन के लिये बड़े पैमाने पर काम करने की आवश्यकता है। इसमें आम नागरिकों की भागीदारी बहुत जरूरी है। बच्चों को पर्यावरण संरक्षण यज्ञ से जोड़कर हम उनका भविष्य संवार सकते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों में पर्यावरण की रक्षा के लिये जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से वर्ल्ड वाइल्ड फेडरेशन द्वारा इस दिशा में किये जा रहे प्रयास से भविष्य में अच्छे परिणाम आयेंगे।

पर्यावरण संरक्षण के लिये चलाये जा रहे हैं विभिन्न कार्यक्रम

वर्ल्ड वाइल्ड फेडरेशन की डायरेक्टर श्रीमती संगीता सक्सेना ने बताया कि 'एक पृथ्वी-पांडा फेस्ट' के माध्यम से पर्यावरण और वन्य-प्राणी सुरक्षा, जल-संरक्षण, ऊर्जा-संरक्षण, जैविक-खेती, जैव-विविधिता संरक्षण एवं पर्यावरण प्रदूषण से होने वाले खतरों से बचाने के लिये 5 विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इनमें बच्चों को जागरूक बनाना भी शामिल है, जिससे बच्चे खुद समाधान निकालकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कारगर प्रयास करें।

एक पृथ्वी-पांडा फेस्ट-2020 में भोपाल और रायसेन ने बच्चों ने लिया हिस्सा

डॉ. चौधरी ने फेस्ट में बच्चों को पुरस्कृत किया और उनके द्वारा बनाये गये मॉडल्स का निरीक्षण किया। फेस्ट-2020 में भोपाल एवं रायसेन जिले के 12 स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर हाईस्कूल नांदौर जिला रायसेन के बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर नई दिल्ली में होने वाले पांडा फेस्ट में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिये चुने गये हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

ह्यूमनॉइड 'व्योममित्र' को

अंतरिक्ष में भेजेगा इसरो

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अंतरिक्ष में अपने पहले मानव मिशन की योजना पर काम कर रहा है। मानव मिशन से पहले इसरो महिला ह्यूमनॉइड 'व्योममित्र' को भेजेगा। इसरो प्रमुख के. सिवन ने बताया कि गगनयान के अंतिम मिशन से पहले दिसंबर 2020 और जुलाई 2021 में अंतरिक्ष में मानव जैसे रोबोट भेजे जाएंगे। ह्यूमनॉइड ऐसे रोबोट होते हैं, जो आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की मदद से इंसान जैसा बर्ताव कर सकते हैं। बैंगलुरु में हुई अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में व्योममित्र को पेश किया गया।

नाइजर में

महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर स्थापित

भारत के सहयोग से नाइजर की राजधानी नियामे में महात्मा गांधी की स्मृति में एक विशाल सभागार का निर्माण किया गया। इसका उदघाटन भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर और नाइजर के राष्ट्रपति महमादु इसुफ़ु ने किया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया कि महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर (एमजीआईसीसी) की स्थापना भारत-नाइजर दोस्ती के लिए ऐतिहासिक है। साथ ही अफ्रीका के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है।

उत्तर कोरिया

पहली बार म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में लेगा भाग

म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के 56 साल के इतिहास में पहली बार उत्तर कोरिया इसमें अपना प्रतिनिधिमंडल भेजेगा। उत्तर कोरिया के उप विदेश मंत्री किम सोन ग्योंग इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन की स्थापना 1963 में की गई थी। सम्मेलन में प्रति वर्ष कई अधिकारी और नेता भाग लेते हैं तथा सुरक्षा की चुनौतियों पर चर्चा करते हैं। इस वर्ष यह सम्मेलन 14 से 16 फरवरी को आयोजित किया जायेगा।

असम की झांकी

सर्वश्रेष्ठ झांकी के रूप में चुनी गयी

गणतंत्र दिवस पर आयोजित हुई परेड में असम की झांकी को सर्वश्रेष्ठ झांकी के रूप में चुना गया है। रक्षा मंत्री ने 'विशेष शिल्प कौशल और संस्कृति' विषय पर आधारित असम की झांकी को सर्वश्रेष्ठ झांकी का पुरस्कार दिया। ओडिशा और उत्तरप्रदेश की झांकी को संयुक्त रूप से द्वितीय पुरस्कार दिया गया। ओडिशा की झांकी में भगवान लिंगराज का मंदिर प्रदर्शित किया गया था और उत्तरप्रदेश की झांकी में सर्व धर्म समभाव की भावना को दिखाया गया था। परेड में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की कुल 16 झांकियां प्रदर्शित की गयी थीं।

चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी

भारतीय स्टेट बैंक के एमडी नियुक्त

चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मैनेजिंग डायरेक्टर (एमडी) नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। प्रदर्शन के आधार पर उनका कार्यकाल दो साल आगे भी बढ़ाया जा सकता है। सेट्टी अभी एसबीआई के डिप्टी एमडी का पद संभाल रहे हैं। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने सेट्टी को एसबीआई का एमडी बनाए जाने के वित्तीय सेवा विभाग के प्रस्ताव को मंजूर किया है।

डीएमएमसी और के.एम. सिंह

सुभाषचंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए चयनित

उत्तराखंड के आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र (डीएमएमसी) और भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी के एम. सिंह को आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सुभाषचंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए चुना गया है। देश में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थानों और व्यक्तियों को यह पुरस्कार दिया जाता है। प्रति वर्ष 23 जनवरी को सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर इस पुरस्कार की घोषणा की जाती है।

कैटरीना सकेलारोपोलू

ग्रीस की पहली महिला राष्ट्रपति चुनी गईं

कैटरीना सकेलारोपोलू (Katerina Sakellaropoulou) ग्रीस की राष्ट्रपति चुनी गई हैं। वे इस पद पर पहुंचने वाली पहली महिला हैं। कैटरीना को पर्यावरण और संवैधानिक कानून में विशेषज्ञता हासिल है। 300 में से 261 संसदों ने उनके पक्ष में मतदान किया। वह 13 मार्च को पद और गोपनीयता की शपथ लेंगी। कैटरीना का जन्म 30 मई, 1956 को हुआ था। ग्रीस के मौजूदा राष्ट्रपति प्रोकोपिस पावलोपोलोस का कार्यकाल इस वर्ष मार्च में समाप्त हो रहा है। ग्रीस के राष्ट्रपति का कार्यकाल पांच वर्ष का होता है।

दीपिका पादुकोण

क्रिस्टल अवॉर्ड से सम्मानित

वॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम द्वारा क्रिस्टल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की स्विट्जरलैंड के दावोस में हुई वार्षिक बैठक के दौरान उन्हें यह अवॉर्ड मेंटल हेल्थ अवेयरनेस के लिए दिया गया। इस दौरान दीपिका ने बताया कि एक समय वे अवसाद में आ गई थीं। जागरुकता की कमी के कारण उनकी यह हालत हुई थी। गौरतलब है कि दीपिका खुद डिप्रेशन से जंग लड़ चुकी हैं।

अग्नि प्रसाद सपकोटा

नेपाल की प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष बने

नेपाल में सत्ताधारी नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के अग्नि प्रसाद सपकोटा संसद के निचले सदन, प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष चुने गए। पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार होने के कारण सपकोटा को निर्विरोध चुना गया है। उनके नाम का प्रस्ताव नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के सुभाष चंद्र नेम्बांतग ने किया था। पिछले वर्ष अक्टूबर में गंभीर आरोपों के कारण कृष्ण बहादुर माहरा के इस्तीफे के बाद से अध्यक्ष का पद खाली था। नेपाल की राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने प्रेसीडेंट हाउस में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

स्विट्जरलैंड

सबसे छोटा सोने का सिक्का बनाया

स्विट्जरलैंड ने दुनिया का सबसे छोटा सोने का सिक्का बनाया है। इसका व्यास करीब 2.96 मिलीमीटर और वजन 0.063 ग्राम है। सिक्का इतना छोटा है कि इसे देखने के लिए एक खास मैग्नीफाइंग ग्लास की जरूरत पड़ती है। इसके एक तरफ महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन की एक लोकप्रिय आकृति उकेरी गई है। स्विट्जरलैंड की राष्ट्रीय टकसाल ने इस सिक्के को तैयार किया है। इस सिक्के का मूल्य एक चौथाई फ्रैंक रखा गया है।

ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी में

26 भारतीय शब्द हुए शामिल

ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ने अपने नए संस्करण में 26 भारतीय अंग्रेजी शब्दों को जगह दी है। इनमें से 22 शब्द डिक्शनरी के प्रिंट संस्करण, जबकि 4 शब्द डिक्शनरी के डिजिटल संस्करण में शामिल किए गए हैं। डिक्शनरी में आधार, चॉल, डब्बा, हड़ताल और शादी जैसे शब्दों को शामिल किया गया है। इन शब्दों को मिलाकर डिक्शनरी के 10वें संस्करण में 384 भारतीय अंग्रेजी शब्द हो गए हैं। ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी का इतिहास 77 साल पुराना है, पहली बार इसे 1942 में जापान में प्रकाशित किया गया था, जबकि ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने साल 1948 में पहली बार इसका प्रकाशन किया था।



गायकों और संगीतकारों ने

बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

संगीत की दुनिया में भारत ने एक और कीर्तिमान रच दिया है। 1000 गायकों और संगीतकारों ने एक साथ परफॉर्म कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। एक विशाल लाइव म्यूजिकल इवेंट में 1000 कलाकारों ने 'द फॉरगॉटन आर्मी : आजादी के लिए' एल्बम पर परफॉर्म किया। इसे संगीतकार प्रीतम चक्रवर्ती ने कम्पोज किया है। गौरतलब है कि 'द फॉरगॉटन आर्मी : अजादी के लिए' वेब सीरीज कबीर खान द्वारा निर्मित और निर्देशित है।

सुनील मेहता

भारतीय बैंक संघ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बने

पंजाब नेशनल बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनील मेहता को भारतीय बैंक संघ (आईबीए) का मुख्य कार्यकारी अधिकारी बनाया गया है। मेहता हाल ही में अपनी पंजाब नेशनल बैंक की जिम्मेदारियों से सेवानिवृत्त हुए हैं। मेहता आईबीए में वी.जी. कन्नन का स्थान लेंगे। मेहता आईबीए के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। आईबीए के सीईओ का कार्यकाल तीन वर्षों का होता है, जबकि अध्यक्ष का कार्यकाल केवल एक वर्ष का होता है।

पवन सुखदेव

टायलर पुरस्कार के लिए नामित

प्रख्यात भारतीय पर्यावरण अर्थशास्त्री और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के सद्भावना दूत पवन सुखदेव को हरित अर्थव्यवस्था पर उनके अभूतपूर्व कार्य के लिए 2020 का टायलर पुरस्कार दिया जाएगा। इस पुरस्कार को पर्यावरण का नोबेल पुरस्कार माना जाता है। सुखदेव के साथ संरक्षण जीवविज्ञानी ग्रेशन डेली को भी यह पुरस्कार दिया जायेगा। पर्यावरण को होने वाली क्षति के आर्थिक परिणामों और नुकसान की ओर कॉर्पोरेट एवं राजनीतिक नीति निर्माताओं का ध्यान आकृष्ट करने के लिए उन्हें यह पुरस्कार दिया जायेगा।

किरण मजूमदार शॉ

ऑस्ट्रेलिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित

किरण मजूमदार शॉ को ऑस्ट्रेलिया ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया' से सम्मानित किया है। उन्हें यह सम्मान ऑस्ट्रेलिया और भारत के संबंधों को आगे बढ़ाने के उनके योगदान के लिए दिया गया है। किरण ऑस्ट्रेलिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित होने वाली चौथी भारतीय हैं। मजूमदार शॉ फेडरेशन यूनिवर्सिटी, ऑस्ट्रेलिया की पूर्व छात्रा रही हैं और भारत की सबसे बड़ी जैव-दवा कंपनियों में से एक बायोकॉन की संस्थापक हैं।

'संविधान'

ऑक्सफोर्ड का हिंदी वर्ड ऑफ द ईयर बना

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस (ओयूपी) ने 'संविधान' शब्द को 2019 का ऑक्सफोर्ड हिंदी वर्ड ऑफ द ईयर घोषित किया है। ऑक्सफोर्ड ने कहा कि इस शब्द ने पिछले साल व्यापक स्तर पर अपनी ओर ध्यान खींचा है। ओयूपी ने कहा कि यह शब्द इसलिए चुना गया क्योंकि 2019 में लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल्यों को संविधान की कसौटी पर परखा गया। इससे पहले 2018 में 'नारी शक्ति' को हिंदी वर्ड ऑफ द ईयर चुना गया था।

रतन टाटा

लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

उद्योगपति रतन टाटा को टाईकॉन मुंबई 2020 कार्यक्रम में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा गया। उन्हें यह अवॉर्ड कॉर्पोरेट वर्ल्ड में मूल्यों के पक्षधर इन्फोसिस के को-फाउंडर एन.आर. नारायण मूर्ति ने दिया। इस मौके पर रतन टाटा ने कहा कि इनोवेटिव कंपनियों के युवा फाउंडर भारतीय उद्योग जगत के भविष्य के लीडर होंगे। वहीं इन्फोसिस के को-फाउंडर नारायण मूर्ति ने कहा कि पेंशन फंड और बैंकों को भी भारतीय स्टार्टअप में निवेश करना चाहिए।

मिशेल ओबामा

ऑडियो बुक के लिए मिला ग्रैमी अवॉर्ड

अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा को ऑडियो बुक 'बिकमिंग' के लिए ग्रैमी पुरस्कार दिया गया। लॉस एंजिलिस में आयोजित ग्रैमी समारोह में उन्हें सम्मानित किया गया। 'बिकमिंग' में मिशेल ओबामा ने अपने जीवन और बतौर प्रथम महिला वाइट हाउस में बिताए अनुभवों को साझा किया है। इससे पहले उनके पति और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा को इसी श्रेणी में 2006 में 'ड्रीम्स फ्रॉम माई फादर' और 2008 में 'द ऑडेसिटी ऑफ होप' के लिए ग्रैमी अवॉर्ड मिल चुका है।

स्मृति शेष

हॉकी खिलाड़ी सुनीता चंद्रा का निधन

अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित हॉकी खिलाड़ी सुनीता चंद्रा का निधन हो गया। वे 76 साल की थीं। उन्होंने वर्ष 1956 से 1966 तक भारतीय महिला हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व किया और इस दौरान 1963 से 1966 तक वे भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रहीं। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे उत्कृष्ट खिलाड़ी और देश की गौरव थीं। उन्होंने भारतीय महिला हॉकी को नई ऊंचाई प्रदान की।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

कार्यालय मुख्य अभियंता (मध्य क्षेत्र), लोक निर्माण विभाग, जबलपुर

E-mail :- cepwdcentral@mp.nic.in, Phone No. 0761-2621541, Fax No. 0761-2678521
निविदा सूचना क्रमांक 07/सा/2020-21 जबलपुर, दिनांक 25.01.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने पर वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे।

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 01. लांजी, विसोनी, सोगलपुर, कलपाथरी, पाथरगांव, सिहारी, पोण्डी, विंझलगांव, बोरीकला, सावरीखुर्द, चिखलामाली, लांजीघाट, विरसी, गोंदिया मार्ग कुल लंबाई 18.00 कि.मी. का निर्माण कार्य।

टेण्डर आई.डी.	जिला/ संभाग	अभंत्रण	ठेके की अनु. राशि	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र राशि	समयावधि
- डॉ. डी.वाय. पाटिल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर, पुणे।
- धोंडूमामा साठे होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, पुणे।
- फोस्टर डेवलपमेंट्स होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, औरंगाबाद।
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ होम्योपैथी, कोलकाता।
- बैक्सन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, नोएडा।
- नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, लखनऊ।
- नेहरू होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, नई दिल्ली।
- डॉ. बी.आर. सुर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, नई दिल्ली।
- होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, सेक्टर- 26, चंडीगढ़।
- भगवान बुद्ध होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, बैंगलुरु।

- श्रीमती मीना भंडारी

(लेखिका, सुप्रसिद्ध कॅरियर काउंसलर हैं)

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P. – 462 011

IFB No. - WB –20/883

No. 1709/FA/WB/CMGSY/2020 **Bhopal, Dated : 30.01.2020**

Online item rate bids are invited on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in** for Construction/Up-gradation of Rural Roads under World Bank and AIIB Financed MPRC Project P-157054, as under :

S. No.	Name of District	Number of Packages	No. of Roads	Grand Total (In Rs.)
1.	Balaghat	1	1	11043000.00
2.	Bhind	2	5	71300000.00
3.	Bhopal	1	1	19225000.00
4.	Chhatarpur	1	1	25905000.00
5.	Chhindwara	6	13	198695000.00
6.	Damoh	2	2	24091000.00
7.	Guna	3	5	123787000.00
8.	Indore	3	6	137966000.00
9.	Katni	1	1	24123000.00
10.	Khargone	1	1	30193000.00
11.	Mandsaur	2	3	40895000.00
12.	Narsinghpur	3	6	88461000.00
13.	Rajgarh	7	10	398827000.00
14.	Ratlam	2	6	126908000.00
15.	Rewa	5	7	100217000.00
16.	Sagar	4	5	117125000.00
17.	Sehore	3	5	62801000.00
18.	Shajapur	1	1	26702000.00
19.	Sheopur	1	1	29367000.00
20.	Shivpuri	4	5	108875000.00
21.	Sidhi	4	9	193035532.00
22.	Tikamgarh	4	12	212452000.00
23.	Ujjain	5	12	188763000.00
24.	Vidisha	2	2	40134000.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **04.02.2020 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed IFB and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/96645/43436/2020 **CHIEF GENERAL MANAGER**

मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण

(म.प्र. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीन)
खण्ड-2, पंचम तल, पर्यावास भवन, अरेरा हिल्स भोपाल

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 1448 दिनांक 27.01.2020

मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण मुख्यालय भोपाल में स्थापित **01 से 1.5 टन क्षमता के 19 स्पिलिट/विण्डो ए.सी. एवं 08 नग 1.5 से 2 टन क्षमता वाले कैसेट ए.सी.** के वार्षिक संधारण हेतु मोहरबंद निविदाएं दिनांक 18.02.2020 अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 18.02.2020 को अपरान्ह 4:00 बजे खोली जाएंगी। निविदा प्रपत्र कार्यालयीन समय में दिनांक 17.02.2020 तक रुपये 1000/- जमा कर प्राप्त की जा सकती है। उल्लेखित ए.सी. की संख्या कम अथवा अधिक हो सकती है। विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट **mprrda.com/default.html** एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

म.प्र. माध्यम/96595/43429/2020 **मुख्य महाप्रबंधक (प्रशासन)**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग- ग्वालियर क्रमांक 2, अनुपम नगर ग्वालियर, दूरभाष : (O) 0751-4048557, (PE) : 9425601511

निविदा आमंत्रण सूचना- 27/2019-20

प्रेस विज्ञप्ति

कार्यालय मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम संभाग, ग्वालियर क्र.- 2 द्वारा निर्माण कार्य/मरम्मत कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 27/2019-20 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदा की कार्यवाही की गई है। जिसके ऑनलाइन निविदा क्र. MPPHC_77241_1, MPPHC_77242_1, MPPHC_77243_1, एवं MPPHC_77244_1 है। निविदा प्रपत्र दिनांक 03.02.2020 तक खरीदे जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal:https://www.mptenders.gov.in**पर देखी जा सकती है।

म.प्र. माध्यम/96622/43434/2020 **परियोजना यंत्री**

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग- ग्वालियर क्र. 2, अनुपम नगर, ग्वालियर, दूरभाष : (O) 0751-4048557, (PE.) : 9425601511

निविदा आमंत्रण सूचना- 26/2019-20

प्रेस विज्ञप्ति

कार्यालय मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम संभाग, ग्वालियर क्र.- 2 द्वारा निर्माण कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 26/2019-20 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदा की कार्यवाही की गई है। जिसके ऑनलाइन निविदा क्र. MPPHC_76540_1, MPPHC_76541_1, MPPHC_76545_1, MPPHC_76546_1, MPPHC_76547_1, MPPHC_76549_1, MPPHC_76551_1, MPPHC_76552_1, MPPHC_76555_1, MPPHC_76558_1, MPPHC_76559_1, MPPHC_76560_1, MPPHC_76563_1, MPPHC_76564_1, MPPHC_76566_1 एवं MPPHC_76567_1 हैं। निविदा प्रपत्र **दिनांक 10.02.2020 तक** खरीदे जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।

म.प्र. माध्यम/96572/43428/2020 **परियोजना यंत्री**

म.प्र. पुलिस हाऊसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

कार्यालय परियोजना यंत्री, डी-5/2, एम.आय.जी., महाश्वेता नगर, इस्कॉन मंदिर के सामने, उज्जैन (म.प्र.), Email: mpphcl_ujjain@yahoo.in, फोन नं. : 0734-2527715, मोबा. : 9406808103

क्र.152-153/पय/मप्रपुहाइडेकालि/20/उज्जैन **दिनांक 29.1.2020**

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश पुलिस हाऊसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत निविदा सूचना क्रमांक 22/2019-20 दिनांक 29.1.2020 के अंतर्गत जिला उज्जैन में ट्रैफिक मेनेजमेन्ट एवं डाटाबेस सेन्टर एवं गैरेज का निर्माण कार्य, उज्जैन एवं निविदा सूचना क्रमांक 23/2019-20 दिनांक 29.1.2020 के अंतर्गत जिला रतलाम एवं मंदसौर में पुलिस चौकी भवन के निर्माण कार्य हेतु कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2020_MPPHC_77124, 2020_MPPHC_77125, 2020_MPPHC_77126, कुल 03 निविदाएं आमंत्रित की गई हैं।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 29.1.2020 17.00 बजे से** क्रय किये जा सकते हैं एवं दिनांक 14.02.2020 18.00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/96621/43433/2020 **परियोजना यंत्री**

एफआईएच प्रो लीग

टोक्यो ओलिंपिक की तैयारियों को परखने का बेहतरीन मंच

हॉकी एक ऐसा खेल है, जिसने भारत को खेलों की दुनिया में अलग मुकाम पर पहुंचाया है। भारतीय हॉकी टीम ने कई वर्षों तक विश्व हॉकी पर एकछत्र राज किया है। ओलिंपिक खेलों में भारत ने सबसे ज्यादा पदक इसी खेल में जीते हैं। पिछले तीन-चार दशकों में भारतीय हॉकी टीम के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा, जिसके कारण भारतीय टीम अन्य टीमों विशेषकर यूरोपियन टीमों से काफी पिछड़ गई थी। भारतीय हॉकी टीम एक बार फिर विश्व में अपना मुकाम पाने का प्रयास कर रही है। खेलों का सबसे बड़ा आयोजन ओलिंपिक खेल इसी वर्ष टोक्यो में आयोजित होंगे। भारतीय हॉकी टीम ओलिंपिक में मेडल पोडियम पर जगह बनाने के लिए जुट गई है, पिछले कुछ महीनों में भारतीय टीम के प्रदर्शन को देखें तो ओलिंपिक में भारतीय टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जगी है। भारतीय टीम ने ओलिंपिक की तैयारियां काफी पहले से ही शुरू कर दी हैं, लेकिन भारतीय टीम की असली परख एफआईएच प्रो लीग में होगी।

क्या है एफआईएच प्रो लीग

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने हॉकी को रोमांचक बनाने के लिए वर्ष 2019 से एफआईएच प्रो लीग शुरू की है। यह एक वैश्विक टूर्नामेंट है, जिसमें विश्व की टॉप-9 टीमें हिस्सा लेती हैं। यह टूर्नामेंट प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट राउंड रोबिन फॉर्मेट में खेला जाता है। टूर्नामेंट में टॉप-4 टीमें नॉकआउट राउंड में जगह बनाती हैं। इस टूर्नामेंट में सभी टीमें आपस में दो-दो मुकाबले होम एंड अवे आधार पर खेलती हैं। इसके तहत सभी टीमें आधे मुकाबले अपने घर में तथा आधे मुकाबले विपक्षी टीम के घर में खेलती हैं। एफआईएच प्रो लीग का पहला संस्करण वर्ष 2019 में खेला गया था, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने अपने नाम किया था।

शानदार रहा भारत का पदार्पण

भारतीय हॉकी टीम ने वर्ष 2019 के एफआईएच प्रो लीग में भी जगह बनाई थी, लेकिन हॉकी इंडिया ने ओलिंपिक की तैयारियों और क्वालिफायर मुकाबलों के कारण इस टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था। इस वर्ष भारत पहली बार इस टूर्नामेंट में खेलने उतरा। टूर्नामेंट में भारत का सामना विश्व की दिग्गज टीम नीदरलैंड्स से हुआ। भुवनेश्वर में भारत और नीदरलैंड्स के बीच एफआईएच प्रो लीग के दो मुकाबले खेले गए। भारतीय टीम ने पहले मुकाबले में नीदरलैंड्स को 3-1 से हराकर शानदार पदार्पण किया। दूसरे मैच में दोनों टीमों के बीच बराबरी का मुकाबला हुआ। मैच का फैसला पेनाल्टी शूटआउट के जरिए हुआ, जिसमें भारतीय टीम ने 5-3 से जीत दर्ज की और 5 अंक अर्जित कर पाइंट टेबल में दूसरा स्थान हासिल किया।

जीत से बढ़ेगा टीम का आत्मविश्वास

नीदरलैंड्स के खिलाफ मिली शानदार जीत से भारतीय हॉकी टीम के आत्मविश्वास में निश्चित तौर पर वृद्धि हुई है, इसका लाभ भारत को टूर्नामेंट के आगामी मैचों में मिलेगा। भारतीय टीम ने नीदरलैंड्स के खिलाफ मैचों में बेहतरीन रक्षात्मक खेल दिखाया और विपक्षी टीम के स्ट्राइकरों को रोके रखा। भारतीय टीम की छोटे-छोटे पास की रणनीति भी कारगर रही। इस टूर्नामेंट में भारत को 8 और 9 फरवरी को बेल्जियम से, 21 और 22 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया से तथा 23 और 24 मई को मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान (भुवनेश्वर) में खेलने हैं, वहीं 25 और 26 अप्रैल को जर्मनी के खिलाफ, 2 और 3 मई को ब्रिटेन के खिलाफ, 5 और 6 जून को अर्जेंटीना तथा 13 और 14 जून को स्पेन के खिलाफ विदेशी धरती पर अपने मुकाबले खेलने हैं।

ओलिंपिक की तैयारी में मददगार होगा टूर्नामेंट

आगामी ओलिंपिक खेलों को देखते हुए यह टूर्नामेंट भारत के लिए बेहद मददगार साबित हो सकता है। विश्व की टॉप टीमों के खिलाफ खेलने से भारतीय टीम को अपनी ताकत और कमजोरी का बखूबी एहसास हो सकेगा। साथ ही विपक्षी टीमों के खिलाफ रणनीति बनाने में भी मदद मिलेगी। टूर्नामेंट में भारत के पास अपने खिलाड़ियों को परखने का भी मौका होगा। भारत ने इस टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम में युवा और अनुभव दोनों का मिश्रण

किया है, इससे भारत को ओलिंपिक से पहले टीम संयोजन बनाने का अवसर भी मिलेगा। भारतीय हॉकी टीम के मुख्य कोच ग्राहम रीड का मानना है कि यह टूर्नामेंट ओलिंपिक से पहले भारतीय टीम को अपनी बैंच स्ट्रैंथ को आजमाने का शानदार अवसर दे रहा है। विश्व की टॉप टीमों के खिलाफ खेलने से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा।

टोक्यो ओलिंपिक में हॉकी से होगी पदक की उम्मीद

ओलंपिक खेलों में काफी समय तक भारतीय हॉकी का दबदबा रहा है। भारतीय हॉकी टीम ने ओलिंपिक खेलों में 8 स्वर्ण सहित 11 पदक जीते हैं। वर्ष 1980 से पहले भारतीय टीम प्रत्येक ओलिंपिक में स्वर्ण पदक की दावेदार होती थी, लेकिन वर्ष 1970 से हॉकी घास के मैदान की जगह एस्ट्रोटर्फ पर खेली जाने लगी और यहीं से भारतीय टीम के प्रदर्शन में गिरावट आने लगी। हालात ये हो गये कि हम ओलिंपिक में पदक तो दूर क्वालिफाई करने के लिए भी संघर्ष करने लगे थे। लेकिन अब परिस्थिति अलग है, अब भारतीय टीम एस्ट्रोटर्फ पर भी बेहतर प्रदर्शन करने लगी है। विगत कई वर्षों ने भारत ने एस्ट्रोटर्फ पर कई मैच और टूर्नामेंट जीते हैं। एफआईएच प्रो लीग में नीदरलैंड्स के खिलाफ जीत के बाद टोक्यो ओलिंपिक में भारतीय हॉकी टीम से पदक की आस जगी है। खेल प्रेमियों को उम्मीद है कि एक बार फिर भारतीय हॉकी का स्वर्णिम दौर लौट सकता है।

- मोहन सिंह पाल
(लेखक, खेल एवं सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. वन-डे विश्वकप में सबसे ज्यादा विकेट किस गेंदबाज ने लिए हैं?
(अ) शेन वार्न
(ब) ग्लैन मैक्ग्रा
(स) मुथैया मुरलीधरन
(द) जवागल श्रीनाथ

2. मोहम्मद सालेह किस देश के लिए फुटबॉल खेलते हैं?
(अ) मिस्र
(ब) सेनेगल
(स) कतर
(द) सऊदी अरब

3. इनमें से कौन सा टेनिस ग्रैंड स्लैम लाल मैदान पर खेला जाता है?
(अ) विम्बलडन
(ब) फ्रैंच ओपन
(स) ऑस्ट्रेलियन ओपन
(द) यूएस ओपन

4. पेनाल्टी कॉर्नर इनमें से किस खेल का एक टर्म है?
(अ) क्रिकेट
(ब) कुश्ती
(स) हॉकी
(द) कराते

5. इनमें से किस पहलवान ने हाल ही में जारी कुश्ती रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया है?
(अ) प्रवीण राजा
(ब) राहुल अवारे
(स) नरसिंह यादव
(द) दीपक पूनिया

6. अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ का मुख्यालय कहां स्थित है?
(अ) स्विट्जरलैंड
(ब) जर्मनी
(स) ऑस्ट्रेलिया
(द) भारत

7. रियो ओलिंपिक 2016 में कितने भारतीय खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था?
(अ) 85
(ब) 112
(स) 117
(द) 122

8. मध्यप्रदेश की मुस्कान किरार किस खेल से संबंधित हैं?
(अ) तीरंदाजी
(ब) निशानेबाजी
(स) हॉकी
(द) एथेलेटिक्स

9. इनमें से कौन सा स्टेडियम क्रिकेट से संबंधित नहीं है?
(अ) इडेन गार्डन
(ब) लॉर्ड्स
(स) वांडरर्स
(द) वैम्बले

10. अनिर्वाण लाहिड़ी किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?
(अ) शतरंज
(ब) गोल्फ
(स) हॉकी
(द) निशानेबाजी

11. वर्ष 2020 में नेशनकप बॉक्सिंग टूर्नामेंट किस देश में आयोजित किया गया था?
(अ) सर्विया
(ब) पोलैंड
(स) ऑस्ट्रिया
(द) रूस

12. हाल ही में फुटबॉल से संन्यास लेने वाले डेनियल डि रोसी किस देश के लिए खेलते थे?
(अ) अर्जेंटीना
(ब) इटली
(स) पुर्तगाल
(द) फ्रांस

13. वर्ष 2023 में एएफसी एशिया कप कहां आयोजित किया जाएगा?
(अ) जापान
(ब) कतर
(स) चीन
(द) यूएई

14. वर्ष 2020 में अफ्रीका के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर चुने गए हैं?
(अ) मोहम्मद सालेह
(ब) साडियो माने
(स) रियाद माहरेज
(द) इनमें से कोई नहीं

15. भारत ने ओलिंपिक में सबसे ज्यादा पदक किस खेल में जीते हैं?
(अ) हॉकी
(ब) निशानेबाजी
(स) मुक्केबाजी
(द) कुश्ती

16. इनमें से किस ओलिंपिक में गोल्फ को शामिल किया गया था?
(अ) लंदन 2012
(ब) रियो 2016
(स) एथेंस 2004
(द) बीजिंग 2008

17. इस वर्ष खेलो इंडिया गेम्स में सबसे ज्यादा पदक किस राज्य ने जीते हैं?
(अ) हरियाणा
(ब) दिल्ली
(स) पंजाब
(द) महाराष्ट्र

18. लुईस हैमिल्टन ने वर्ष 2019 में कितनी रेस जीती हैं?
(अ) 10
(ब) 15
(स) 11
(द) 12

19. भारत ने वनडे विश्वकप में पाकिस्तान को कितनी बार हराया है?
(अ) पांच बार
(ब) सात बार
(स) छः बार
(द) चार बार

20. इंडियन सुपर लीग किस खेल से संबंधित है?
(अ) फुटबॉल
(ब) हॉकी
(स) क्रिकेट
(द) टेनिस

21. इनमें से कौन सा खेल टोक्यो ओलिंपिक 2020 का हिस्सा नहीं है?
(अ) तलवारबाजी
(ब) कबड्डी
(स) जिम्नास्टिक
(द) रग्बी सेवंस

22. फीफा विश्वकप 2018 में किस गोलकीपर को गोल्डन ग्लोव अवॉर्ड मिला है?
(अ) इगोर अकनिफबि
(ब) जॉर्डन पिकफोर्ड
(स) थिबॉट कोर्टियस
(द) लोवरे कालिनिच

23. वर्ष 1975 में खेले गए पहले वन-डे विश्वकप में भारतीय टीम के कप्तान थे?
(अ) श्रीनिवास वेंकटराघवन
(ब) सी.के. नायडू
(स) सुनील गावस्कर
(द) इनमें से कोई नहीं

24. इनमें से किस देश में भारत ने अब तक एक भी टेस्ट सीरीज नहीं जीती है?
(अ) ऑस्ट्रेलिया
(ब) न्यूजीलैंड
(स) इंग्लैंड
(द) दक्षिण अफ्रीका

25. एमसी मेरीकॉम ने मुक्केबाजी विश्व चैम्पियनशिप में कितने स्वर्ण पदक जीते हैं?
(अ) 4 (ब) 6
(स) 5 (द) 7

उत्तरमाला

1. ब	2. अ	3. ब	4. स
5. द	6. अ	7. स	8. अ
9. द	10. ब	11. अ	12. ब
13. स	14. ब	15. अ	16. ब
17. द	18. स	19. ब	20. अ
21. ब	22. स	23. अ	24. द
25. ब			

- पुष्पेन्द्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

सफल व्यक्ति के जीवन में हजार मुश्किलें आती हैं, बस शांति से उन मुश्किलों को हल करना आना जरूरी है – स्टीव जॉब्स

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य अध्ययन

1. किस राजा ने ग्वालियर के किले में मानमंदिर व गुजरी महल का निर्माण करवाया था?
(अ) डूँगर सिंह (ब) विक्रमदेव
(स) मानसिंह (द) वीर सिंह
2. यज्वपाल वंश का संस्थापक कौन था?
(अ) आसल्लदेव (ब) चाहड़ देव
(स) गोपाल देव (द) गणपति देव
3. चंदेल राजवंश का पहला शासक कौन था?
(अ) जय शक्ति (ब) राजा धंग
(स) नन्नुक (द) विधाधक
4. इनमें से कौन राजा विक्रमादित्य की राज्यसभा में नवरत्नों में से नहीं थे?
(अ) धनवन्तरि (ब) अमर सिंह
(स) तानसेन (द) कालिदास
5. कालिदास किसके शासन काल में थे?
(अ) चन्देल (ब) बुन्देला
(स) मुगल (द) सिन्धिया
6. आल्हा-ऊदल का संबंध किस जगह से था?
(अ) विदिशा से (ब) पन्ना से
(स) महोबा से (द) चन्देरी से
7. माण्डू किससे संबंधित है?
(अ) रानी रूपमति
(ब) जीवाजी राव
(स) झलकारी बाई
(द) वीर सिंह
8. किस नदी का प्राचीन नाम अवन्ति था?
(अ) चंबल (ब) यमुना
(स) क्षिप्रा (द) नर्मदा
9. मध्यप्रदेश का कौन सा शहर ताप्ती नदी के किनारे स्थित है?
(अ) उज्जैन (ब) बुरहानपुर
(स) इंदौर (द) सागर
10. "रसिक प्रिया" किस रचनाकार की रचना है?
(अ) बाणभट्ट
(ब) माखनलाल चतुर्वेदी
(स) केशवदास
(द) कालिदास
11. ख्याल गायक के नाम से इनमें से किसे जाना जाता है?
(अ) अमीर खाँ (ब) कुमार गन्धर्व
(स) कालिदास (द) तानसेन
12. लोकरंजन महोत्सव मध्यप्रदेश में कहां पर आयोजित किया जाता है?
(अ) उज्जैन (ब) भोपाल
(स) मैहर (द) खजुराहो
13. उस्ताद अमीर खां संगीत समारोह कहां आयोजित किया जाता है?
(अ) इन्दौर (ब) सागर
(स) देवास (द) रतलाम
14. 'चकरी मेला' मध्यप्रदेश के किस शहर में आयोजित होता है?
(अ) सागर (ब) जबलपुर
(स) ग्वालियर (द) इंदौर
15. असीरगढ़ किला मध्यप्रदेश में कहां पर स्थित है?
(अ) धार (ब) ग्वालियर
(स) बैतूल (द) बुरहानपुर
16. मध्यप्रदेश में बुन्देला विद्रोह का प्रारंभ कब हुआ?
(अ) 1842 (ब) 1843
(स) 1845 (द) 1841
17. किस वंश के राजा ने रीवा को अपनी राजधानी बनाया?
(अ) चोल वंश (ब) बघेल वंश
(स) नाग वंश (द) गुप्त वंश
18. क्रांतिकारी दल का गठन जबलपुर में किस वर्ष में हुआ?
(अ) 1905 (ब) 1906
(स) 1907 (द) 1908
19. मध्यप्रदेश में सर्वप्रथम क्रिस्टल आई.टी. पार्क की स्थापना कहाँ पर हुई?
(अ) भोपाल (ब) इंदौर
(स) उज्जैन (द) जबलपुर
20. मध्यप्रदेश राज्य सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान कहां पर स्थित है?
(अ) ग्वालियर (ब) इंदौर
(स) सागर (द) जबलपुर
21. खजुराहो नृत्य समारोह का प्रारंभ कब किया गया?
(अ) 1976 (ब) 1978
(स) 1979 (द) 1980
22. मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का मुख्यालय कहां पर स्थित है?
(अ) इंदौर (ब) भोपाल
(स) जबलपुर (द) ग्वालियर
23. मोडेम (MODEM) परिवर्तित करता है?
(अ) एनालॉग सिग्नलों को डिजिटल सिग्नलों में
(ब) डिजीटल सिग्नलों को एनालॉग सिग्नलों में
(स) (अ) तथा (ब) दोनों
(द) इनमें से कोई नहीं।
24. उज्जैन व साँची के स्तूप का निर्माण किस वंश के शासकों ने करवाया?
(अ) गुप्त वंश (ब) मौर्य वंश
(स) शुंग वंश (द) परमार वंश
25. शुंग वंश के प्रतापी शासक पुष्यमित्र शुंग ने इनमें से किस स्थान पर शासन किया था?
(अ) विदिशा (ब) भोपाल
(स) उज्जैन (द) रायगढ़
26. प्राचीन काल के जेजाक भुक्ति क्षेत्र का वर्तमान नाम क्या है?
(अ) मालवा (ब) बुन्देलखण्ड
(स) सतपुड़ा क्षेत्र (द) विन्ध्य क्षेत्र
27. विपात्र नामक कृति इनमें से किसकी है?
(अ) भूषण
(ब) पदमाकर
(स) गजानन माधव मुक्तिबोध
(द) केशवदास
28. मध्यप्रदेश का सबसे दक्षिण में स्थित जिला?
(अ) होशंगाबाद (ब) हरदा
(स) खण्डवा (द) बुरहानपुर
29. आल्हाखण्ड किसकी रचना है?
(अ) संत सिंगाजी
(ब) जगनिक
(स) घाघ
(द) बाज बहादुर
30. त्रिस्तरीय पंचायतों और नगर पालिकाओं का चुनाव कराने वाला देश का पहला राज्य है?
(अ) उत्तर प्रदेश (ब) मध्यप्रदेश
(स) राजस्थान (द) महाराष्ट्र
31. विदेशी पर्यटकों के लिए मध्यप्रदेश का कौन सा पर्यटन स्थल सर्वाधिक आकर्षण का केन्द्र है?
(अ) ओरछा (ब) खजुराहो
(स) दतिया (द) साँची
32. मध्यप्रदेश में खेल एवं युवा कल्याण निदेशालय की स्थापना कब हुई?
(अ) 1972 (ब) 1975
(स) 1973 (द) 1974
33. मध्यप्रदेश के किस क्षेत्र से टंगस्टन प्राप्त होता है?
(अ) होशंगाबाद (ब) मालवा
(स) बघेल खंड (द) ग्वालियर
34. मध्यप्रदेश का सिंगरौली बेसिन प्रसिद्ध है?
(अ) कोयला क्षेत्र हेतु
(ब) जल विद्युत हेतु
(स) कृषि क्षेत्र हेतु
(द) वर्षा क्षेत्र हेतु
35. श्वेत संगमरमर का पहाड़ कहां स्थित है?
(अ) जबलपुर (ब) छिंदवाड़ा
(स) इंदौर (द) भोपाल
36. फॉसिल (जीवाश्म) पार्क मध्यप्रदेश के किस जिले में स्थित है?
(अ) डिंडोरी (ब) पन्ना
(स) भोपाल (द) इंदौर
37. मध्यप्रदेश में किस वर्ष राष्ट्रीय उद्यानिकी मिशन आरंभ किया गया?
(अ) 2005-2006
(ब) 2004-2005
(स) 2006-2007
(द) 2007-2008
38. मध्यप्रदेश राज्य ने अखिल भारतीय इंदिरा गांधी पुरस्कार कब प्रारंभ किया था?
(अ) 1 अगस्त 1985
(ब) 19 नवम्बर 1985
(स) 1 अगस्त 1986
(द) 01 अगस्त 1986
39. मध्यप्रदेश राज्य का क्षेत्रफल इनमें से कितने वर्ग किलोमीटर है?
(अ) 2,78,168 (ब) 2,67,175
(स) 3,08,252 (द) 2,95,168
40. कम्प्यूटर सुरक्षा के संदर्भ में क्रैकर्स किस नाम से जाना जाता है?
(अ) ब्लैक हैट हैकर्स
(ब) व्हाइट हैक हैकर्स
(स) स्क्रिप्ट हैकर्स
(द) एलीट हैकर्स
41. 'मालती माधव' नामक नाटक की रचना किसने की थी?
(अ) कालिदास (ब) भवभूति
(स) बाणभट्ट (द) माधव राव
42. मध्यप्रदेश राज्य में भू-उपग्रह दूरसंचार अन्वेषण केन्द्र कहां स्थित है?
(अ) भोपाल (ब) गुना
(स) दमोह (द) उज्जैन
43. सुभद्रा कुमारी चौहान सृजनपीठ कहां स्थित है?
(अ) इंदौर (ब) भोपाल
(स) ग्वालियर (द) जबलपुर
44. आर्म्स एंड प्रैक्टिस सेंटर कहां पर स्थित है?
(अ) इंदौर (ब) भोपाल
(स) रीवा (द) ग्वालियर
45. मध्यप्रदेश राज्य में 'ऋतु वेधशाला' किस स्थान पर स्थित है?
(अ) उज्जैन (ब) भोपाल
(स) इंदौर (द) जबलपुर
46. 'पचमढ़ी हिल स्टेशन' किस पर्वत श्रृंखला पर स्थित है?
(अ) विन्ध्यांचल (ब) अरावली
(स) नीलगिरी (द) सतपुड़ा
47. मध्यप्रदेश के किस स्थान को साड़ी की नगरी के नाम से जाना जाता है?
(अ) भोपाल (ब) चंदेरी
(स) इंदौर (द) ग्वालियर
48. मध्यप्रदेश के किस स्थान से दो नदियाँ निकलती हैं?
(अ) मुलताई (ब) सिंहारा
(स) अमरकंटक (द) चंबल

उत्तरमाला

(1) स (2) ब (3) स (4) स
(5) ब (6) स (7) अ (8) स
(9) ब (10) स (11) ब (12) द
(13) अ (14) स (15) द (16) अ
(17) ब (18) स (19) ब (20) अ
(21) अ (22) ब (23) स (24) ब
(25) अ (26) ब (27) स (28) द
(29) ब (30) ब (31) ब (32) ब
(33) अ (34) अ (35) अ (36) अ
(37) ब (38) ब (39) स (40) अ
(41) ब (42) ब (43) द (44) अ
(45) स (46) द (47) ब (48) स

- सुभाष पाण्डेय

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन में सिरमौर है अटल बिहारी वाजपेयी सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान

ग्वालियर में स्थापित अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन के क्षेत्र में देश का महत्वपूर्ण संस्थान है। इस संस्थान की स्थापना वर्ष 1997 में भारत सरकार के मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय ने की थी। स्थापना के समय यह संस्थान भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान कहलाता था। वर्ष 2003 में इस संस्थान का नाम ग्वालियर में जन्मे देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर किया गया। संस्थान की स्थापना के समय यह लक्ष्य रखा गया था कि देश के मध्य में स्थापित यह केंद्र सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन शिक्षा को पोषित करे और इस क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने के इच्छुक छात्र-छात्राओं को एक बेहतर विकल्प दे सकें। एबीवीट्रिपलआईटीएम नाम से प्रसिद्ध यह संस्थान तब से अपने लक्ष्य को सफल करते हुए देश का एक प्रतिष्ठित संस्थान बन चुका है।

इस संस्थान की स्थापना के समय यहां सिर्फ एक कोर्स संचालित था अब यहां से 5 कोर्स संचालित किए जाते हैं। ये कोर्स बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी, मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी, मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन और पीएचडी हैं। इनमें बीटेक कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, बीटेक इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एवं एमटेक इन इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में संयुक्त प्रवेश परीक्षा द्वारा प्रवेश होता है। संस्थान से एमटेक में प्रवेश सीसीएमटी द्वारा होता है, तो एमबीए में प्रवेश कैट स्कोर व ग्रुप डिस्कशन एवं पर्सनल इंटरव्यू के आधार पर होता है। संस्थान पीएचडी कोर्स के लिए स्वयं प्रवेश परीक्षा कराता है, जिसमें परीक्षा एवं साक्षात्कार के कुल प्रदर्शन के आधार पर चयन होता है। संस्थान में बीटेक कम्प्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग में 74, बीटेक इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एवं एमटेक इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में कुल 119 सीटें हैं। इसी प्रकार एमबीए में 50, एमटेक में 50 एवं पीएचडी के लिए कुल 24 सीटें निर्धारित हैं। इनमें शासन के नियमानुसार विविध वर्गों में आरक्षण का प्रावधान है। यहां पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों के लिए हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध है।

हर साल यहां से निकलने वाले छात्र-छात्राओं का व्यापक पैमाने पर इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, डाटा साइंस, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, इंफॉर्मेशन सिक्योरिटी, बीएलएसआई मैनेजमेंट आदि क्षेत्रों में कैम्पस सेलेक्शन होता है, जिसमें उन्हें बड़े पैकेज पर रोज़गार के अवसर मिलते हैं। एबीट्रिपलआईटीएम के 2 छात्रों को वर्ष 2017 में अधिकतम 38 लाख रुपये का पैकेज मिला था, जबकि 2018 में एक छात्र ने 38 लाख रुपये का अधिकतम पैकेज प्राप्त किया था। वर्ष 2019 में संस्थान के तीन छात्रों ने सबसे अधिक 42 लाख रुपये का पैकेज ऑफर प्राप्त किया है। संस्थान में आईटी कंपनियों के साथ मशीन लर्निंग और ऑर्टिफिशयल इंटेलीजेंस में काम करने वाली कंपनियां भी कैम्पस सिलेक्शन के लिए आ रही हैं, इससे संस्थान के छात्रों को अच्छे पैकेज मिल रहे हैं। एबीवीट्रिपलआईटीएम के निदेशक प्रो. राजेन्द्र साहू छात्र-छात्राओं की इस सफलता को संस्थान के सामूहिक प्रयासों का नतीजा बताते हैं। वे कहते हैं कि हम संस्थान में शिक्षा के उत्कृष्ट मापदण्डों के आधार पर सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन के पेशेवर छात्र-छात्राएं तैयार करते हैं जो राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों में बेहतर रोज़गार पाते हैं। हमारे संस्थान द्वारा पिछले वर्ष 10 से 15 राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कार्याशालाएं, सम्मेलन एवं संगोष्ठियां आयोजित की गईं। कई गतिविधियों के लिए हमारे छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार मिले। स्कॉपस में शोध पत्रों की संख्या 1200 से अधिक हुई है। संस्थान को स्वच्छता एवं एनआईआरएफ में सम्मानजनक रैंक मिली है साथ ही कई नए रिसर्च प्रोजेक्ट आए हैं। भविष्य में भी संस्थान सफलता की इसी दिशा में निरंतर अग्रसर रहेगा।

- विवेक पाठक

(लेखक, स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभ लेखक हैं)

मोतीलाल नेहरू पुण्यतिथि | 6 फरवरी

वकालत का शानदार कॅरियर छोड़ बने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी

पंडित मोतीलाल नेहरू का नाम देश के अग्रणी स्वतंत्रता सेनानियों में शुमार है। वे एक ऐसे नेता थे, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने वकालत के कॅरियर को उस समय तिलांजलि दे दी, जबकि वह शिखर पर था। आजादी के पहले मोतीलाल नेहरू का नाम देश के सर्वश्रेष्ठ वकीलों में शामिल था और वे पश्चिमी शैली की कॉलेज शिक्षा प्राप्त करने वाली भारत की प्रथम युवा पीढ़ी में से एक थे। उनके जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव तब आया जब वे महात्मा गांधी के संपर्क में आए। भारतीय राजनीति के परिदृश्य में गांधीजी के आगमन ने मोतीलाल नेहरू के विचारों और जीवनशैली को पूरी तरह बदल दिया। 1919 में हुए जलियांवाला बाग नरसंहार के बाद उन्होंने अपनी शान-शौकत से भरी जिंदगी छोड़कर स्वतंत्रता संग्राम में प्रवेश करने का फैसला किया। ब्रिटिश सरकार ने जलियांवाला बाग की घटना की जांच के लिए एक आयोग की नियुक्ति की। कांग्रेस ने इसका विरोध किया और अपनी खुद की जांच समिति नियुक्त की। महात्मा गांधी, मोतीलाल नेहरू, चितरंजन दास इस समिति के सदस्य थे। असहयोग आंदोलन में गांधीजी का अनुसरण करने के लिए उन्होंने अपनी वकालत पूरी तरह छोड़ दी थी। उन्होंने विलासितापूर्ण जीवन शैली, विदेशी कपड़े और दूसरी वस्तुओं का त्याग कर खादी पहनना शुरू कर दिया था। वे दो बार कांग्रेस अध्यक्ष भी रहे। साथ ही उन्होंने स्वराज पार्टी की भी स्थापना की। आजादी के बाद उनके बेटे जवाहरलाल नेहरू ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में देश की बागडोर संभाली। उन्हें सम्मान से पंडित मोतीलाल नेहरू बुलाया जाता था।

दिल्ली से आगरा जाकर बस गया था परिवार

मोतीलाल नेहरू का जन्म 6 मई 1861 को आगरा में एक कश्मीरी ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम गंगाधर और माता का नाम जीवरानी था। मोतीलाल नेहरू को अपने पिता का सानिध्य नहीं मिल सका था, क्योंकि उनकी मृत्यु मोतीलाल के जन्म से तीन महीने पूर्व ही हो गयी थी। मोतीलाल नेहरू का पालन पोषण उनके बड़े भाई नन्दलाल ने किया जो उस समय इलाहाबाद में एक सामान्य वकील के रूप में काम करते थे। मोतीलाल नेहरू के सुपुत्र पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी आत्मकथा 'मेरी कहानी' में उल्लेख किया है कि 'स्वयं फर्रुखसियर ने उनके पुरखों को सन् सत्रह सौ सोलह के आसपास दिल्ली लाकर बसाया था। दिल्ली के चाँदनी चौक में उन दिनों एक नहर हुआ करती थी। नहर के किनारे बस जाने के कारण उनका परिवार नेहरू के नाम से मशहूर हो गया।' अपने दादा और मोतीलाल नेहरू के पिता गंगाधर के विषय में उन्होंने लिखा है कि 'वे अठारह सौ सत्तावन के गदर के कुछ पहले दिल्ली के कोतवाल थे। गदर में हुई भयंकर मार-काट की वजह से उनका परिवार पूरी तरह बर्बाद हो गया और खानदान के तमाम दस्तावेज़ तहस-नहस हो गये।'

इस तरह अपना सब कुछ खो चुकने के बाद उनका परिवार दिल्ली छोड़ आगरा जाकर बस गया। मोतीलाल नेहरू पढ़ाई में तेज थे। उन्होंने स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए आगरा के मुइर कॉलेज में दाखिला लिया। इसके बाद उन्होंने कानूनी पेशे में शामिल होने का फैसला किया और कानून की परीक्षा में शामिल होकर प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने 1883 में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से कानून की पढ़ाई की तथा उसमें अच्छे अंकों से पास होकर वकील बन गये। उनको हिन्दी के साथ अंग्रेजी, अरबी तथा फारसी भाषा का भी ज्ञान था। मोतीलाल नेहरू का विवाह स्वरूपरानी से हुआ, इनके तीन बच्चे विजयलक्ष्मी व कृष्णा तथा जवाहर थे।

देश के सर्वश्रेष्ठ वकील के रूप में बनाई पहचान

मोतीलाल नेहरू अपने जमाने के देश के सबसे धनी वकील ही नहीं थे, बल्कि उनकी फीस भी बहुत ज्यादा हुआ करती थी। उनके ठाठ-बाट के कई किस्से लोगों के जेहन में बसे हुए थे। उन दिनों ब्रिटेन से पढ़कर आए बैरिस्टरों का खास रुतबा होता था। भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश पी. सदाशिवम ने उनके बारे में इंडियन लॉ इंस्टीट्यूट के एक जर्नल में लिखा, 'वो विलक्षण वकील थे। अपने जमाने के सबसे धनी लोगों में एक। उन्हें हाईकोर्ट में पहले केस के लिए पांच रुपये मिले फिर वो तरक्की की सीढ़ियां चढ़ते गए और कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। बाद में उन्हें एक-एक केस के लिए बहुत बड़ी रकम मिलने लगी, जो हजारों में थी। अंग्रेज जज उनकी वाकपटुता और मुकदमों को पेश करने की उनकी खास शैली से प्रभावित रहते थे। शायद यही वजह थी कि उन्हें जल्दी और असरदार तरीके से सफलता मिली। उन दिनों भारत के किसी वकील को ग्रेट ब्रिटेन के प्रिवी काउंसिल में केस लड़ने के लिए शामिल किया जाना लगभग दुर्लभ था, लेकिन मोतीलाल नेहरू ऐसे वकील बने, जो इसमें शामिल किए गए। कहा जाता है कि जब वो जिरह करने आते थे तो उन्हें सुनने के लिए भीड़ लग जाती थी। वो हमेशा अपने केस को ना केवल असरदार तरीके से पेश करते थे, बल्कि खास तरीके से पूरे मामले को समझा पाने में सक्षम रहते थे।'

लंबे और प्रभावी व्यक्तित्व वाले मोतीलाल अपनी बोलचाल की कला से सहज ही आकर्षण का केंद्र बन जाते थे। जल्दी ही उनके पास बड़े जमींदारों, तालुकदारों और राजा-महाराजों के जमीन से जुड़े मामले आने लगे और वो देश के सबसे महंगे वकीलों में शुमार हो गए। उनका रहन-सहन यूरोपियन था। कोट, पैंट, घड़ी, शानोशौकत और घर में वैसी ही नफासत। 1889 के बाद वो लगातार मुकदमों के लिए इंग्लैंड जाते थे। बाद में वे इलाहाबाद में बस गए और देश के सर्वश्रेष्ठ वकील के रूप में अपनी पहचान बनाई। उन्होंने अपने बेटे जवाहर को एक बार पत्र में लिखा था- 'मेरे दिमाग में स्पष्ट है कि मैं धन कमाना चाहता हूं, लेकिन इसके लिए मेहनत करता हूं और फिर धन अर्जित करता हूं। हालांकि बहुत से लोग ऐसे भी हैं, जो इससे कहीं ज्यादा पाने की इच्छा रखते हैं, लेकिन मेहनत नहीं करते।'

1900 में मोतीलाल नेहरू ने इलाहाबाद में महमूद मंजिल नाम का लंबा चौड़ा भवन और इससे जुड़ी जमीन खरीदी। इस भवन को उन्होंने स्वराज भवन नाम दिया। इसमें 42 कमरे थे। बाद में करोड़ों की इस संपत्ति को उन्होंने 1920 के दशक में भारतीय कांग्रेस को दान में दे दिया। 1930 के दशक में उन्होंने सिविल लाइंस के पास एक और बड़ी संपत्ति खरीदी, जिसे उन्होंने आनंद भवन नाम दिया। बताया जाता है कि इस भवन को सजाने-संवारने में कई साल लग गए। बाद में उनकी पोती इंदिरा गांधी ने 1970 के दशक में इसे देश को समर्पित कर दिया।

स्वराज पार्टी की स्थापना और आजादी के आंदोलन में भागीदारी

वकालत के साथ ही वे धीरे-धीरे राजनीति में अपने कदम बढ़ाने लगे। 1910 में मोतीलाल नेहरू ने संयुक्त प्रान्त की विधानसभा का चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। इसके बाद उन्होंने आजादी की लड़ाई में अपना योगदान देना शुरू कर दिया। सन् 1919 की बात थी जब महात्मा गांधी के कहने पर वे राजनीति में सक्रिय हो गए। वह अपना ज्यादा से ज्यादा समय गांधीजी के साथ बिताने लगे। मोतीलाल नेहरू को जब जलियांवाला बाग में हुए हत्याकांड के बारे में पता चला तब उनकी रूह कांप गई। जलियांवाला बाग की घटना की पड़ताल के लिए कांग्रेस ने स्वयं की जांच समिति बनाई, जिसमें महात्मा गांधी ने अपने साथ मुख्य रूप से चितरंजन दास, मोतीलाल नेहरू तथा अन्य सदस्यों को रखा। जांच के बाद ब्रिटिश सरकार की सच्चाई सामने आई, जिसके चलते मोतीलाल नेहरू ने सारी विदेशी वस्तुओं का त्याग कर दिया तथा स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना चालू किया। गांधीजी के साथ रहकर वस्त्र भी खादी के पहनने लगे थे। सन् 1919 व सन् 1928 में इन्होंने कांग्रेस का अध्यक्ष पद संभाला। कहा जाता है कि उस समय जब भी कांग्रेस पर आर्थिक संकट आता था तो मोतीलाल नेहरू पार्टी की मदद करते थे। उनकी कानून पर पकड़ बहुत मजबूत थी। इस वजह से उनकी अध्यक्षता में सन् 1927 में साइमन कमीशन के विरोध में सर्वदलीय सम्मेलन ने एक समिति बनाई, जिसे भारत का संविधान बनाने का दायित्व सौंपा गया। इस समिति की रिपोर्ट को 'नेहरू रिपोर्ट' के नाम से भी जाना जाता है। इस रिपोर्ट में भारत को आजाद देश के रूप में देखने की अवधारणा दी गई थी।

बाद में उन्होंने देशबन्धु चितरंजन दास के साथ मिलकर स्वराज पार्टी की स्थापना की। इसमें इनको सबसे पहले सचिव का तथा कुछ समय बाद अध्यक्ष का पद प्राप्त हुआ। इसी समय इन्होंने गांधीजी के साथ मिलकर भारत के बड़े क्रांतिकारी नेताओं को इकट्ठा कर भारत की स्वतंत्रता का आंदोलन छेड़ दिया था। कांग्रेस ने उस समय जेल में कैद सभी नेताओं की आजादी की मांग भी उठाई। जिसके चलते कई आंदोलन हुए, सन् 1930 में मोतीलाल नेहरू को जेल भी जाना पड़ा। वह केंद्रीय विधानसभा में विपक्ष के नेता भी रहे और सरकार के निर्णयों की पोल खोलते हुए जोर-शोर से इसका विरोध किया। मोतीलाल नेहरू ने आज़ादी के आंदोलन में भारतीय लोगों के पक्ष को सामने रखने के लिए 'इंडिपेंडेंट अख़बार' भी चलाया। मोतीलाल नेहरू को नागरिक अवज्ञा आंदोलन के मद्देनजर 1930 को गिरफ्तार कर लिया गया था। उनकी बिगड़ती सेहत को देखते हुए उन्हें रिहा कर दिया गया। इसके बाद 6 फरवरी 1931 को लखनऊ में मोतीलाल नेहरू का निधन हो गया। मोतीलाल नेहरू की मृत्यु पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था कि- 'यह चिता नहीं, राष्ट्र का हवन कुण्ड है और यज्ञ में डाली हुई यह महान् आहुति है।'

जादूगरों के एक दल को भेजा था पेरिस

सभी जानते हैं कि मोतीलाल नेहरू एक तेज-तर्रार बैरिस्टर थे, लेकिन बहुत कम लोगों को यह जानकारी है कि वह एक अच्छे आयोजक भी थे और उन्होंने सन् 1900 में जादूगरों और बाजीगरों के एक दल को एक भव्य कार्यक्रम के लिए पेरिस भेजा था। ऑस्ट्रेलियाई लेखक जॉन जुब्रजिकी ने अपनी पुस्तक 'जादूवाला, जगलर्स एंड जिप्स' में एक पूरा चैप्टर ही मोतीलाल नेहरू के व्यक्तित्व के इस आकर्षक पहलू को समर्पित किया है। उनका कहना है कि नेहरू की इस खासियत का पता लगना एक संयोग है। किताब के दसवें चैप्टर 'मोतीलाल का जादुई खजाना' में लेखक ने एक अप्रैल, 1900 को बंबई में इमिग्रेशन ऑफिसर को उनके द्वारा लिखे गए पत्र को विस्तार से पेश किया है। उन्हें बंबई के एलिफिंस्टन कॉलेज के महाराष्ट्र राज्य लेखागार में यह दुर्लभ पत्र मिला था।

नेहरू द्वारा बंबई में प्रोटेक्टर ऑफ इमिग्रांट्स जे वाल्स को लिखे गए पत्र में कहा गया है, 'मुझे अभी-अभी पता चला है कि बाजीगरों, जादूगरों, नटों और कलाकारों के एक भारतीय दल को आगामी पेरिस प्रदर्शनी में भेजने के लिए प्रोटेक्टर ऑफ एमिग्रांट्स से इजाजत लेनी जरूरी है।' पत्र में कहा गया है, 'चूंकि मैं इस दल को भेजने वाला हूं, मैं आपकी सूचना के लिए जरूरी चीजें बताने का आग्रह करता हूं।' एक्सपोजिशन यूनिवर्सली या पेरिस यूनिर्सल एक्जीबिशन पिछली सदी की उपलब्धियों पर खुशी मनाने और अगली सदी के विकास की गति को तेज करने के लिए 14 अप्रैल से 12 नवंबर, 1900 में फ्रांस की राजधानी में आयोजित एक विश्व मेला था। जुब्रजिकी के अनुसार यह अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी विश्व मेला था। बताया जाता है कि फ्रांस की सीन नदी के दोनों तटों पर 108 एकड़ क्षेत्र में लगे इस मेले में पांच करोड़ लोग पहुंचे थे।

- रीता मोदी
(लेखिका, स्वतंत्र पत्रकार हैं)

प्रदेश के नगरीय निकायों में प्रशासक किये गये नियुक्त

भोपाल, राज्य शासन द्वारा नगरीय निकायों में निर्वाचित परिषद् का कार्यकाल समाप्त होने पर प्रशासकों की नियुक्ति की गई है। निर्वाचित परिषद् का कार्यकाल समाप्त होने की तिथि से आम निर्वाचन सम्पन्न होने और नई परिषद् के कार्यभार ग्रहण करने तक के लिये प्रशासक की नियुक्ति की गई है। राज्य शासन द्वारा नगरीय निकाय श्योपुर, भिण्ड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, टीकमगढ़, निवाड़ी, छतरपुर, दमोह, पन्ना, बालाघाट, सिवनी, नरसिंहपुर, बैतूल, होशंगाबाद, रायसेन, राजगढ़, आगर-मालवा, नीमच, खण्डवा, बुरहानपुर और खरगोन में संबंधित कलेक्टर को प्रशासक नियुक्त किया गया है।

जिला श्योपुर के नगरीय निकाय बड़ौदा, विजयपुर, जिला मुरैना के अम्बाह, जौरा, सबलगढ़, पोरसा, झुण्डपुरा, कैलारस, भिण्ड जिले के गोहद, फूफ, मिहोना, लहार, दबोह, अकोड़ा, मेहगांव, गौरमी, मौ, आलमपुर, ग्वालियर जिले के डबरा, आंतरी, भितरवार, बिलौआ, पिछोर जिला दतिया के सेवढ़ा, भाण्डेर, इंदरगढ़, जिला शिवपुरी के करेरा, कोलारस, बैराढ़, खनियाधाना, पिछोर, बदरवास, जिला गुना के चाचोड़ा, बीनागंज, कुंभराज, आरोन, जिला अशोकनगर के मुंगावली, साढौरा, चंदेरी, टीकमगढ़ जिले के पलेरा, लिधोराखास, बड़ागांव, कारी, बलदेवगढ़, खरगापुर, जतारा, जिला निवाड़ी के तरीचरकला, जैरोनखालसा, पृथ्वीपुर, जिला छतरपुर के राजनगर, हरपालपुर, बारीगढ़, सटई, नौगांव, महाराजपुर, बिजावर, लव-कुश नगर, गढ़ीमलहरा, खजुराहो, चंदला, बड़ामलहरा, बकस्वाहा, जिला दमोह के तेंदूखेड़ा, हटा, पथरिया, डिण्डोरिया, जिला पन्ना के पवई, ककरहटी, अमानगंज, अजयगढ़, देवेन्द्र नगर, जिला सतना के उचेहरा, बिरसिंहपुर, चित्रकूट, नागौद, रामपुरबघेलान, कोठी, न्यू रामनगर, अमरपाटन, जैतवारा, जिला रीवा के गोविंदगढ़, गुढ़, बैकुंठपुर, हनुमना, मऊगंज, त्यौंथर, सेमरिया, नईगढ़ी, सिरमौर, मनगवां, जिला सीधी के रामपुर नैकिन, जिला शहडोल की ब्यौहारी, खांड, जिला कटनी के कैमोर, बरही, विजयराघवगढ़, जिला जबलपुर के पनागर, बरेला, पाटन, मझौली, सिहोरा, शाहपुरा, कटंगी, जिला बालाघाट के मलाजखण्ड, बारासिवनी, कटंगी, जिला सिवनी के बरघाट, जिला नरसिंहपुर के गाडरवारा, सालीचौका (बाबई), तेंदूखेड़ा, सांईखेड़ा, गोटेगाँव, करेली, चिचली, जिला छिंदवाड़ा के अमरवाड़ा, चौरई, न्यूटन चिखली, लोधीखेड़ा, बड़कुई, पिपलानारायणथाग, डोंगर परासिया, चांदामेटा, बुटारिया, बिछुआ, चांद, जिला बैतूल के आमला, बैतूल बाजार, मुलताई, जिला हरदा के खिरकिया, टिमरनी, जिला होशंगाबाद के पिपरिया, सोहागपुर, बाबई, सिवनी मालवा, इटारसी, जिला रायसेन के बाड़ी, उदयपुरा, सुल्तानपुर, सिलवानी, गैरतगंज, रायसेन, बेगमगंज, औबेदुल्लागंज, बरेली, जिला विदिशा के सिरोंज, लटेरी, गंजबासौदा, कुरवाई, जिला भोपाल के बैरसिया, जिला सीहोर के आष्टा, रेहटी, कोठरी, जावर, इछावर, बुधनी, नसरुल्लागंज, जिला राजगढ़ के जीरापुर, पचौर, माचलपुर, खिलचीपुर, बोड़ा, कुरावर, ब्यावरा, नरसिंहगढ़, तलेन, खुजनेर, सुठारिया, छापीहेड़ा, आगर-मालवा जिले के बड़ौद, कानड़, नलखेड़ा, सुसनेर, सोयतकला, बड़ागाँव, जिला शाजापुर के अकोदिया, पोलायकला, मक्सी, शुजालपुर, पानीखेड़ी, जिला देवास के खातेगांव, बागली, सोनकच्छ, भौंरासा, हाटपिपल्या, करनावद, कन्नौद, सतवास, कांटाफोड़, लोहरदा, नेमावर, जिला उज्जैन के खाचरौद, बड़नगर, तराना, माकडोन, महिदपुर, नागदा, उन्हेल, जिला रतलाम के नामली, पिपलौदा, जावरा, आलोट, बड़ावदा, ताल, जिला मंदसौर के नगरी, सीतामऊ, नारायणगढ़, शामगढ़, भानपुर, मल्हारगढ़, पिपल्या मण्डी, गरोठ, जिला नीमच के जावद, मनासा, कुकड़ेश्वर, डिकेन, रतनगढ़, सिंगोली, रामपुरा, अठाना, जीरन, नयागांव, सरवनिया महाराज, जिला खण्डवा के मूंदी, पंधाना, जिला बुरहानपुर के शाहपुर, जिला खरगोन के बड़वाह, सनावद, कसरावद, करही पाडल्याखुर्द, जिला झाबुआ के मेघनगर, जिला धार के बदनावर, जिला इंदौर के नगरीय निकाय राऊ, हातोद, बेटमा, देपालपुर, गौतमपुरा, महूगाँव, मानपुर और सांवेर में संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को प्रशासक नियुक्त किया गया है।

जॉब अलर्ट

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, राउरकेला, उड़ीसा

पद का नाम - लाइब्रेरियन, सुप. इंजीनियर, डेप्युटी रजिस्ट्रार, असिस्टेंट रजिस्ट्रार, मेडिकल ऑफिसर, टेक्निकल असिस्टेंट, सुपरिंटेंडेंट, सीनियर असिस्टेंट, जूनियर असिस्टेंट, टेक्नीशियन
पदों की संख्या - 01, 01, 01, 03, 02, 07, 02, 10, 20, 11
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग।
अंतिम तिथि - 12 फरवरी 2020
www.nitrkl.ac.in/FacultyStaff/Career/Non-Teaching/

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना, बिहार

पद का नाम - सुपरिंटेंडेंट, जूनियर असिस्टेंट
पदों की संख्या - 08, 16
योग्यता - सुपरिंटेंडेंट के लिये : मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी संकाय में प्रथम श्रेणी स्नातक डिग्री या समकक्ष या 50 प्रतिशत अंकों के साथ किसी भी संकाय में मास्टर्स डिग्री, कम्प्यूटर एप्लीकेशन ज्ञान आवश्यक।
जूनियर असिस्टेंट के लिये : मान्यता प्राप्त बोर्ड से सीनियर सेकेंडरी (10+2) उत्तीर्ण, कम से कम 35 शब्द प्रति मिनट की टाइपिंग गति, वर्ड और स्प्रेड शीट पर कार्य हेतु दक्ष।
अंतिम तिथि - 11 फरवरी 2020
www.nitp.ac.in

यूसीआईएल (यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार), झारखण्ड

पद का नाम - चीफ मैनेजर (अकाउंट्स)/मैनेजर (अकाउंट्स), चीफ सुपरिंटेंडेंट (सिविल)/सुपरिंटेंडेंट (सिविल), डेप्युटी मैनेजर (अकाउंट्स)/असिस्टेंट मैनेजर (अकाउंट्स), डेप्युटी सुपरिंटेंडेंट (माइंस)/असिस्टेंट सुपरिंटेंडेंट (माइंस), डेप्युटी कंट्रोलर ऑफ पर्चेज/असिस्टेंट कंट्रोलर ऑफ पर्चेज, असिस्टेंट मैनेजर (सीएस)/असिस्टेंट मैनेजर (पर्सनल), अकाउंट ऑफिसर
पदों की संख्या - 01, 01, 03, 07, 01, 02, 01
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 28 फरवरी 2020
www.uraniumcorp.in

आयुध निर्माणी भर्ती बोर्ड (आयुध निर्माणी बोर्ड), रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार

पद का नाम - ट्रेड अप्रेंटिस
पदों की संख्या - 6060 (3808 आईटीआई और 2252 गैर आईटीआई)
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 09 फरवरी 2020
http://www.ofb.gov.in/

ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार

पद का नाम - डीन
पदों की संख्या - 02
योग्यता - किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से लाइफ साइंसेज में पीएचडी या एमडी या एमवीएससी या बायो-टेक्नोलॉजी/बायोमेडिकल इंजीनियरिंग/बायोटेक फार्माकोलॉजी या समकक्ष क्षेत्र में एम.टेक. के साथ न्यूनतम 15 वर्षों का प्रासंगिक अनुभव होना अनिवार्य।
अंतिम तिथि - 08 फरवरी 2020
www.dbtindia.nic.in

केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली

पद का नाम - सहायक अनुसंधान अधिकारी (जैव रसायन), वरिष्ठ उत्पादन सहायक (उत्पादन एवं विपणन), उर्दू सहायक/अनुवादक, स्टाफ कार चालक/चालक
पदों की संख्या - 01, 01, 01, 01
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 17 फरवरी 2020
www.ccrum.res.in

सैनिक स्कूल कालीकिरी, चित्तूर, आंध्रप्रदेश

पद का नाम - टीजीटी (जनरल साइंस)
पदों की संख्या - 01
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 08 फरवरी 2020
www.kalikirisainikschool.com

होटल प्रबंध खानपान प्रौद्योगिकी एवं पोषण आहार संस्थान, भोपाल

पद का नाम - व्याख्याता सह अनुदेशक, सहायक व्याख्याता एवं सहायक अनुदेशक, ग्रंथपाल, शिक्षण सहयोगी (टीचिंग एसोसिएट)
पदों की संख्या - 01, 02, 01, 05
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 17 फरवरी 2020
www.ihmbhopal.ac.in

डाक विभाग, (संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार) डाक मोटर सेवा, जीपीओ परिसर, पुणे

पद का नाम - कुशल कारीगर (मोटर वाहन मैकेनिक ग्रुप-सी)
पदों की संख्या - 04
योग्यता - सरकारी मान्यता प्राप्त किसी तकनीकी संस्थान से संबंधित ट्रेड में प्रमाण-पत्र या आठवीं कक्षा उत्तीर्ण और संबंधित ट्रेड में एक वर्ष का अनुभव। उम्मीदवार के पास भारी वाहन चलाने का वैध लाइसेंस होना अनिवार्य है।
अंतिम तिथि - 15 फरवरी 2020
www.indiapost.gov.in

राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, उत्तराखंड

पद का नाम - वैज्ञानिक एफ, वैज्ञानिक डी, वैज्ञानिक सी, वैज्ञानिक बी
पदों की संख्या - 01, 01, 04, 02
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 18 मार्च 2020
www.nihroorkee.gov.in

सरदार पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद

पद का नाम - सहायक निदेशक (विधि), रीडर (कार्यप्रणाली तक पहुंचना), रीडर (व्यवहार विज्ञान), डिप्टी कमांडेंट (वायरलेस)
पदों की संख्या - 01, 01, 01, 01
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 05 फरवरी 2020
www.svpnpa.gov.in

आयुष मंत्रालय (ई-आई सेक्शन), भारत सरकार

पद का नाम - सलाहकार (योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा)
पदों की संख्या - 01
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 18 मार्च 2020
www.ayush.gov.in

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (भारत सरकार का उद्यम), नई दिल्ली

पद का नाम - सहायक अभियंता प्रशिक्षु (गेट 2019 के माध्यम से) : एईटी (इलेक्ट्रिकल), एईटी (इलेक्ट्रॉनिक्स), एईटी (सिविल)
पदों की संख्या - 82, 10, 18
योग्यता - इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार गेट-2019 उत्तीर्ण होना चाहिये और उसके पास वैध गेट 2019 स्कोर होना चाहिये।
अंतिम तिथि - 07 फरवरी 2020
www.powergridindia.com

एडमिशन अलर्ट

श्री लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ (मानित विश्वविद्यालय), नई दिल्ली

पाठ्यक्रम का नाम - शिक्षाशास्त्री (बी.एड.), शिक्षाचार्य (एम.एड.), विद्यावारिधि (पीएच.डी.)
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार।
अंतिम तिथि - 17 फरवरी 2020
www.slbsrsv.ac.in

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ (आईआईपीएच), गांधीनगर

पाठ्यक्रम का नाम - मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (एमपीएच), मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (एमएसए)
योग्यता - किसी भी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से न्यूनतम 50 फीसदी अंकों के साथ स्नातक उत्तीर्ण।
अंतिम तिथि - 31 मई 2020
www.iiph.edu.in

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, खड़गपुर (डिपार्टमेंट ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेस)

पाठ्यक्रम का नाम - मास्टर इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट (एमएचआरएम)
योग्यता - 60 फीसदी अंकों के साथ इंजीनियरिंग की किसी भी ब्रांच से स्नातक या किसी भी विषय से स्नातकोत्तर होना आवश्यक। कैट 2019 के स्कोर के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया जायेगा।
अंतिम तिथि - 09 फरवरी 2020
www.iitkgp.ac.in

फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एफडीडीआई), नोएडा

पाठ्यक्रम का नाम - फुटवियर डिजाइन एंड प्रोडक्शन, लेदर गुड्स एंड एसेसरीज डिजाइन, फैशन डिजाइन व फुटवियर डिजाइन में बीडेस एवं एमडेस, बीबीए, एमबीए आदि।
योग्यता - उम्मीदवारों का चयन ऑल इंडिया सलेक्शन टेस्ट (एआईएसटी) 2020 के आधार पर किया जायेगा।
अंतिम तिथि - 15 अप्रैल 2020
www.fddiindia.com

पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी (पीएसएसओयू), बिलासपुर, छत्तीसगढ़

पाठ्यक्रम का नाम - ग्रेजुएशन : बीए, बीकॉम, बीएससी (जीव विज्ञान), बीएससी (गणित), बीबीए और बीलिब एंड आईएससी
पोस्ट ग्रेजुएशन : एमए (अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान), एमए/एमएससी (गणित), शिक्षा, एमकॉम और एमएसडब्ल्यू
पीजी डिप्लोमा : पीजीडीसीए, योग साइंस, साइकोलॉजिकल गाइडेंस एंड काउंसलिंग, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, मार्केटिंग मैनेजमेंट, जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, ब्रॉडकास्ट जर्नलिज्म एंड न्यूमीडिया, एपीआर, होटल मैनेजमेंट, टूरिज्म मैनेजमेंट, छत्तीसगढ़ी भाषा एवं साहित्य, लेबर लॉ एंड लेबर वेलफेयर और साइबर लॉ
डिप्लोमा : डीसीए आदि
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार।
अंतिम तिथि - 28 फरवरी 2020
www.pssou.ac.in

बाबा गुलाम शाह बादशाह यूनिवर्सिटी, जम्मू एंड कश्मीर

पाठ्यक्रम का नाम - सत्र 2020 के लिये अरेबिक, अंग्रेजी, बॉटनी और बायोकेमेस्ट्री में पीएच.डी.
मैथेमेटिक्स, अरेबिक, अंग्रेजी, बॉटनी में एमफिल
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार।
अंतिम तिथि - 15 फरवरी 2020
http://www.bgsbu.ac.in/

भारतीय वन प्रबंध संस्थान, भोपाल

पाठ्यक्रम का नाम - पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन सस्टेथिलिटी मैनेजमेंट (पीजीडीएसएम)
योग्यता - 50 फीसदी अंकों के साथ स्नातक उत्तीर्ण होना चाहिये। कैट 2019/जैट 2020 वैलिड स्कोर कार्ड।
अंतिम तिथि - 10 जून 2020
http://iifm.ac.in/pgdsm/pgdsm-admissions/

बैकुंठ मेहता राष्ट्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, पुणे

पाठ्यक्रम का नाम - पीजीडीएम-एबीएम (2020-22) 28वां बैच
योग्यता - 50 फीसदी अंकों के साथ स्नातक उत्तीर्ण होना चाहिये। चयन प्रवेश परीक्षा, समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर दिया जाता है।
अंतिम तिथि - 31 मार्च 2020
www.vamnicon.gov.in

अभिलेखीय अध्ययन पीठ, राष्ट्रीय अभिलेखागार, भारत सरकार

पाठ्यक्रम का नाम - 81वां अल्पावधि रेप्रोग्राफी प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम (13 अप्रैल से 22 मई 2020 तक)
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार।
अंतिम तिथि - 13 मार्च 2020
www.nationalarchives.nic.in

स्कॉलरशिप और इन्टर्नशिप अलर्ट

कमलादेवी चट्टोपाध्याय एनआईएफ बुक प्राइज 2020

संस्था का नाम - द न्यू इंडिया फाउंडेशन (एनआईएफ), बेंगलुरु
किसके लिए - इसमें किताब के लिए 15 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है जो स्वतंत्रता बाद के भारत पर साहित्यिक कार्य को मान्यता प्रदान करता है। एनआईएफ के अनुसार फेलोशिप देश में या देश से बाहर रह रहे भारत के निवासियों को दी जाती है।
योग्यता - आवेदक की रचना मूल रूप से अंग्रेजी में लिखी गई हो या अंग्रेजी में अनुवादित हो। पुस्तक का प्रकाशन 2019 कैलेंडर वर्ष में हुआ हो।
अंतिम तिथि - 31 मई 2020
https://newindiafoundation.org/nif-book-prize/

डब्ल्यूएचओ इंटर्नशिप प्रोग्राम

संस्था का नाम - विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), संयुक्त राष्ट्र
किसके लिए - विविध विषयों के पोस्ट ग्रेजुएट विद्यार्थियों के लिये जो विश्व के अग्रणी स्वास्थ्य संगठन के साथ काम करते हुये अपना ज्ञान विस्तारित करना चाहते हैं।
योग्यता - आयु कम से कम 20 वर्ष। पासपोर्ट धारक होना अनिवार्य
अंतिम तिथि - 25 फरवरी 2020
https://www.who.int/careers/internships/en/

नेशनल इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एग्जाम

संस्था का नाम - नाइस फाउंडेशन, नासिक, महाराष्ट्र
किसके लिए - पांचवीं कक्षा से लेकर हायर एजुकेशन तक के स्टूडेंट्स इस प्रतियोगिता के लिए आवेदन कर सकते हैं।
योग्यता - विषयानुसार
अंतिम तिथि - 15 फरवरी 2020
https://www.niceedu.org/nite

आईएनएसए(इंडियन नेशनल साइंस अकादमी)-जेआरडी टाटा फेलोशिप

संस्था का नाम - इंडियन नेशनल साइंस अकादमी, दिल्ली
किसके लिए - विज्ञान के क्षेत्र में रुचि रखने वाले और इसमें शोध करने के इच्छुक उम्मीदवार।
योग्यता - आयु 45 वर्ष से कम, साइंस स्ट्रीम से मास्टर्स डिग्री या समकक्ष।
अंतिम तिथि - 30 अप्रैल 2020
https://www.niceedu.org/nite

प्रदेश की 94 हजार शासकीय माध्यमिक शालाओं में प्रबंधन समिति के सदस्यों ने ली शपथ

भोपाल, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने शासकीय माध्यमिक शाला, नीलबड़ में नवगठित शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों को शाला को उत्कृष्ट बनाने की शपथ दिलाई। इस स्कूल के साथ ही प्रदेश की 94 हजार शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में नवगठित शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भी अपनी-अपनी शाला को उत्कृष्ट बनाने की शपथ ग्रहण की।

डॉ. चौधरी ने शाला प्रबंधन समितियों के सदस्यों से कहा कि शालाओं में ऐसा माहौल बनायें, जिससे बच्चे शाला में आने और पढ़ने के लिये लालायित रहें। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य रचनात्मक गतिविधियों के लिये भी तैयार करें। शाला छोड़ चुके बच्चों को फिर से शाला में लाने की हर संभव कोशिश करें।

स्कूल शिक्षा मंत्री ने इस मौके पर छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित शिक्षा-प्रदर्शनी देखी और बच्चों की परिकल्पना की सराहना की। उन्होंने समिति के सदस्यों के साथ-साथ शिक्षकों से भी कहा कि बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभाओं को पहचानें और उन्हें उभरने के अवसर प्रदान करें।

प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरुण शमी ने बताया कि स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिये अभिभावकों, जन-प्रतिनिधियों एवं शिक्षा संबंधी स्थानीय संस्थाओं के व्यक्तियों को शाला प्रबंधन समिति में शामिल किया गया है। इन समितियों का कार्यकाल 2 वर्ष का रहेगा। समितियों का गठन शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत किया गया है।

संचालक राज्य शिक्षा केंद्र श्रीमती आईरिन सिंथिया जे.पी. ने बताया कि शाला प्रबंधन समितियों का गठन विशेष नवाचार के अन्तर्गत किया गया है। ये समितियां 18 सदस्यीय हैं इनमें 14 सदस्य विद्यार्थियों के पालक/अभिभावक हैं और 2 सदस्य स्थानीय जन-प्रतिनिधि हैं। शाला के प्रधान पाठक को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है तथा सबसे वरिष्ठ महिला शिक्षक को समिति में सदस्य मनोनीत किया गया है। शपथ ग्रहण समारोह के बाद शाला के छात्र-छात्राओं को संविधान की उद्देशिका का वाचन कराया गया। समारोह में बच्चों की सत्रान्त सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की गई। बच्चों ने अनेकता में एकता की थीम पर आकर्षक नृत्य, गायन एवं नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की।

(स्रोत : समाचार जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार।)

पिछला सप्ताह

25 जनवरी

पैन और आधार नंबर नहीं बताने पर 20 प्रतिशत कटेगा टीडीएस

● केंद्र सरकार ने टैक्स डिडक्शन एट सोर्स (टीडीएस) को लेकर नियमों में बदलाव किया है। नये नियम के अनुसार यदि किसी कर्मचारी का वेतन टीडीएस कटने योग्य है और वह अपना पैन या आधार नंबर की जानकारी नियोक्ता को नहीं देता है, तो उसके वेतन से 20 प्रतिशत टीडीएस काटा जायेगा। इस संबंध में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने सर्कुलर जारी किया है। सर्कुलर में कहा गया है कि यदि किसी के पास पैन नंबर नहीं है तो वह टैक्स संबंधी कार्यों के लिये आधार नंबर का इस्तेमाल कर सकता है। सर्कुलर के अनुसार, किसी कर्मचारी का वेतन 2.5 लाख रुपये तक है, तो टैक्स नहीं लगेगा। यह नियम 16 जनवरी से लागू हो गया है।

● स्पेन में ग्लोरिया तूफान ने भारी तबाही मचाई है। तूफान का असर स्पेन के पूर्वी और दक्षिणी तट पर रहा। तूफान के कारण लगभग 13 लोगों की मौत हो गई और 5 लोग लापता हो गये हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, तूफान के कारण तेज बारिश और बर्फबारी हो रही है। तूफान के कारण फसलें भी खराब हो रही हैं।

● इराक में सरकार और अमेरिका के खिलाफ विरोध प्रदर्शन तेज हो गये हैं। इराक की राजधानी बगदाद के तहरीर चौक पर हुये अब तक के सबसे बड़े विरोध प्रदर्शन में 2 लाख से अधिक लोग जुटे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच जंग का असर इराक पर पड़ सकता है। साथ ही इराक में अमेरिका का दखल भी लगातार बढ़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सुरक्षा बलों की गोली से अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है। प्रदर्शन के दौरान भी सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई थी।

26 जनवरी

भारत बना विश्व का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्ट फोन मार्केट

● भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्ट फोन मार्केट बन गया है। एक रिसर्च के

अनुसार, वर्ष 2019 में 158 मिलियन (15.8 करोड़) स्मार्टफोन ऐनुअल शिपमेंट का आंकड़ा छुआ है। इस मामले में भारत ने अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है। वर्ष 2019 में भारत में स्मार्टफोन शिपमेंट में 7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

● नेपाल के विदेश मंत्री प्रदीप कुमार ग्यावली ने कहा है कि ग्लोबल वॉर्मिंग का सबसे ज्यादा असर नेपाल पर पड़ रहा है। ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण हिंदुकुश हिमालय क्षेत्र में बर्फ पिघलने से ग्लेशियर सिकुड़ते जा रहे हैं। ग्यावली ने कहा कि हिंदुकुश हिमालय क्षेत्र 24 करोड़ लोगों की पानी की जरूरतें पूरी करने के साथ ही उन्हें रहने लायक मौसम प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि नेपाल में अप्रैल माह में आयोजित होने वाले सागरमाथा संवाद कार्यक्रम में ग्लोबल वॉर्मिंग के मुद्दे पर प्रमुखता से बात की जायेगी।

● मैक्सिको में सुरक्षा बलों और अवैध प्रवासियों के बीच तीखी झड़प हुई। सुरक्षा बलों के अनुसार, मध्य अमेरिकी देशों के प्रवासी मैक्सिको में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान सुरक्षा बलों ने उन्हें खदेड़ना शुरू किया। ये प्रवासी मैक्सिको और ग्वाटेमाला की सीमा से घुसने की कोशिश कर रहे थे। इनमें से 800 प्रवासियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

● फ्रांस में पेंशन सुधार कानून के खिलाफ प्रदर्शन लगातार जारी हैं। फ्रांस के जनरल फेडरेशन ऑफ लेबर ट्रेड यूनियन के अनुसार, इस प्रदर्शन में ढाई लाख लोग शामिल हुए हैं। उल्लेखनीय है कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो देश में यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू करना चाहते हैं। इस स्कीम से सरकारी और निजी क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद बराबर पेंशन मिलेगी, लेकिन कर्मचारी यूनियन के अनुसार, इस स्कीम में कई खामियां हैं, जिसे दूर किया जाना चाहिये।

27 जनवरी

इसरो मई में शुरू करेगा युविका कार्यक्रम का दूसरा सत्र

● भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने स्कूली बच्चों के लिये मई माह

में दो सप्ताह के कार्यक्रम की घोषणा की है। इस कार्यक्रम का नाम युवा विज्ञान (युविका) है। इस वर्ष कार्यक्रम का दूसरा सत्र मई में होगा जो 11 से 22 मई तक गर्मियों की छुट्टी में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम के तहत आठवीं कक्षा तक के कोर्स के आधार पर परीक्षा ली जायेगी। युविका कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि और जागरूकता पैदा करना है। इस कार्यक्रम में प्रमुख वैज्ञानिकों के व्याख्यान, उनके द्वारा अनुभव साझा करना और प्रयोगशालाओं का भ्रमण आदि कराया जायेगा। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिये सीबीएसई, आईसीएसई और राज्य पाठ्यक्रम को मिलाकर हर राज्य से तीन विद्यार्थियों का चयन किया जायेगा।

● ब्राजील के कई इलाकों में तूफान और भारी बारिश के कारण जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। तूफान का सबसे ज्यादा असर मिनास गैरेस राज्य के बेलो होरिजोन्टे में देखने को मिला है। यहां कई इमारतें मलबे में तब्दील हो गई हैं और कई नागरिक प्रभावित हुये हैं। तूफान और बारिश प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य तेजी से किये जा रहे हैं।

● बुल्गारिया में बढ़ते जल संकट से जीवन बेहाल हो गया है। जल संकट से प्रभावित लोग सरकार के खिलाफ सड़क पर उतर कर प्रदर्शन कर रहे हैं। बुल्गारिया की राजधानी सोफिया में सैकड़ों लोगों ने प्रदर्शन कर सरकार पर मानवीय संकट पैदा करने का आरोप लगाया। इस जल संकट के कारण पेनिक में होने वाला वार्षिक राष्ट्रीय पर्व 54 वर्ष में पहली बार रद्द करना पड़ा है।

28 जनवरी

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को समझाने के लिये आईआईटी दिल्ली ने बनाई किट

● आईआईटी दिल्ली ने छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समझाने के लिये एक किट तैयार की है। इस किट को बुद्धि नाम दिया गया है। इस किट को प्रोफेसर मनन सुरी ने तैयार किया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को समझने की किट बनाने वाला भारत विश्व का पहला देश बन गया है। यह किट छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अनुभव करायेगी।

● लेबनान में सरकार विरोधी प्रदर्शन लगातार बढ़ रहे हैं। लेबनान की राजधानी बेरूत में प्रदर्शनकारियों ने संसद का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने सांसदों को संसद में जाने से रोका। इसके बाद पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हो गई। उल्लेखनीय है कि लेबनान में नई सरकार बनने के बाद भी आर्थिक संकट बना हुआ है।

● भारतीय रेलवे को यात्री किराये से होने वाली आय में गिरावट दर्ज की गई है। रेलवे को यात्री किराये से आय 400 करोड़ रुपये कम हो गई है, जबकि माल ढुलाई से होने वाली आय में 2800 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई है। रेलवे को वित्तीय वर्ष 2019-20 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में यात्री किराये से 13,398.92 करोड़ रुपये की आय हुई थी, जबकि दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में यह घटकर 13,243.81 करोड़ रुपये हो गई, वहीं तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में यह घटकर 12844.37 करोड़ हो गई है। रेलवे को तीसरी तिमाही में माल ढुलाई से 28032.80 करोड़ रुपये की आय हुई है।

29 जनवरी

श्रीलंका ने चीन के लिये बंद किया वीजा ऑन अराइवल

● श्रीलंका ने चीन से आने वाले यात्रियों के लिये वीजा ऑन अराइवल (आगमन पर वीजा) देने की सुविधा बंद की है। श्रीलंकाई सरकार ने देश में कोरोना वायरस से जुड़ा पहला मामला सामने आने के बाद यह कदम उठाया है। श्रीलंका के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुख्य महामारी विशेषज्ञ सुदत सुरावीरा ने बताया कि 40 वर्षीय एक चीनी महिला कोरोना वायरस से संक्रमित पाई गई है। उन्होंने बताया कि हवाई अड्डे से बाहर निकलते वक्त उक्त महिला की जांच की गई थी, इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उल्लेखनीय है कि चीनी यात्रियों के लिये श्रीलंका एक बड़ा पर्यटन स्थल है। अब चीन के लोगों को वीजा के लिये ऑनलाइन आवेदन देना होगा।

● अमेरिका के अलबामा प्रांत में टेनेसी नदी पर स्थित एक बोट डॉक में बड़ा हादसा हो गया। स्थानीय पुलिस के अनुसार, डॉक में खड़ी 35 नावों में आग लग गई। इस हादसे में 8 लोगों की मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार, डॉक पर बड़ी संख्या में पर्यटक मौजूद थे। हादसे के बाद 7 लोगों ने पानी में कूदकर जान बचाई है, जबकि 10 लोग अभी भी लापता हैं। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

● लैटिन अमेरिकी देश जमैका और क्यूबा के बीच कैरेबियन सागर में भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 7.7 मापी गई है। भूकंप की गहराई सतह से 10 किलोमीटर नीचे थी। भूकंप के झटके कैरेबिया के कई द्वीपों में महसूस किये गये हैं। भूकंप की तीव्रता को देखते हुये सुनामी की चेतावनी जारी की गई है।

30 जनवरी

नासा के स्पेस होम में छुट्टी मना सकेंगे पर्यटक

● अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा स्पेस टूरिज़्म को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रही है। नासा पर्यटकों के लिये अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर स्पेस होम बनायेगा। स्पेस होम में पर्यटक छुट्टियां मना सकेंगे, यहां से पृथ्वी का 360 डिग्री व्यू दिखेगा। नासा ने कहा कि स्पेस होम के लिये स्टार्टअप एक्जियम स्पेस के साथ करार किया गया है। स्पेस होम को वर्ष 2024 तक तैयार कर लिया जायेगा।

● दक्षिण कोरिया में पशु प्रेमियों ने चीन के खिलाफ अनोखे ढंग से विरोध प्रदर्शन किया। राजधानी सियोल में प्रदर्शनकारियों ने जानवरों के मास्क लगाकर चीन के दूतावास के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने चीन से मांग की कि वे अपने लोगों के जंगली पशुओं को खाने की आदतों पर नियंत्रण लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इसी वजह से दुनियाभर में कोरोना वायरस फैल रहा है।

● भारतीय रेलवे ने बुलेट ट्रेनों के लिये 6 नये हाईस्पीड कॉरिडोर्स की पहचान की है। इनमें दिल्ली-वाराणसी, दिल्ली-अहमदाबाद, दिल्ली-अमृतसर, मुंबई-नागपुर, मुंबई-हैदराबाद और चेन्नई-मैसूर शामिल हैं। अगले एक वर्ष में इन कॉरिडोर्स की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार हो जायेगी।

31 जनवरी

अमेरिका-मैक्सिको बॉर्डर पर मिली स्मगलिंग सुरंग

● अमेरिका-मैक्सिको बॉर्डर पर अब तक की सबसे लंबी स्मगलिंग सुरंग मिली है। यह सुरंग 1 हजार 13 मीटर लंबी है। इस सुरंग में लिफ्ट, रेल ट्रैक, ड्रेनेज सिस्टम, एयर वेंटिलेशन और हाई वोल्टेज इलेक्ट्रिक केबल्स लगी हुई हैं। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, इस सुरंग से मैक्सिकन शहर विजुआना के इंडस्ट्रियल साइट से अमेरिका के सैन डिएगो को जोड़ा गया था। अधिकारियों ने बताया कि ये सुरंग किसने बनाई, इसका पता नहीं लग सका है। इस सुरंग की गहराई 70 फीट और चौड़ाई 2 फीट है।

● रेलवे के टिकट काउंटर से बुक किये गये आरक्षित टिकट अब मोबाइल से भी निरस्त हो सकेंगे। रेलवे के अनुसार, अब यात्री हेल्पलाइन नंबर 139 पर मोबाइल के जरिये घर बैठे टिकट रद्द करा सकते हैं। हालांकि रिफंड के लिये यात्री को काउंटर पर जाना पड़ेगा। रेलवे के अनुसार, मोबाइल पर टिकट निरस्त करने के लिये हेल्पलाइन नंबर 139 पर कॉल करके कैंसिल ऑप्शन चुनना होगा और पीएनआर नंबर बताना होगा। इसके बाद यात्री के पास एक ओटीपी आयेगा। ओटीपी बताने के बाद टिकट कैंसिल होने का मैसेज आयेगा। यह मैसेज निर्धारित समय पर टिकट काउंटर पर दिखाने के बाद रिफंड मिल जायेगा।

● इंडोनेशिया के नॉर्थ सुमात्रा प्रांत में आई भीषण बाढ़ के कारण छह से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि कई लोग लापता हो गये हैं। इंडोनेशिया की आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अगुस विबोवो के अनुसार, मूसलाधार बारिश के कारण नॉर्थ तपनुली जिले में एक नदी का तटबंध टूट गया, जिससे आसपास के इलाके पानी में डूब गये। इलाके में राहत एवं बचाव कार्य जारी है। बाढ़ के कारण सड़कें, मकान और बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है।

दीक्षांत समारोह

शक्तिशाली भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए युवा वर्ग - राज्यपाल

शिक्षा में बढ़ रहा है ज्ञान और विज्ञान का समावेश

रीवा, राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने रीवा के अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षांत समारोह में कहा कि युवा वर्ग शक्तिशाली भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि युवाओं को समाज में अपनी रचनात्मक पहचान बनाना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि स्वावलम्बी बनना जीवन का लक्ष्य होना चाहिए। मन में राष्ट्र के प्रति सम्मान होना चाहिए, भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और पूर्वजों की विरासत पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के द्वारा ही सामाजिक परिवर्तन संभव है। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा में ज्ञान और विज्ञान का समावेश बढ़ता जा रहा है। युवाओं को इस परिवर्तन का लाभ लेकर आगे बढ़ना होगा, तभी स्वावलम्बी बन सकेंगे और देश के नव-निर्माण में अपनी भूमिका निभा पायेंगे।

200 महाविद्यालयों को बनाएंगे स्मार्ट कॉलेज

समारोह में उच्च शिक्षा मंत्री श्री जीतू पटवारी ने कहा कि युवा वर्ग मानवीय दृष्टिकोण के साथ समाज के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करे। इससे चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था स्थापित करने के साथ समय के अनुकूल नवाचार भी किये जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा बेटियों को निःशुल्क शिक्षा देने का निर्णय लिया गया है। शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक बनाया जा रहा है। इसके लिये पहले चरण में प्रदेश के 200 महाविद्यालयों को स्मार्ट कॉलेज बनाया जायेगा। इन कॉलेज में स्मार्ट कक्षाएं और ई-लायब्रेरी होगी। प्रशिक्षित शिक्षक गुणवत्तापूर्ण अत्याधुनिक शिक्षा देंगे। श्री पटवारी ने बताया कि उच्च शिक्षा संस्थानों में ग्रीन कैम्पस बनाने का अभियान शुरू किया जा रहा है। राज्य सरकार का प्रयास है कि पूरा शिक्षा विभाग पोर्टल पर हो, परीक्षाएं समय पर हों और रिजल्ट भी समय पर निकले।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान नई दिल्ली के वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. मनोज पटेरिया ने युवाओं से कहा कि वैज्ञानिक सोच, समझ और दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ें। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पीयूष रंजन अग्रवाल ने विश्वविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

रोज़गार और निर्माण वर्ष 37, अंक 05, 03.02.2020 से 09.02.2020

● प्रबंध संपादक - संजय कुमार शुक्ल ● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी ● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह, राकेश गौतम ● उप सम्पादक - रंजना चितले ● उप महाप्रबंधक - अजीत रोमन (विज्ञापन एवं प्रसार)
● प्रबंधक - नरेन्द्र कुमार वनवट (वित्त) ● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन) ● आकल्पन - आशा रोमन, हेमंत वायंगणकर, सुशील लांडगे ● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : mpmdtp@yahoo.com
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सामयिकी

अमेरिकी सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त

अफगानिस्तान के गजनी प्रांत में एक अमेरिकी सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस प्रांत के अधिकांश इलाके पर तालिबान का नियंत्रण है। तालिबान का दावा है कि उसने ही इस अमेरिकी विमान को मार गिराया है।

तालिबानी प्रवक्ता जबिहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि यह विमान खुफिया मिशन पर था। मुजाहिद ने दावा किया कि मारे गए लोगों में अमेरिकी सेना के कई शीर्ष अधिकारी शामिल हैं। वहीं अमेरिका ने तालिबान के दावों का खंडन किया है।

वर्ष 2020 के पद्म पुरस्कारों की हुई घोषणा

- **इस वर्ष 141 लोगों को पद्म पुरस्कार।**
- **7 पद्म विभूषण, 16 पद्म भूषण और 118 पद्मश्री पुरस्कार हैं शामिल।**
- **पुरस्कार पाने वालों में शामिल हैं 33 महिलाएं।**
- **राष्ट्रपति द्वारा ये पुरस्कार राष्ट्रपति भवन में किए जाते हैं प्रदान।**

देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों, पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री में प्रदान किये जाते हैं। ये पुरस्कार विभिन्न विषयों और गतिविधियों के क्षेत्रों, जैसे कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, व्यापार एवं उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल, नागरिक सेवा आदि में प्रदान किए जाते हैं। 'पद्म विभूषण' असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए, 'पद्म भूषण' उच्च क्रम की विशिष्ट सेवा के लिए और पद्मश्री किसी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए प्रदान किए जाते हैं।

यह पुरस्कार हर साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाते हैं।

पद्म विभूषण पुरस्कार के लिये जिन सात नामों की घोषणा की गई है उनमें श्री जॉर्ज फर्नांडीज (मरणोपरांत), श्री अरुण जेटली (मरणोपरांत), श्री अनिरुद्ध जगन्नाथ जीसीएसके, श्रीमती एम.सी. मैरीकॉम, श्री छब्रू लाल मिश्र, श्रीमती सुषमा स्वराज (मरणोपरांत) और श्री विश्वेशतीर्थ स्वामीजी श्री पजवरा अधोखज मठ उडुपी (मरणोपरांत) शामिल हैं।

इस वार सोलह पद्मभूषण पुरस्कारों की घोषणा हुई जिनमें श्री एम. मुमताज अली, श्री सैय्यद मुअज़्ज़ीम अली (मरणोपरांत), श्री मुज़फ्फर हुसैन बेग, श्री अजॉय चक्रवर्ती, श्री मनोज दास, श्री बालकृष्ण दोशी, सुश्री कृष्णणम्मल जगन्नाथन, श्री एस.सी. जमीर, श्री अनिल प्रकाश जोशी, डॉ. त्सेरिंग लेंडोल, श्री आनन्द महिन्द्रा, श्री नीलकण्ठ, रामकृष्ण माधव मेनन (मरणोपरांत), श्री मनोहर गोपालकृष्ण प्रभु परिंकर (मरणोपरांत), प्रो. जगदीश सेठ, सुश्री पी वी सिंधू और श्री वेणु श्रीनिवासन जैसे नाम शामिल हैं। पद्मश्री पुरस्कार के लिये 118 नामों की घोषणा हुई, जिनमें मध्यप्रदेश से चार नाम हैं।

भोपाल गैस कांड के पीड़ितों की आवाज उठाने वाले श्री अब्दुल जब्बार को सामाजिक कार्य के लिये मरणोपरांत पद्मश्री से नवाजा जायेगा। अब्दुल जब्बार की बीते साल नवंबर में मृत्यु हो गई थी। वहीं प्रदेश के तीन अन्य लोगों में डॉक्टर लीला जोशी को चिकित्सा के क्षेत्र में, डॉ. पुरुषोत्तम दधीच को कला के क्षेत्र में और नेमनाथ जैन को व्यापार तथा उद्योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने ट्वीट कर सभी को वधाई प्रेषित की और प्रदेश के गौरवान्वित होने की बात कही।

पर्यावरण जागरुकता के लिये

नेपाल में रिकॉर्ड सत्रह हजार फीट की ऊंचाई पर फैशन शो

नेपाल ने अब तक के सबसे अधिक ऊंचाई वाले फैशन शो कार्यक्रम का आयोजन कर नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। इस शो का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के बारे में लोगों को जागरूक करना था।

यह आयोजन एवरेस्ट बेस कैंप के पास काला पत्थर में 5340 मीटर (17,515 फीट) की ऊंचाई पर आयोजित किया गया। इस फैशन शो में फिनलैंड, इटली, श्रीलंका और सिंगापुर समेत दुनिया के विभिन्न देशों के मॉडलों ने हिस्सा लिया।

फैशन शो के दौरान उपयोग की जाने वाली सभी सामग्री प्राकृतिक व जैविक थी। वहीं कपड़ों को बनाने के लिए नेपाली पश्मीना, फेल्ट और याक ऊन का इस्तेमाल किया गया था, जो सर्दियों में पहनने के लिए आदर्श हैं। यह आयोजन नेपाल ट्रूरिज्म बोर्ड के विजिट नेपाल ईयर 2020 अभियान का हिस्सा था।

ब्रिटेन ने जारी किया पचास पैसे का 'ब्रेक्जिट सिक्का'

ब्रिटेन के चांसलर साजिद जाविद ने 50 पैसे का ब्रेक्जिट सिक्का जारी किया। इस पर- 'सभी देशों के साथ शांति, समृद्धि और दोस्ती लिखा गया है।' इसमें 31 जनवरी की तारीख दर्ज है, इसी दिन ब्रिटेन यूरोपीय यूनियन (ईयू) से बाहर हो गया। करीब 30 लाख सिक्के पहली खेप में 31 जनवरी से बैंकों, डाकघरों और दुकानों में पहुंचने शुरू हो गये हैं, जबकि और 70 लाख सिक्के इस साल के अंत में प्रचलन में आएंगे।

यूरोपीय संघ की संसद में ब्रेक्जिट समझौता मंजूर

यूरोपीय यूनियन (ईयू) की संसद ने ब्रेक्जिट समझौते को मंजूरी दे दी है, जिससे ब्रिटेन यूरोपीय संघ से 31 जनवरी को बाहर हो गया।

यूरोपीय यूनियन के सांसदों ने ब्रिटेन को हिदायत भी दी कि वह आगामी व्यापार वार्ता में ज्यादा रियायतों की मांग न करे। यूरोपीय संसद में ब्रेक्जिट समझौता के पक्ष में 621 मत पड़े तो खिलाफ में 49 वोट पड़े। हालांकि ब्रिटेन अभी इस साल के आखिर तक ईयू की आर्थिक व्यवस्था में बना रहेगा, लेकिन उसका नीतिगत मामलों में कोई दखल नहीं होगा और न ही वह ईयू का सदस्य रह जाएगा।

इंडोनेशिया में बाढ़ और भूस्खलन

हजारों लोगों ने शेल्टर हाउस में ली शरण

इंडोनेशिया के उत्तरी सुमात्रा प्रांत में बाढ़ और भूस्खलन से नौ लोगों की मौत हो गई। इसके चलते हजारों लोगों को अपना घर छोड़कर अस्थायी आश्रयों (शेल्टर हाउस) में शरण लेनी पड़ी। स्थानीय आपदा प्रबंधन ने इस घटना की जानकारी देते हुये कहा कि बाढ़ के कारण सड़क, बिजली व्यवस्था और घरों को खासा नुकसान हुआ है।

स्थानीय एजेंसी के अनुसार लगातार बारिश के चलते तपनुली जिले में नदी का जलस्तर बढ़ गया। इसके चलते आसपास के क्षेत्र में बाढ़ आ गई। पानी बहाव इतना तेज था कि ज्यादतर पीड़ित लकड़ी के बने घरों के साथ बह गए।

गौरतलब है कि इंडोनेशिया में रिकॉर्ड-तोड़ बारिश की वजह से आई बाढ़ और भूस्खलन में जकार्ता और उसके आसपास के इलाके में अब तक लगभग 70 लोगों की मौत हो गई। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता और आसपास के क्षेत्र में हजारों लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं।

भारत की गीता सबरवाल थाईलैंड में बनीं यूएन रेजीडेंट कॉर्डिनेटर

संयुक्त राष्ट्र ने भारत की गीता सबरवाल को थाईलैंड में अपना रेजीडेंट कॉर्डिनेटर नियुक्त किया है। यूएन रेजीडेंट कॉर्डिनेटर राष्ट्र स्तर पर शीर्ष स्तरीय प्रतिनिधि होता है। वह 2030 का एजेंडा लागू करने में देशों को दिए जाने वाले संयुक्त राष्ट्र के समर्थन का समन्वय करने के साथ-साथ 'यूएन कंट्री टीम' का नेतृत्व करता है। रेजीडेंट कॉर्डिनेटर संयुक्त राष्ट्र महासचिव द्वारा नामित प्रतिनिधि होता है, जो यूएन प्रमुख को रिपोर्ट करता है। उल्लेखनीय है कि सबरवाल ने मालदीव समेत पांच एशियाई देशों में विकास, शांति, प्रशासन और सामाजिक नीति में 25 साल तक अपनी सेवाएं दी हैं।

उन्होंने सबसे ज्यादा सात साल के लिए श्रीलंका में शांति और विकास के सलाहकार के तौर पर अपनी सेवा दी है।

संयुक्त राष्ट्र में शामिल होने से पहले सबरवाल मालदीव और श्रीलंका के लिए एशिया फाउंडेशन डिप्टी कंट्री रिप्रेजेंटेटिव के तौर पर कार्यरत थीं।

अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय ने म्यांमार को रोहिंग्याओं पर अत्याचार रोकने का दिया आदेश

अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) ने म्यांमार को आदेश दिया है कि वह रोहिंग्याओं के नरसंहार और उन पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए तुरंत कदम उठाए। कोर्ट ने म्यामांर को आदेश दिया कि वह चार महीने में आईसीजे को रिपोर्ट देकर बताए कि उसने आदेश के अनुपालन के लिए क्या किया और इसके बाद हर छह महीने में स्थिति से अवगत कराए। गौरतलब है कि अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का यह आदेश अफ्रीकी देश गाम्बिया की याचिका पर आया है।

- **सुनवाई में म्यांमार की स्टेट काउंसलर आंग सान सू की के बयान का भी संज्ञान लिया गया, जिसमें उन्होंने सेना की कार्रवाई का समर्थन किया था।**
- **मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के सर्वसम्मति से दिए गए इस फैसले का स्वागत किया है।**

गाम्बिया ने मुस्लिम देशों के संगठनों की ओर से एक याचिका दायर की थी, जिसमें म्यांमार पर रोहिंग्या का जनसंहार करने का आरोप लगाया था।

दलाई लामा के उत्तराधिकारी की चयन प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने पर अमेरिका लगायेगा प्रतिबंध

अमेरिका की प्रतिनिधि सभा ने तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा के उत्तराधिकारी की चयन प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने वाले चीनी अधिकारियों के खिलाफ वित्तीय और यात्रा प्रतिबंध लगाने वाला एक विधेयक पारित किया है। इस विधेयक को जेम्स पी मैक्गोवर्न ने पेश किया था, जो बहुमत से पारित हुआ। अब यह विधेयक सीनेट जायेगा। सीनेट से पारित होने के बाद यह राष्ट्रपति के पास जायेगा और राष्ट्रपति के दस्तखत के बाद कानून बन जायेगा। विधेयक के मुताबिक 15वें दलाई लामा चुनने का अधिकार केवल तिब्बत की बौद्ध आवादी को है, जिसका फैसला सिर्फ तिब्बती बौद्ध समुदाय द्वारा किया जाना चाहिए। मसौदा कानून के तहत अगर कोई चीनी अधिकारी दलाई लामा के उत्तराधिकारी की चयन प्रक्रिया में शामिल होता है, तो अमेरिका उसकी अमेरिकी संपत्ति के लेनदेन और उनकी अमेरिकी यात्रा पर रोक लगा देगा।

- **चीनी विदेश मंत्रालय ने इस विधेयक का विरोध किया है और कहा कि यह विधेयक चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करता है।**

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

खेलचर्चा

बीसीसीआई ने पाकिस्तान में एशिया कप खेलने से किया इनकार

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि उसे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एशिया कप की मेजबानी करने से कोई एतराज नहीं है, लेकिन वह टूर्नामेंट के लिये पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगा। बीसीसीआई के अनुसार, एशिया कप का स्तर तटस्थ होना चाहिये। बीसीसीआई ने कहा कि वर्ष 2018 में एशिया कप भारत में खेला जाना था, लेकिन पाकिस्तानी खिलाड़ियों को लेकर वीजा की समस्या हुई और इसी कारण एशिया कप संयुक्त अरब अमीरात में खेला गया था। वहां इस टूर्नामेंट की मेजबानी भारत ने की थी, पाकिस्तान भी ऐसा कर सकता है।

एशियाई टेनिस महासंघ के आजीवन अध्यक्ष बने अनिल खन्ना

मेलबर्न, एशियाई टेनिस महासंघ (एटीफए) ने भारतीय खेल प्रशासक अनिल खन्ना को अपना आजीवन अध्यक्ष घोषित किया है। अखिल भारतीय टेनिस संघ ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। अनिल खन्ना को एटीएफ का आजीवन अध्यक्ष चुनने के साथ-साथ वित्तीय समिति का चेयरमैन और एटीएफ फाउंडेशन का सह-चेयरमैन भी नियुक्त किया गया है। मेलबर्न में हुई एटीएफ की बैठक में सीएस सुंदर राजू को उपाध्यक्ष तथा अनिल धूपर को संवैधानिक समिति का सदस्य भी नियुक्त किया गया है।

नीरज चौपड़ा ने ओलिंपिक के लिये किया क्वालिफाई

नई दिल्ली, भारत के अनुभवी भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चौपड़ा ने टोक्यो ओलिंपिक के लिये क्वालिफाई कर लिया है। नीरज ने दक्षिण अफ्रीका में आयोजित एथेलेटिक्स सेंट्रल नॉर्थ ईस्ट लीग में 87.86 मीटर दूर भाला फेंक कर ओलिंपिक का टिकट कटाया। इस टूर्नामेंट में ओलिंपिक के लिये क्वालिफाई करने के लिये 85 मीटर की दूरी तय की गई थी, जिसे नीरज ने चौथे प्रयास में ही हासिल कर लिया। उल्लेखनीय है कि कोहनी की चोट के कारण नीरज वर्ष 2019 में पूरे समय प्रभावित रहे हैं। नीरज ओलिंपिक में पदक के दावेदारों में से एक हैं।

हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय शिविर के लिये चुने 32 खिलाड़ी

नई दिल्ली, हॉकी इंडिया ने पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिये 32 खिलाड़ियों के नाम की घोषणा की है। यह शिविर अगले महीने एफआईएच प्रो लीग में बेल्जियम के खिलाफ होने वाले मुकाबलों के लिये आयोजित किया जा रहा है। चोट से वापसी कर रहे ड्रैग फ्लिकर वरुण कुमार भी शिविर में हिस्सा लेंगे। यह शिविर भुवनेश्वर में लगाया जायेगा। शिविर में पी.आर. श्रीजेश, कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा, हरमनप्रीत सिंह, सुरेंद्र कुमार, वीरेंद्र लाकड़ा, रूपिंदर पाल सिंह, गुरिंदर सिंह, अमित रोहिदास, कोथाजीत सिंह, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, नीलकांता शर्मा, विवेक सागर प्रसाद, चिंगलेनसाना सिंह, दिलप्रीत सिंह, राजकुमार पाल, नीलम संदीप जेस, दिप्सन तिर्की, एस.वी. सुनील, आकाशदीप सिंह, रमनदीप सिंह, सिमरनजीत सिंह, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, गुरसाहिब जीत सिंह, शमशेर सिंह, जर्मनप्रीत सिंह, जसकरण सिंह, गुरजंत सिंह, सुमित और वरुण कुमार हिस्सा लेंगे।

भारत ने न्यूजीलैंड में पहली बार जीती ट्वेंटी-20 सीरीज

वेलिंग्टन, बेहतरीन फॉर्म में चल रही भारतीय क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड में शानदार प्रदर्शन करते हुये पांच मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज 4-0 से अपने नाम की है। भारत ने इस सीरीज में लगातार दो मैच सुपर ओवर में जीतकर इतिहास रचा है। इसके साथ ही भारत ने न्यूजीलैंड में पहली बार ट्वेंटी-20 सीरीज जीती है।

न्यूजीलैंड ने चौथे मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। सीरीज में पहली बार खेल रहे संजू सैमसन (8) मौके का फायदा नहीं उठा पाये और जल्द पवेलियन लौट गये। वहीं के.एल. राहुल (39) भी अपनी पारी को लंबी नहीं बना पाये। भारतीय टीम 88 रन पर 6 विकेट गवां कर संकट में आ गयी थी। इसके बाद मनीष पाण्डेय (50) और शार्दुल ठाकुर (20) ने सातवें विकेट के लिये 43 रन की साझेदारी कर भारत को 165 रन के स्कोर तक पहुंचाया।

भारत ने चुनौतीपूर्ण स्कोर के जवाब में न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही। मार्टिन गुप्टिल (4) रन बनाकर जल्द आउट हो गये। इसके बाद कोलिन मुनरो (64) और टिम सेइफर्ट (57) ने दूसरे विकेट के लिये 74 रन जोड़कर न्यूजीलैंड को मजबूत स्थिति में ला दिया। मुनरो के बाद रॉस टेलर (24) ने भी बढ़िया पारी खेली।

शार्दुल ने पलटी बाजी

न्यूजीलैंड को आखिरी ओवर में जीत के लिये महज 7 रन बनाने थे, लेकिन शार्दुल ठाकुर ने सिर्फ 6 रन दिये और 2 विकेट लिये तथा 2 रन आउट किये। न्यूजीलैंड की टीम 20 ओवर में 165 रन ही बना सकी।

- भारत ने सीरीज का पहला मैच 6 विकेट तथा दूसरा मैच 7 विकेट से जीता।
- ट्वेंटी-20 क्रिकेट में बतौर कप्तान सबसे अधिक रन बनाने के मामले में विराट (1137) ने महेन्द्र सिंह धोनी को पीछे छोड़ा।
- भारत और न्यूजीलैंड के बीच अब तक 15 ट्वेंटी-20 मैच खेले गये हैं, इनमें से न्यूजीलैंड ने 8 तथा भारत ने 5 मैच जीते हैं, वहीं दो मैच टाई रहे हैं। जिन्हें भारत ने सुपर ओवर में जीता।
- अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में यह पहला अवसर है जब किसी टीम ने लगातार दो मैच सुपर ओवर में जीते हैं।

सुपर ओवर का रोमांच

सुपर ओवर में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी की और 13 रन बनाये। सुपर ओवर में टिम सेइफर्ट ने 8 तथा कोलिन मुनरो ने 5 रन बनाये। भारतीय टीम सुपर ओवर में न्यूजीलैंड पर पूरी तरह हावी रही। के.एल. राहुल ने पहली गेंद पर छक्का और दूसरी गेंद पर चौका लगाकर न्यूजीलैंड को दबाव में ला दिया। इसके बाद राहुल आउट हो गये, वहीं विराट कोहली ने अगली दो गेंदों पर 6 रन बनाकर भारत की जीत पर मुहर लगी दी।

तीसरा मैच रहा सुपर रोमांचक

सीरीज का तीसरा मैच भी बेहद रोमांचक रहा। मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी कर 179 रन बनाये। इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम भी 179 रन ही बना सकी। इसके सुपर ओवर में न्यूजीलैंड ने 17 रन बनाये। भारत के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने सुपर ओवर में पांचवीं और छठवीं गेंद पर लगातार दो छक्के लगाकर भारत को जीत दिलाई।

मध्यप्रदेश के रवि ने रणजी ट्रॉफी में रचा इतिहास

इंदौर, मध्यप्रदेश के रवि यादव ने रणजी ट्रॉफी में नया इतिहास रचा है। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपने पहले ओवर में हैट्रिक लेने वाले रवि पहले भारतीय क्रिकेटर बन गये हैं। इंदौर में मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के बीच रणजी ट्रॉफी का मैच खेला गया, जो कि रवि का पदार्पण मैच है। रवि ने अपने पहले ही ओवर में आर्यन जुयाल, अंकित राजपूत और समीर रिजवी को लगातार गेंदों में आउट कर हैट्रिक पूरी की।

नेत्रा ने सेलिंग विश्वकप में जीता पदक

मियामी, भारत की सेलर नेत्रा कुमानन ने अमेरिका में आयोजित सेलिंग विश्वकप में पदक जीतकर इतिहास रचा है। नेत्रा ने हेंपेल विश्व सीरीज में राउंट टू में कांस्य पदक जीता। वे सेलिंग विश्वकप में पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। नेत्रा अब आबुधाबी में 15 से 22 मार्च तक आयोजित होने वाली एशियन सेलिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगी।

पाकिस्तान ने ट्वेंटी-20 सीरीज में बांग्लादेश को हराया

लाहौर, पाकिस्तान ने बांग्लादेश को तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज में 2-0 से हराया है। सीरीज का पहला मैच पाकिस्तान ने 5 विकेट और दूसरा मैच 9 विकेट से जीता। वहीं तीसरा मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश की टीम कई वर्षों के बाद पाकिस्तान में सीरीज खेलने गई है।

इंग्लैंड ने रचा इतिहास

पांच लाख टेस्ट रन बनाने वाली पहली टीम बनी

जोहान्सबर्ग, वन-डे क्रिकेट की विश्व चैंपियन इंग्लैंड ने टेस्ट क्रिकेट में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इंग्लैंड की टीम टेस्ट क्रिकेट में 5 लाख रन बनाने वाली विश्व की पहली टीम बन गई है। इंग्लैंड ने यह उपलब्धि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गये जोहान्सबर्ग टेस्ट के दौरान हासिल की। इंग्लैंड ने इस मैच को 191 रनों से जीत कर चार मैचों की टेस्ट सीरीज को 3-1 से अपने नाम किया।

इंग्लैंड ने मैच में टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी की। इंग्लैंड ने जैक क्राउले (66), जो रूट (59) और ओली पोप (56) की अर्धशतकीय पारियों के बदौलत पहली पारी में 400 रन बनाये। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम पहली पारी में 183 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीका के लिये क्विंटन डिकॉक (76) ने एकतरफा संघर्ष किया।

217 रनों की लीड हासिल करने के बाद इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 248 रन बनाये और दक्षिण अफ्रीका के सामने 466 रनों का लक्ष्य रखा। दूसरी पारी में भी दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज नाकाम रहे और 274 रन ही बना सके। दक्षिण अफ्रीका के लिये वान डर डुसेन (98), क्विंटन डि कॉक (39) और फाफ डु प्लेसिस (35) ने उपयोगी पारियां खेलीं।

- इंग्लैंड ने 1022 टेस्ट मैचों में 5 लाख रन बनाये हैं।
- ऑस्ट्रेलिया ने 830 टेस्ट मैचों में 4,32,706 रन तथा भारत ने 540 टेस्ट मैचों में 2,73,518 रन बनाये हैं।
- ऑस्ट्रेलिया ने सबसे ज्यादा 393 टेस्ट मैच जीते हैं।
- विदेशी धरती पर इंग्लैंड ने सर्वाधिक 500 टेस्ट मैच खेले हैं।
- भारत ने विदेश धरती पर 268 टेस्ट खेले हैं, इनमें से 51 मैचों में जीत दर्ज की है।

आईसीसी अंडर-19 विश्वकप

सेमीफाइनल में होगी भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत

पोचेफस्ट्रूम, भारत की अंडर-19 क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका में आयोजित आईसीसी अंडर-19 विश्वकप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। सेमीफाइनल में भारत का सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से 4 फरवरी को होगा। भारत ने पहले क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 74 रनों से हराया।

मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। यशस्वी जायसवाल (62) और दिव्यांश सक्सेना (14) ने भारत को अच्छी शुरुआत दिलाते हुये पहले विकेट के लिये 35 रन जोड़े। इसके बाद भारत के कुछ विकेट जल्द ही गिर गये। मध्यक्रम में सिद्धेश वीर (25), अथर्व अंकोलेकर (55) और रवि बिश्नोई (30) ने उपयोगी पारियां खेलकर भारत को 9 विकेट पर 233 रनों तक पहुंचाया।

आसान लक्ष्य के जवाब में ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही। पहले ओवर में ही ऑस्ट्रेलिया के तीन विकेट गिर गये। इस झटके से ऑस्ट्रेलियाई टीम अंत तक उबर नहीं पाई। हालांकि सैम फेनिंग (75) और लियम स्कॉट (35) ने संभलकर बल्लेबाजी की, लेकिन वे ऑस्ट्रेलिया को संकट से उबार नहीं पाये। ऑस्ट्रेलियाई टीम 43.3 ओवरों में 159 रनों पर ऑल आउट हो गई।

- अंडर-19 विश्वकप में भारत की यह लगातार 10वीं जीत है, इस मामले में भारत ने ऑस्ट्रेलिया (9) को पीछे छोड़ा।
- भारत ने नौवीं बार अंडर-19 विश्वकप के सेमीफाइनल में जगह बनाई है।
- अंडर-19 यूथ क्रिकेट में 200 मैच जीतने का बनाया रिकॉर्ड।

रानी रामपाल

वर्ल्ड गेम्स एथलीट ऑफ द ईयर चुनी गईं

नई दिल्ली, भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल को वर्ल्ड गेम्स एथलीट ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिये चुना गया है। यह पुरस्कार हासिल करने वाली वे पहली भारतीय हैं। 'द वर्ल्ड गेम्स' ने विजेता की घोषणा करते हुये कहा कि रानी रामपाल भारतीय हॉकी की स्टार खिलाड़ी हैं। रानी 199477 वोट के साथ एथलीट ऑफ द ईयर चुनी गई हैं।

इस पुरस्कार के रेस में यूक्रेन की कराटे खिलाड़ी स्टेनिस्लाव होरूना दूसरे तथा कनाडा की पावरलिफ्टिंग विश्व चैंपियन रिया स्टिन तीसरे स्थान पर रही। होरूना को 92539 तथा स्टिन को 56655 वोट मिले। इस वर्ष कुल 705610 लोगों ने वोट किये।

अवॉर्ड जीतने के बाद रानी ने कहा कि मेरे लिये यह गर्व और सम्मान की बात है। यह अवॉर्ड मेरी टीम और देश के लिये है। यह देखकर अच्छा लगता है, जब देश के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी आपके खेल की तारीफ होती है। हमारी टीम के लिये वर्ष 2019 शानदार रहा। क्योंकि हमने टोक्यो ओलिंपिक के लिये क्वालिफाई किया है, अब हम वर्ष 2020 को भी यादगार बनायेंगे।

- वर्ल्ड गेम्स एथलीट ऑफ द ईयर के लिये 25 खेलों के 25 खिलाड़ी नामित किये गये थे।
- रानी ने भारत के लिये 226 मैच खेले हैं और 112 गोल किये हैं।
- रानी को हाल ही में पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया गया है।

एमसीसी की विश्व क्रिकेट समिति में शामिल हुये कुक

लंदन, क्रिकेट के नियम बनाने वाली संस्था मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) की विश्व क्रिकेट समिति में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक नये सदस्य बनाये गये हैं। कुक के अलावा वेस्टइंडीज के रिकी स्केरिट भी समिति में शामिल किये गये हैं। एमसीसी विश्व क्रिकेट समिति के अध्यक्ष माइक गेटिंग ने कहा कि कुक और रिकी दोनों ने विश्व क्रिकेट समिति से जुड़ने के हमारे निमंत्रण को स्वीकार किया है। यह समिति खेल के अहम मुद्दों पर चर्चा करने के लिये वर्ष में दो बार बैठक करती है। उल्लेखनीय है कि एलिस्टर कुक इंग्लैंड के लिये सर्वाधिक टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

पाठकों के लिए 'हमसे पूछिये' स्तम्भ का प्रकाशन किया जा रहा है। इस स्तम्भ के लिये 'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों से कॅरियर संबंधी सवाल आमंत्रित किये जाते हैं।

इन सवालों के जवाब प्रोफेसर जयंतीलाल भंडारी देते हैं। पाठक अपने सवाल नीचे दिये गये पते पर भेजकर कॅरियर संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पाठक पत्र लिखते समय पोस्टकार्ड या लिफाफे के ऊपर 'हमसे पूछिये' कॉलम जरूर लिखें।

रोज़गार और निर्माण
(हमसे पूछिये)
40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश
पिनकोड-462 011

❍ मैं मध्यप्रदेश प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा-2020 की तैयारी कर रही हूँ। कृपया मुझे इस परीक्षा में सफलता हेतु मार्गदर्शन प्रदान करें?

- मोनिका शर्मा, धार

● यकीनन शिक्षक नई पीढ़ी का पथ प्रदर्शक तथा राष्ट्र निर्माता होता है।

देश और दुनिया में ऊँचाइयों पर पहुँचे कई लोगों ने अपने कॅरियर की शुरुआत प्राथमिक स्कूल के शिक्षक के रूप में ही की है। जो युवक एवं युवतियाँ प्राथमिक शिक्षक के रूप में कॅरियर की शुरुआत करना चाहते हैं, उन्हें प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल द्वारा मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षक विभाग के अन्तर्गत आयोजित की जा रही प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा 2020 की अच्छी तैयारी पर ध्यान देना चाहिए। मध्यप्रदेश प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा 2020 की सफल तैयारी के लिए सबसे पहले इस परीक्षा के पाठ्यक्रम को अच्छी तरह समझा जाना चाहिए। इस परीक्षा में 150 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक-एक अंक निर्धारित है। यानी कुल 150 अंकों का प्रश्न पत्र होगा। इनमें बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र के 30 प्रश्न, भाषा-1 के 30 प्रश्न, भाषा-2 के 30 प्रश्न, गणित के 30 प्रश्न तथा पर्यावरण अध्ययन अर्थात ईवीएस के 30 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएँगे। ध्यान रखें कि इस परीक्षा में ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं किया जाता है इसलिए सभी प्रश्नों का उत्तर दें। मध्यप्रदेश प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा के पाठ्यक्रम के पांच खंड हैं और प्रत्येक के लिए समान अंक हैं। अतएव आप पांचों खंडों पर समान रूप से ध्यान दें। खासतौर पर गणित खंड पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इस खंड में संख्यात्मक गणनाओं के प्रश्नों में गति एवं शुद्धता अति आवश्यक है इसलिए इस प्रकार के मॉडल प्रश्नों का बारम्बार अभ्यास करें। इस परीक्षा के भाषा-1 तथा भाषा-2 के खंडों का उद्देश्य भाषा ज्ञान की परीक्षा करना है। इन खंडों की तैयारी हेतु आप पांचवीं कक्षा से 10वीं कक्षा तक की माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल की व्याकरण की पुस्तकों का अध्ययन करें। बाल विकास तथा शिक्षाशास्त्र के प्रश्नों की तैयारी के लिए डीएड की बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र से संबंधित पुस्तकों का गहन अध्ययन करें। पर्यावरण अध्ययन अर्थात ईवीएस की तैयारी के लिए प्राथमिक विद्यालयों में चलने वाली ईवीएस की पुस्तकों का अध्ययन अवश्य करें।

❍ मैं डबिंग आर्टिस्ट बनना चाहता हूँ, कृपया जानकारी प्रदान करें?

- मोहित खंडेलवाल, रतलाम

● वर्तमान समय में टेलीविजन तथा फिल्म इंडस्ट्री बहुत तेजी से प्रगति कर रही है। अंग्रेजी भाषा सहित विभिन्न भाषाओं की फिल्में तथा टेलीविजन सीरियल्स हिन्दी भाषा में डब किए जा रहे हैं, जिसके चलते डबिंग आर्टिस्टों की देश में भारी मांग है। देश में अधिकांशतः बड़े टीवी सीरियल अथवा फिल्में वास्तविक रूप से हिन्दी में ही तैयार की जाती हैं। बाद में उन्हें विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में डब कर दिया जाता है। इस प्रक्रिया के लिए डबिंग आर्टिस्ट का सहारा लिया जाता है। वैसे तो डबिंग के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए कोई विशेष मापदंड तय नहीं हैं, फिर भी यदि बारहवीं के बाद विद्यार्थी इस फील्ड में कदम रखते हैं तो कई तकनीकी चीजें उसकी सहायता करती हैं। डबिंग का कोर्स करने के उपरांत व्यवहारिक ज्ञान प्रोडक्शन हाउस या स्टूडियो से ही सीखा जाता है। डबिंग में सबसे ज्यादा जरूरी प्रोफेशनल्स स्किल्स हैं, जिनके दम पर सटीक डबिंग की जाती है। लैंग्वेज पर परफेक्ट कमांड, उत्साही प्रवृत्ति, कम्प्यूटर पर घंटों कार्य करने की क्षमता, विजुअलाइजेशन संबंधी गुण, शब्दों का सही उच्चारण, समय-सीमा, आँख तथा कानों को हमेशा खुला रखने की आदत एवं तकनीकी अभिरुचि इस क्षेत्र में बहुत आगे तक ले जाती है। कई विश्वविद्यालय तथा कॉलेज डबिंग का कोर्स संचालित करते हैं। किसी अच्छे संस्थान से डबिंग का कोर्स करने के उपरांत आप डबिंग आर्टिस्ट के रूप में ऑडियो पोस्ट प्रोडक्शन हाउस में नौकरी करके अपने कॅरियर की शुरुआत कर सकते हैं। देश के कुछ बड़े फिल्म तथा टेलीविजन प्रोडक्शन हाउस इन दिनों डबिंग डिपार्टमेंट का इसलिए तेजी से विस्तार कर रहे हैं, ताकि उनके द्वारा तैयार कार्यक्रम और फिल्म को कई भाषाओं में डब करके पूरे देश अथवा विदेशों में वितरित किया जा सके। उल्लेखनीय है कि टीवी सीरियलों में डबिंग आर्टिस्ट को 2500 से 4000 रुपये प्रति एपिसोड दिए जाते हैं, परन्तु उनकी काबिलियत को देखते हुए यह राशि 10,000 रुपये प्रति एपिसोड तक भी पहुँच जाती है। फिल्मों में किसी अकेले कलाकार की आवाज डब करके प्रोफेशनल्स एक लाख रुपये तक कमा सकते हैं।

डबिंग का कोर्स कराने वाले देश के प्रमुख संस्थान हैं

- एशियन एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन, नोएडा, उत्तरप्रदेश।
- आइसोमेस वीएजी फिल्म्स, नोएडा, उत्तरप्रदेश।
- जेधियर इंस्टीट्यूट ऑफ कम्युनिकेशन, मुंबई।
- ईएमडीआई इंस्टीट्यूट, मुंबई।

❍ एनवायरमेंट मैनेजमेंट में मास्टर ऑफ साइंस कोर्स कहाँ से किया जा सकता है?

- निखिल वर्मा, सिंगरौली

● फॉरेस्ट रिसर्च यूनिवर्सिटी, देहरादून से एनवायरमेंट मैनेजमेंट का मास्टर

ऑफ साइंस कोर्स करने हेतु संबंधित स्ट्रीम से बीई, बीटेक या बैचलर डिग्री आवश्यक है। छात्रों को एडमिशन संस्थान द्वारा आयोजित एंट्रेंस टेस्ट के स्कोर के आधार पर दिया जाता है।

❍ मैं धीरूभाई अंबानी इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी, गाँधीनगर से आईटी के मास्टर ऑफ साइंस कोर्स में प्रवेश लेना चाहता हूँ। कृपया जानकारी प्रदान करें?

- तन्मय भावसार, डिंडोरी

● धीरूभाई अंबानी इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन

टेक्नोलॉजी, गाँधीनगर से इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (आईटी) के मास्टर ऑफ साइंस कोर्स में प्रवेश हेतु 60 फीसदी अंकों के साथ संबंधित स्ट्रीम से बैचलर डिग्री करने वाले छात्र आवेदन कर सकते हैं। छात्रों को एडमिशन संस्थान द्वारा आयोजित एंट्रेंस टेस्ट के स्कोर के आधार पर प्रदान किया जाता है।

❍ मैं अपैरल मैनेजमेंट के क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहती हूँ। कृपया मार्गदर्शन प्रदान करें।

- प्रियंका काले, वड़वानी

● वर्तमान समय में अपैरल मैनेजमेंट के प्रोफेशनल्स युवाओं की मांग का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अपैरल मैनेजमेंट से संबंधित विषय में ग्रेजुएट उम्मीदवार को कैम्पस प्लैसमेंट से ही अच्छी नौकरी मिल जाती है। गौरतलब है कि बेहतरीन क्वालिटी के कपड़ों तथा टेक्नोलॉजी में रुचि रखने वाले युवा फैशन इंडस्ट्री का आधार स्तंभ मानी जाने वाली अपैरल इंडस्ट्री का हिस्सा बनकर अपने भविष्य को बेहतर आयाम दे सकते हैं। वास्तव में अपैरल इंडस्ट्री, टेक्सटाइल्स, फैशन और टेक्नोलॉजी का मिला-जुला रूप है। फैशन डिजाइनिंग में जहाँ सिर्फ क्रिएटिविटी और नए डिजाइन तैयार करने पर जोर दिया जाता है, वहीं अपैरल इंडस्ट्री में प्रोडक्शन से लेकर मार्केटिंग तक सभी दायित्व संभालने पड़ते हैं। इस वजह से इस फील्ड में सफल होने के लिए पूरी तरह से प्रोफेशनल एप्रोच का होना अतिआवश्यक है। मल्टीटास्किंग, कम्युनिकेशन स्किल्स, डेडलाइन्स को पूरा करने का जुनून, अत्यंत विपरीत परिस्थितियों में भी संयम बनाए रखना तथा चुनौतियों का सामना करने का जज्बा ही इस क्षेत्र में ऊँचाई पर ले जाता है। अपैरल मैनेजमेंट के क्षेत्र में अच्छा कॅरियर बनने के लिए निम्न में से कोई एक कोर्स करना उपयुक्त रहेगा। बैचलर इन फैशन टेक्नोलॉजी (बीएफटेक), बीएससी इन फैशन टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (बीएससी-एफटेक), बैचलर इन अपैरल प्रोडक्शन, बैचलर इन फैशन मैनेजमेंट, बैचलर इन फैशन मार्केटिंग, बैचलर इन अपैरल मर्चेंडाइजिंग, मास्टर इन फैशन टेक्नोलॉजी (एमएफटेक)। अपैरल मैनेजमेंट के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए अपैरल प्रोडक्शन, अपैरल मर्चेंडाइजिंग, फैशन मैनेजमेंट, फैशन मार्केटिंग, अथवा फैशन टेक्नोलॉजी में बैचलर या मास्टर डिग्री की भी भारी मांग है। इस क्षेत्र में बैचलर डिग्री अथवा मास्टर डिग्री करने के बाद किसी बड़ी मर्चेंडाइज्ड कंपनी या बड़े अपैरल प्रोडक्शन हाउस में बतौर सुपरवाइजर काम की शुरुआत की जा जा सकती है। अपैरल प्रोडक्शन कार्य में दक्ष होने के बाद अपैरल मैनेजर और सीनियर मैनेजर जैसे पदों पर काम करने का अवसर मिलता है।

अपैरल मैनेजमेंट का कोर्स कराने वाले देश के प्रमुख संस्थान हैं-

- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) (देश भर में स्थित विभिन्न कैंपस में)।
- जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, गोवा, हैदराबाद, बैंगलुरु।
- भरथियार यूनिवर्सिटी, कोयंबटूर।

इसके अलावा भी देशभर में कई अन्य सरकारी तथा प्रायवेट संस्थानों में अपैरल मैनेजमेंट से जुड़े विभिन्न रोज़गारोन्मुखी कोर्स संचालित किए जा रहे हैं।

❍ मैं ऑपरेशन प्रबंधन में दूरस्थ माध्यम से पीजी डिप्लोमा कोर्स करना चाहता हूँ। यह कोर्स कहाँ से किया जा सकता है?

- हेमंत मदान, पन्ना

● ऑपरेशन प्रबंधन में दूरस्थ माध्यम से पीजी डिप्लोमा कोर्स इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली से किया जा सकता है। न्यूनतम 50 फीसदी अंकों के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण छात्र इस कोर्स हेतु आवेदन कर सकते हैं। छात्रों को एडमिशन क्वालिफाइंग एग्जामिनेशन और एकेडमिक परफॉर्मेंस के आधार पर दिया जाता है।

❍ मैं भोपाल स्थित नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी के बीए-एलएलबी कोर्स में प्रवेश लेना चाहती हूँ। कृपया जानकारी प्रदान करें?

- हर्षिका रस्तोगी, अशोकनगर

● न्यूनतम 50 फीसदी अंकों के साथ किसी भी स्ट्रीम से बैचलर डिग्री करने



वाले छात्र नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी, भोपाल के बीए-एलएलबी कोर्स हेतु आवेदन कर सकते हैं। छात्रों को एडमिशन क्लैट एग्जाम के स्कोर के आधार पर मिलता है।

❍ मैं स्कल्पचर के क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहता हूँ। कृपया मार्गदर्शन प्रदान करें?

- अमित मुंदड़ा, भिंड

● कोई भी शिल्पकार अपने स्कल्पचर को लकड़ी, धातु या मिट्टी जैसे

माध्यमों से खास आकार देता है। इसमें स्मारक, कीर्ति स्तंभ, मानव मूर्ति और अन्य अनेक प्रकार का शिल्प शामिल है। एक शिल्पकार सामान्यतः स्कल्पचर बनाने के लिए सीमेंट कंक्रीट, सफेद ताँबा, प्लास्टर ऑफ पेरिस या मिट्टी का प्रयोग करता है। वर्तमान में समुद्र के किनारे रेत से तथा बर्फीले क्षेत्रों में बर्फ से स्कल्पचर बनाने का चलन भी जोरों पर है और अब तो मोम के स्कल्पचर भी बनाए जाने लगे हैं। इसलिए आज देश के साथ-साथ विदेशों में भी शिल्पकारों के लिए रोज़गार के असीमित अवसर उपलब्ध हैं। बारहवीं कक्षा के बाद आप स्कल्पचर में बैचलर ऑफ फाइन आर्ट की डिग्री ले सकते हैं। इसके लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अभिरुचि परीक्षा में उत्तीर्ण होने के पश्चात इस पाठ्यक्रम में प्रवेश मिल पाता है। बैचलर ऑफ फाइन आर्ट में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के बाद आप मास्टर ऑफ फाइन आर्ट की डिग्री ले सकते हैं। अनेक संस्थानों द्वारा स्कल्पचर के क्षेत्र में डिप्लोमा कोर्स भी कराए जाते हैं। स्कल्पचर के क्षेत्र में अवसरों की कोई कमी नहीं है। जिन लोगों का प्राकृतिक रूप से कला की ओर झुकाव हो, वे अपनी कला को विकसित कर स्कल्पचर के क्षेत्र में महारत हासिल कर अपना नाम रोशन कर सकते हैं। स्कल्पचर में विशेषज्ञता प्राप्त करने के बाद किसी सरकारी अथवा निजी स्कूल एवं कॉलेज में क्राफ्ट टीचर के रूप में कार्य किया जा सकता है। विभिन्न संग्रहालयों में मूर्तियों के मेंटेनेंस के लिए भी शिल्पकारों को रखा जाता है। कलाकार स्वतंत्र रूप से कार्य करके विभिन्न प्रकार के डिजाइन बनाकर एक साथ कई लोगों और संस्थानों के लिए डिजाइनिंग का काम कर सकते हैं। शिल्पकार अपनी आर्ट गैलरी भी खोल सकते हैं, जिसमें अपने डिजाइन और स्कल्पचर्स को अपनी इच्छानुसार बेच सकते हैं।

स्कल्पचर से संबंधित प्रशिक्षण देने वाले प्रमुख संस्थान इस प्रकार हैं -

- फाइन आर्ट कॉलेज, इंदौर।
- आईपीएस एकेडमी, इंदौर।
- जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट, मुंबई।
- कॉलेज ऑफ आर्ट, तिलक मार्ग, नई दिल्ली।
- विश्व भारती विश्वविद्यालय, शान्ति निकेतन, पश्चिम बंगाल।
- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र, हरियाणा।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी
(स्तंभकार देश के सीनियर कॅरियर काउंसलर हैं)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक संजय कुमार शुक्ल, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं सांध्य प्रकाश लिमिटेड, एफ-14, गोविन्दपुरा, औद्योगिक क्षेत्र, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।